फाल्गुन शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 18 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -53, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रिटेन में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या दोगुनी 16

करीना, कृति और तब्बू की 'क्रू' जर्नी शुरू 15




## एक नजर

### सीयूईटी-स्नातक परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा- स्नातक (सीयूइटी-यूजी) पूर्व घोषित कार्यक्रम 15 से 31 मई के बीच होगी लोकसभा चुनाव की तारीखों की वजह से इसमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। यह घोषणा यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने रविवार को की।

# दत्तात्रेय होसबोले फिर चुने गए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह


राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नागपुर मुख्यालय में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने तीन दिन के मंथन के बाद अहम प्रस्तावों को स्वीकृति देते हुए रविवार को दत्तात्रेय होसबोले को पुनः तीन वर्ष के लिए सरकार्यवाह चुन लिया। बाद में उनकी ओर से राष्ट्रीय कार्यकारिणी में छह सह सरकार्यवाह नियुक्त किए गए। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा समेत उत्तर क्षेत्र व पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में भी कई परिवर्तन हुए हैं।

संघ में जनरल सेक्रेटरी (महासचिव) को सरकार्यवाह कहते हैं। सरसंघचालक (प्रमुख) के बाद दूसरा सबसे बड़ा पद सरकार्यवाह का ही होता है। दत्तात्रेय होसबाले 2021 से सरकार्यवाह की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। छह साल के अंतराल के बाद आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय वार्षिक बैठक 15 मार्च को मुख्यालय नागपुर में शुरू हुई थी। रविवार अपराह्न सरसंघचालक मोहन भागवत के पाथेय के बाद बैठक का समापन हुआ। बैठक में सभी 45 प्रांतों से 1500 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित हुए। संघ की कार्यकारिणी के पुनर्गठन में डॉ. मनमोहन वैद्य को सह सरकार्यवाह के पद से मुक्त कर दिया गया। जबकि छह सह सरकार्यवाह नियुक्त किए गए हैं। कार्यकारिणी में पुनः सरकार्यवाह चुने गए दत्तात्रेय होसबाले द्वारा कृष्ण गोपाल, मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त चक्रधर, अतुल लिमये और आलोक कुमार को सह सरकार्यवाह नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि सह सरकार्यवाह आलोक कुमार अभी तक अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख तथा अतुल लिमये पश्चिम क्षेत्र प्रचारक का दायित्व देख रहे थे।

इसके साथ ही दिल्ली प्रांत कार्यवाह भारत भूषण को अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख नियुक्त किया गया है, जबकि अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रामेश्वर को शामिल किया गया है। इसके अलावा नवल को अखिल भारतीय गौ सेवा और अनिल ओंक को अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख (अब केंद्र जयपुर होगा) बनाया गया है।

### अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा, उत्तर क्षेत्र व पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में बदलाव



#### संघ के उत्तर क्षेत्र में हुए यह बदलाव

जतिन को उत्तर क्षेत्र प्रचारक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा भनवीर को क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, रोशन लाल को क्षेत्र कार्यवाह उत्तर क्षेत्र, गेंदालाल को सह क्षेत्र कार्यवाह उत्तर क्षेत्र, योगेन्द्र को सह सम्पर्क प्रमुख, सुरेंद्र पाल को प्रांत प्रचारक हरियाणा, विजयानंद को प्रांत प्रचारक जोधपुर प्रांत, विशाल को सह प्रांत प्रचारक जयपुर प्रांत, धर्मेन्द्र को सह प्रांत प्रचारक चित्तौड़, विक्रांत को सह संघचालक जम्मू कश्मीर, अवतार को प्रांत कार्यवाह जम्मू कश्मीर, अजय को सह प्रांत कार्यवाह जम्मू कश्मीर नियुक्त किया गया है।

#### हरीश रौतेला पदोन्नत, सह क्षेत्र संपर्क प्रमुख बने



संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र से संबंधित भी कई बदलाव किए गए हैं। कृष्ण मोहन को क्षेत्र संघचालक, पूर्वी क्षेत्र बनाया गया है। इस दायित्व पर रहे सीए वीरेंद्रजीत को मुक्त कर दिया गया। अजय को क्षेत्र पर्यावरण प्रमुख पूर्वी क्षेत्र बनाया गया है। कानपुर वाले रमेश को सह-प्रांत प्रचारक कानपुर से प्रांत प्रचारक काशी बनाया गया है। प्रांत प्रचारक काशी रहे रमेश को अब प्रांत प्रचारक गोरक्ष (गोरखपुर) प्रांत बनाया गया है। युद्धवीर को क्षेत्र सेवा प्रमुख, पूर्वी उत्तर प्रदेश, अनिल श्रीवास्तव को सह क्षेत्र कार्यवाह, रामकेश को प्रांत कार्यवाह कानपुर, सुभाष को क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, मुनीश को सह प्रांत प्रचारक कानपुर बनाया गया है। ब्रज प्रांत के हरीश रौतेला को प्रोन्नति देकर सह क्षेत्र संपर्क प्रमुख बनाया गया। अवध प्रांत प्रचारक कौशल अवध प्रांत में ही रहेंगे, धर्मेंद्र ब्रज प्रांत के प्रचारक नियुक्त हुए हैं।

# चुनावी बॉण्ड से भाजपा को सबसे अधिक 6,986 करोड़ रुपये मिले

## लाभ पाने में टीएमसी दूसरे, कांग्रेस तीसरे और बीआरएस तीसरे स्थान पर

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड को लेकर नए आंकड़े रविवार को सार्वजनिक किए। यह आंकड़े आयोग ने सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट को सौंपे थे। कोर्ट ने बाद में इन्हें आयोग की वेबसाइट पर सार्वजनिक करने के निर्देश दिए थे। माना जा रहा है कि ये आंकड़े (विवरण) 12 अप्रैल, 2019 से पहले की अवधि से संबंधित हैं। अब रद हो चुके चुनावी बॉण्ड के शीर्ष खरीदार फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज ने इसके माध्यम से तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक को 509 करोड़ रुपये का दान दिया। भाजपा को 2018 में चुनावी बॉण्ड योजना के लागू होने के बाद से सबसे अधिक 6,986.5 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हुई। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) (1,397 करोड़ रुपये), कांग्रेस (1,334 करोड़ रुपये) और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) (1,322 करोड़ रुपये) का स्थान रहा।




- निर्वाचन आयोग ने सार्वजनिक किए चुनावी बॉण्ड से संबंधित नए आंकड़े

ओडिशा की सत्तारूढ़ पार्टी बीजद को 944.5 करोड़ रुपये मिले। इसके बाद द्रमुक ने 656.5 करोड़ रुपये और आंध्र प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी वाईएसआर कांग्रेस ने लगभग 442.8 करोड़ रुपये के बॉण्ड भुनाए। गैर सरकारी संगठन, एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा संकलित एक पूर्व रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2018 से जनवरी 2024 तक 16,518 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड बेचे गए थे। दोनों आंकड़ों को मिलाकर अनुमान लगाया गया है कि योजना की पूरी अवधि के दौरान भाजपा को कुल 7,700 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है।

रविवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जनता दल (सेक्युलर) को 89.75 करोड़ रुपये के बॉण्ड मिले। फ्यूचर गेमिंग कंपनी 1,368 करोड़ रुपयों के साथ चुनावी बॉण्ड की सबसे बड़ी खरीदार थी, जिसमें से लगभग 37 प्रतिशत द्रमुक को गया। द्रमुक के अन्य प्रमुख दानदाताओं में मेघा इंजीनियरिंग 105 करोड़ रुपये, इंडिया सीमेंट्स 14 करोड़ रुपये और सन टीवी 100 करोड़ रुपये शामिल हैं।

तेदेपा ने 181.35 करोड़ रुपये, शिवसेना ने 60.4 करोड़, राजद ने 56 करोड़, सपा ने 14.05 करोड़ प्राप्त किए। अकाली दल ने 7.26 करोड़, अन्नाद्रमुक ने 6.05 करोड़, नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 50 लाख रुपये के बॉण्ड भुनाए। आम आदमी पार्टी को 65.45 करोड़ रुपये मिले थे, जबकि निर्वाचन आयोग में दी गई जानकारी के बाद उसे 3.55 करोड़ रुपये और मिलने का अनुमान है, जिससे कुल दान 69 करोड़ रुपये हो गया।

### बॉण्ड एक प्रयोग, कितना फायदेमंद रहा समय बताएगा

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने रविवार को कहा कि चुनावी बॉण्ड एक प्रयोग है और वक्त आने पर पता चलेगा कि यह कितना फायदेमंद और प्रभावी रहा। चुनावी बॉण्ड मुद्दे पर जतायी जा रही चिंताओं और लाभ पाने के लिए इन्हें खरीदने के दावों के बारे में होसबाले ने कहा कि संघ ने अभी तक इसके बारे में चर्चा नहीं की है क्योंकि चुनावी बॉण्ड एक प्रयोग है। उन्होंने कहा कि यह नियंत्रण और संतुलन के साथ किया गया और ऐसा नहीं है कि चुनावी बॉण्ड आज अचानक पेश किए गए, ऐसी योजना पहले भी लाई गई थी। जब भी कोई बदलाव होता है तो सवाल उठाए जाते हैं। जब ईवीएम लाई गई थीं तब भी सवाल उठाए गए थे। जब नयी चीजें आती हैं तो लोगों का सवाल उठाना स्वाभाविक है।

## यूट्यूबर एल्विश यादव गिरफ्तार

- सांप के जहर के इस्तेमाल का मामला

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने यहां एक पार्टी में नशे के लिए सांप के जहर के संदिग्ध इस्तेमाल की जांच के संबंध में यूट्यूबर एल्विश यादव को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। यादव पिछले साल तीन नवंबर को यहां सेक्टर-49 थाने में दर्ज प्राथमिकी में नामजद छह आरोपियों में से एक हैं। मामला वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के तहत दर्ज किया गया था। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (नोएडा) ने बताया कि जांच कर रही टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी के विजेता यादव ने मामले में संलिप्तता के आरोपों से इनकार किया है।

# छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम बघेल पर रिपोर्ट

रायपुर, एजेंसी

- महादेव सट्टा एप मामले में 18 अन्य के खिलाफ एफआईआर
- छह हजार करोड़ रुपये का है पूरा मामला, ईडी कर रही जांच

छत्तीसगढ़ में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने ईडी द्वारा सौंपी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर कथित महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अन्य के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है। लगभग एक साल से अधिक समय से महादेव एप से जुड़े धन शोधन मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले दिनों आरोप लगाया था कि उसकी जांच में छत्तीसगढ़ के उच्च पदस्थ राजनेताओं और नौकरशाहों की संलिप्तता सामने आई है। महादेव एप के दो मुख्य प्रवर्तक छत्तीसगढ़ से ताल्लुक रखते हैं।



ईडी के अनुसार, इस मामले में अपराध से अर्जित अनुमानित आय करीब 6,000 करोड़ रुपये है। ईओडब्ल्यू के एक अधिकारी ने कहा कि ईडी मामले की जांच कर रही है और राज्य की आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर चार मार्च को यहां ईओडब्ल्यू थाने में बघेल और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बघेल, एप प्रवर्तकों रवि उप्पल, सौरभ चंद्राकर, शुभम सोनी और अनिल कुमार अग्रवाल तथा 14 अन्य को प्राथमिकी में आरोपी के रूप में नामित किया गया है।

### कोविड के समय प्रतिमाह कमाए 450 करोड़ रुपये

प्राथमिकी में दावा किया गया है कि कोविड-19 के कारण 2020 में लॉकडाउन लागू होने के बाद प्रवर्तकों और एप से जुड़े पैनल संचालकों ने ऑनलाइन सट्टेबाजी एप के माध्यम से प्रति माह लगभग 450 करोड़ रुपये कमाए। प्राथमिकी के मुताबिक, एप के प्रवर्तकों एवं पैनल संचालकों ने अवैध रूप से प्राप्त धन के लेन-देन के लिए फर्जी दस्तावेज पर बैंक खाते खोले थे। पैनल संचालकों ने विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात में प्रवर्तकों को अवैध धन हस्तांतरित किया।

## अरुणाचल, सिक्किम में दो जून को मतगणना

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनावों में मतगणना पूर्व घोषित चार जून की जगह दो जून को कराने की रविवार को घोषणा की। दोनों राज्यों में विधानसभाओं का कार्यकाल दो जून को समाप्त हो रहा है। इसे देखते हुए इन राज्यों में मतगणना दो जून को कराने का निर्णय लिया गया है। अरुणाचल में विधानसभा चुनाव लोकसभा के पहले चरण के मतदान के साथ 19 अप्रैल को होगा। अधिसूचना 20 मार्च को जारी होगी। नामांकन पत्र 27 मार्च तक दाखिल किए जा सकेंगे। मतगणना दो जून को होगी। सिक्किम में विधानसभा चुनाव 19 अप्रैल को कराया जाएगा। अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी ।

# नई सरकार के पहले सौ दिनों की बनाएं रूपरेखा

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों से कहा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने कैबिनेट मंत्रियों से नई सरकार के पहले 100 दिनों और अगले पांच साल के लिए एक रूपरेखा तैयार करने को कहा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने आज सुबह यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्रियों से अपने-अपने मंत्रालयों के सचिवों और अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर इस बारे में चर्चा करने के लिए कहा कि नई सरकार के पहले 100 दिन और अगले पांच साल के एजेंडे को बेहतर ढंग से कैसे लागू किया जा सकता है। यह बैठक निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद हुई है। मंत्रिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को निर्वाचन आयोग की सिफारिश भेजकर सात चरण के संसदीय चुनावों की तारीखों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया भी शुरू की। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 102 सीट पर मतदान के लिए पहली अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही किसी विशेष चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाती है।

## तीरंदाज शीतल बनीं निर्वाचन आयोग की राष्ट्रीय दूत



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने दिव्यांग तीरंदाज शीतल देवी को शारीरिक रूप से चुनौती का सामना कर रहे मतदाताओं की सुविधा के लिए की जा रही पहल को प्रचारित करने के लिए अपना राष्ट्रीय दूत बनाया है। यह घोषणा राजधानी में आयोग द्वारा भारतीय बधिर क्रिकेट संघ और दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के साथ मिलकर आयोजित एक क्रिकेट मैच के अवसर पर की गई। कार्यक्रम में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू उपस्थित थे।




**योजना में पेच** — शीर्ष 10 जिलों में तत्काल 100 फीसद प्रमाणीकरण करने के दिए निर्देश

# बिना प्रमाणीकरण गांवों में 'हर घर जल'

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में जल जीवन मिशन के तहत 'हर घर जल' शुद्ध पेयजल आपूर्ति प्रमाणीकरण में फंसी है। यह कार्य जल निगम (ग्रामीण) ने कंपनियों को दिया है। स्थिति यह है कि 66 जिलों पर फेज-2, 3 व 5 में 88,637 राजस्व ग्रामों में फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन हुए हैं।

यानी इतने गांवों के 100 फीसद घरों पर कनेक्शन देकर नलों से जलापूर्ति की गई है। लेकिन, इसके सापेक्ष 16,902 ग्राम ही कनेक्शन धारकों के आधार कार्ड लेकर पोर्टल पर चिन्हित हो पाए हैं। जबकि प्रमाणीकरण 5,545 ग्रामों का हुआ है। कुल प्रगति की बात करें तो अब तक 2,66,20,859 घर के सापेक्ष 2,12,11,102 फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन हुए हैं। शासन ने जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को प्रगति सुधारते हुए शीर्ष 10 जिलों में तत्काल 100 फीसद प्रमाणीकरण करने के निर्देश दिए हैं।



**88,637** राजस्व ग्रामों में 16,902 चिन्हित व 5,545 प्रमाणित

**100** फीसद कनेक्शन व आपूर्ति करने के बाद प्रगति खराब

### सबसे खराब प्रगति

- उन्नाव - 21.33 फीसद
- फिरोजाबाद - 27.37 फीसद
- आगरा - 30.53 फीसद
- मथुरा - 32.33 फीसद
- बलिया - 33.17 फीसद

### 9723 ग्रामों का मांगा प्रमाण, 92 को भूमि

9723 ग्रामों जल निगम कनेक्शन कर योजना से आच्छादित कर चुका है। शासन ने सभी पूर्ण कार्य के साथ प्रमाण मांगा है। ग्राम सभाओं में परियोजनाएं हैंडओवर करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, विभिन्न पाइप लाइन योजना के लिए 92 भूमि यानी स्थलों के आवंटन और विवाद का समाधान नहीं हुआ है। इसका जिलाधिकारी स्तर से समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### योगी ने हेमवती नंदन बहुगुणा को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। योगी ने योजना भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रयागराज की सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र आदि मौजूद रहे। वहीं योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पूर्व रक्षामंत्री और गोवा के पूर्व रहे मनोहर पर्रिकर की पुण्यतिथि पर भी उन्हें यादकर विनम्र श्रद्धांजलि दी है।

### वसूली गैंग जेल जाएगा : शाहनवाज

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम ने कहा कि इलेक्टोरल बांड इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला है। हफ्ता वसूली गैंग जेल जाएगा। रविवार को यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने के बाद इस भ्रष्टाचार में शामिल नेताओं और पूंजीपतियों का जांच के बाद जेल भेजा जाना तय है। उनके अवैध पैसे को किसानी और शिक्षा पर खर्च किया जाएगा।

### शैलेन्द्र दुबे तीसरी बार अध्यक्ष पद पर निर्वाचित

**अमृत विचार, लखनऊ:** अभियंता नेता शैलेंद्र दुबे ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष पद पर तीसरी बार निर्वाचित हुए। फेडरेशन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार चेन्नई में हुई आम सभा में वह निर्वाचित हुए। तेलंगाना प्रान्त के पी रत्नाकर राव को सेक्रेटरी जनरल के पद पर निर्वाचित किया गया।

# सपा के सात बागी विधायकों को भाजपा में मौके का इंतजार

## राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग करने के बाद से हैं सपा से बाहर

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- भाजपा से मनोज पांडेय को टिकट मिलने का भरोसा, अन्य चुनाव बाद होंगे समायोजित

**अमृत विचार:** राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग करने वाले सपा के सात बागी बागी विधायक हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। उनको न पार्टी पूछ रही है, न ही भाजपा से कोई काम सौंपा जा रहा है। सपा के मुख्य सचेतक रहे डॉ. मनोज पांडेय को भरोसा है कि रायबरेली से भाजपा की अगली सूची में उनका नाम हो सकता है। जबकि अन्य विधायकों को भाजपा से आश्वासन मिला है कि प्रत्याशी को विजयी बनाने में पूरी ताकत लगाएं, चुनाव बाद उन्हें समायोजित किया जाएगा।

लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही सपा से बगावत करने वाले मुख्य सचेतक रहे ऊंचाहार के विधायक डॉ. मनोज पांडेय, जलालपुर के विधायक राकेश पांडेय, गौरीगंज के राकेश प्रताप सिंह, गोसाईगंज के अभय सिंह, कालपी विनोज चतुर्वेदी, चायल की पूजा पाल व बिसौली आशुतोष मौर्य की हालत त्रिशंकु जैसी हो गई है। अब लखनऊ में न सपा संगठन से ही कोई हाल-चाल ले रहा है, न इलाके में बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को फूटी आंख सुहा रहे हैं। सिर्फ अपने चहेतों के बीच दिनचर्या बीत रही है।

भाजपा भी इनके साथ बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना जैसा बर्ताव कर रही है। सपा से बगावत करने के पीछे रामलला के दर्शन से वंचित करने का तर्क भी कोई खास सहानुभूति नहीं दे रहा है, कारण कि इसका सारा श्रेय इलाके में भगवा फहराती भाजपा नेताओं की टोली ले रही है।

इसके पीछे खास वजह है कि बगावत करने वाले सभी विधायक अपने क्षेत्र में भाजपा के धुर विरोधियों में टॉप पर रहे हैं। रायबरेली में जन्मे मनोज पांडेय भी अखिलेश यादव के बेहद करीबी रहे हैं। वे 2012 के विधानसभा में पहली बार चुनाव जीते। इसके बाद सपा सरकार में मंत्री बनाया गया था। साल 2017, 2022 में भी चुनाव लड़ा और इसमें भी बड़े अंतर से उन्होंने जीत दर्ज की। अभय सिंह भी सपा के झंडाबरदार रहते अयोध्या में तमाम अवसरों और आंदोलनों में भाजपाईयों को ललकारने में कोई कसर नहीं छोड़ते थे। कमोवेश यही हाल बाकी विधायकों का भी रहा है। भाजपा के दबाव में आने के पीछे का गणित तो सपा प्रमुख अखिलेश ने बगावत के दिन ही सरकार के डर से भयभीत होने से जोड़ दिया था।

### न निकाल रही सपा, न बागी दे रहे इस्तीफा

सपा से बगावत करने वाले सभी सातों विधायकों को सपा निकालकर उनकी विधायकी सुरक्षित नहीं रखना चाहती हैं। जबकि बागी विधायक भी इस्तीफा देकर विधायकी गंवाने से परहेज कर रहे हैं। मनोज पांडेय ने स्वामी प्रसाद मौर्य के बयानों से नाराजगी दिखाते हुए सिर्फ मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दिया। उनकी मंशा है कि भाजपा से रायबरेली का सांसद बनने के बाद ही विधानसभा सदस्यता से इस्ताफा देंगे। अभय सिंह को उम्मीद है कि गोरखपुर मठ में लगातार हाजिरी से मंत्री का दर्जा मिलने की साध पूरी हो जाए, तो इस्तीफा देकर चुनाव लड़ें। ऐसे ही अन्य विधायकों को भी भाजपा से समायोजन का इंतजार है।

# कांग्रेस में लोस के साथ घोषित होंगे विस उप चुनाव के प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विस संभावित प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा शुरू
- अमेठी से राहुल व रायबरेली से प्रियंका गांधी के ही लड़ने की चर्चा

**अमृत विचार:** कांग्रेस में लोकसभा प्रत्याशियों के साथ विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशी भी घोषित किए जाएंगे। पार्टी में विधानसभा के लिए संभावित प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा शुरू हो गई है। इस बीच, अमेठी से राहुल गांधी व रायबरेली से प्रियंका गांधी के ही चुनाव लड़ने की चर्चा तेज हो गई है।

अधिसूचना जारी होने के बाद सभी राजनीतिक दल चुनाव मैदान में मजबूत प्रत्याशी उतरने की जुगत में लगे हुए हैं। चुनाव में बेहतर प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस जोड़-तोड़ में लगी हुई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रत्याशियों के नाम की घोषणा एक सप्ताह में होने की संभावना है। इस बीच प्रदेश की खाली हुई विधानसभा सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव को लेकर प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया तेज हो गई है। उपचुनाव लड़ने की इच्छुक दावेदार प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से लेकर दिल्ली तक चक्कर काट रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस राजधानी लखनऊ पूर्व की खाली सीट पर समीकरण के अनुसार प्रत्याशी चुनाव मैदान में लाने की कवायद कर रही है।

**भारती त्यागी बनीं कार्यवाहक अध्यक्ष:** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अल्का लांबा ने भारती त्यागी को उप्र महिला कांग्रेस पश्चिम का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है।

### कांग्रेस यात्रा के समापन कार्यक्रम में नहीं पहुंचे अखिलेश

**अमृत विचार :** कन्नौज से लोस चुनाव लड़ने की संभावनाओं और चुनाव को लेकर चल रहीं पार्टी की तैयारियों के बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव मुंबई रैली में नहीं गए। रविवार को कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन होने के बाद मुंबई में एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें इंडिया गठबंधन के तमाम बड़े नेता शामिल रहे। हालांकि, अखिलेश यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को एक पत्र लिख कर उन्हें यात्रा की सफलता की बधाई देते हुए अपने न पहुंच पाने का कारण भी बताया है। अखिलेश ने राहुल को संबोधित पत्र में कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान हर वर्ग से आपकी मुलाकात हुई। आप उनकी समस्याओं से अवगत हुए हैं, और इसकी सफलता तभी है जबकि हम भाजपा को पराजित करें। अपने न पहुंच पाने का कारण बताते हुए अखिलेश ने लिखा है कि 20 मार्च से शुरु होने वाले नामांकन की तैयारियों में व्यस्तता चलते मैं कांग्रेस की समापन यात्रा के कार्यक्रम में नहीं शामिल हो पा रहा हूं।

### कई पूर्व सैनिक कांग्रेस में शामिल

**अमृत विचार :** कई पूर्व सैनिक रविवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में इन्हें सदस्यता दिलाई गई। भारतीय सेना में कैप्टन रहे राजकरन सिंह 'फौजी भैया' के नेतृत्व में पूर्व कैप्टन दिनेश कुमार सिंह, पूर्व सैनिक अखिलेश सिंह, राजेश बहादुर सिंह व अवध राज सिंह ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के समक्ष कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इसी क्रम में सर्व समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ने कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन देते हुए इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व सैनिक विभाग के वाइस चेयरमैन सुभाष मिश्र, वाइस चयरमैन दीपक भट्ट, नुसरत अली मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उनके गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर सदस्यता कार्ड दिया।

# स्वामी प्रसाद कुशीनगर से लड़ सकते हैं लोस चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के हैं राष्ट्रीय अध्यक्ष

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के लोकसभा चुनाव लड़ने की संभावना है। चर्चा है कि वह कुशीनगर सीट से चुनाव लड़ सकते हैं।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा देने के बाद बनी नई पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी है। पिछले दिनों कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने मौर्य के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की थी। तभी से इंडिया गठबंधन के तहत आरएसएसपी को कुछ सीटें मिलने की चर्चा चल रही है। प्रदेश में सीटों को लेकर अभी सपा व कांग्रेस के बीच समझौता हुआ है जिसमें कांग्रेस को 14 व सपा को 63 सीटें मिली हैं। बताया जा रहा है इंडिया गठबंधन में शामिल होने वाले दलों को सीटें दी जा सकती हैं। सपा के सीट न देने पर कांग्रेस स्वामी प्रसाद मौर्य की पार्टी को सीट देने की पहल कर सकती है।

### मेरठ, कानपुर व अकबरपुर से बसपा ने घोषित किये प्रत्याशी

**अमृत विचार :** बसपा ने लोकसभा के तीन और प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं। मेरठ, अकबरपुर व कानपुर में प्रत्याशी घोषित होने के साथ ही मंडल प्रभारियों द्वारा घोषित प्रत्याशियों की संख्या पांच पहुंच गई है। बसपा ने अकबरपुर सीट पर राजेश द्विवेदी को मैदान में उतारा है, जबकि मेरठ के बुद्धा गार्डन में संपन्न एक दिवसीय सम्मेलन में कोऑर्डिनेटर व मंडल प्रभारी शमसुद्दीन राइन ने मेरठ से देववृत त्यागी को प्रत्याशी होने का एलान कर दिया। वहीं इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के पाले में रहने वाली कानपुर लोकसभा सीट पर बसपा के मंडल प्रभारी नौशाद अली ने ठाकुर जाति के कुलदीप भदौरिया उर्फ सचिन के टिकट की घोषणा कर दी। कुलदीप पेशे से अधिवक्ता हैं। मालूम हो कि बसपा प्रमुख मायावती से हरी झंडी मिलने के बाद उन्नाव से अशोक पाण्डेय और लखीमपुर खीरी में धौरहरा सीट पर भाजपा से आए श्याम किशोर अवस्थी को प्रत्याशी बनाया है।

# सपा के पूर्व सांसद देवेन्द्र यादव समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा मुख्यालय पर भूपेंद्र चौधरी और ब्रजेश पाठक ने दिलाई सदस्यता



भाजपा में शामिल हुए विभिन्न दलों के नेताओं के साथ प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष रविवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सपा के पूर्व सांसद व पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए। इसके साथ ही लखनऊ कैंट विधानसभा से बसपा के पूर्व प्रत्याशी अनिल पाण्डेय व लखनऊ के सपा नेता संदीप पाल ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि विचारधारा से जुड़कर पार्टी में शामिल हुए सभी लोग अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूर्ण करने में सहभागी बनें और सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के मार्ग पर मिलकर आगे बढ़े। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत है। उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव घोषित हो चुका है और हमें जुटकर पिछले चुनाव की अपेक्षा प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने है। प्रधानमंत्री मोदी के विकासित भारत के संकल्प को पूर्ण करने के लिए मिलकर काम करना है और प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा की बड़ी विजय में सहभागी बनना है।

इस दौरान सांसद राजवीर सिंह 'राजू भैय्या', मंत्री जेपीएस राठौर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे आदि उपस्थित रहे।

### चुनाव लड़ने की आस

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा में शामिल होने के लिए विपक्षी दलों के अपने-अपने इलाके से दिग्गज नेताओं का सिलिसला लगातार 51 दिन चल रहा है। सपा, बसपा और कांग्रेस छोड़कर आने वालों में पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक समेत तमाम निकाय और पंचायतों के जनप्रतिनिधि शामिल हुए जो कि चुनाव लड़ने की आस में भी है।

## सपा ने नियुक्त किए कई पदाधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** समाजवादी पार्टी ने लखनऊ की जिला कार्यकारिणी में रविवार को सुनील सिंह भदौरिया निवासी बक्शी का तालाब लखनऊ को जिला उपाध्यक्ष और डॉ. प्रमोद कुमार यादव को बलिया का जिला उपाध्यक्ष नामित किया गया है। वहीं, मुलायम यादव एडवोकेट को युवजन सभा प्रयागराज (गंगापार) का जिलाध्यक्ष और प्रिन्स सिंह 'बागी' को युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में सचिव नामित किया गया है।

इसी कड़ी में विनय प्रकाश अंचल को युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष और हाजी मिर्ज़ा ज़फ़र हुसैन को युवजन सभा में प्रदेश सचिव जबकि, संतोष कुमार यादव को पार्टी की युवजन सभा का प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

# मुलायम की बहू अपर्णा ने योगी से की मुलाकात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** सपा के संस्थापक स्व मुलायम सिंह यादव की बहू और भाजपा नेता अपर्णा यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से रविवार को मुलाकात की। माना जा रहा है कि अपर्णा यादव किसी सीट से चुनाव लड़ना चाहती हैं।

अपर्णा यादव ने मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात की फोटो अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भी शेयर की है। इससे पहले अपर्णा यादव ने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल से मुलाकात की थी। हालांकि अपर्णा यादव पहले ही साफ कर चुकी हैं कि वह अपने परिवार के किसी सदस्य के खिलाफ चुनाव नहीं लड़ेंगी।

विधानसभा चुनाव से पहले अपर्णा यादव भाजपा में शामिल हुई थीं। माना जा रहा था कि वह लखनऊ सीट से विधानसभा चुनाव लड़ सकती हैं। हालांकि उन्हें टिकट नहीं मिला। राज्यसभा और एमएलसी चुनाव के लिए भी अपर्णा यादव का नाम आया था, अब लोकसभा चुनाव के लिए अपर्णा यादव का नाम चर्चा में है।

### कुछ सांसदों के कट सकते हैं टिकट

प्रदेश में भाजपा की दूसरी सूची में 24 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का एलान होना है। इसका बेसब्री से इंतजार हो रहा है। माना जा रहा है कि मौजूदा कुछ सांसदों के टिकट पर खतरा मंडरा रहा है। भाजपा मिशन-80 के लिए जमीनी स्तर पर तैयारियों में जुटी हुई है।

# मंडल स्तर पर बनेंगे खाद्य एवं औषधि नियंत्रण कार्यालय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- होली आदि त्योहार पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच होगी आसान

**अमृत विचार:** खाद्य एवं औषधि के लिए गए नमूनों की त्वरित जांच के लिए मंडल स्तर पर खाद्य एवं औषधि नियंत्रण कार्यालय एवं जिला स्तर पर प्रयोगशालाएं शुरू की जा रही हैं। इसके लिए राज्य सरकार ने 12 मंडलीय कार्यालयों के लिए बजट जारी कर दिया है। जिलों में प्रयोगशालाओं के लिए अलग से बजट दिया गा है। लखनऊ में खाद्य एवं औषधि नियंत्रण कार्यालय व प्रयोगशाला के लिए 18 करोड़ 17 लाख रुपये की मंजूरी मिली है।

राज्य में मिलावटी खाद्य पदार्थ एवं अधोमानक दवाओं की रोकथाम के लिए जिले स्तरीय ढांचा मजबूत बनाया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश में मंडल स्तर पर खाद्य एवं औषधि नियंत्रण कार्यालय स्थापित किये जायेंगे। उक्त क्रम में ही शासन द्वारा मंडल स्तर पर बनने वाले कार्यालय बरेली को 22 करोड़ 53 लाख, सहारनपुर में 23 करोड़ 32 लाख, मुरादाबाद में 23 करोड़ 21 लाख, अलीगढ़ में 22 करोड़ 58 लाख, कानपुर को 23 करोड़ 20 लाख, प्रयागराज को 22 करोड़ 66 लाख, बस्ती को 23 करोड 25 लाख, अयोध्या में 23 करोड़ सात लाख, गोरखपुर को 22 करोड़ 45 लाख, आजमगढ़ में 22 करोड़ 53 लाख, झांसी को 22 करोड़ 55 लाख रूपये और विध्यांचल मंडल अंतर्गत मिर्जापुर में बनने वाले नियंत्रण कार्यालय के लिए 22 करोड़ 45 लाख से ज्यादा का बजट स्वीकृत किया गया है।

## भाजपा प्रत्याशी की चुनाव आयोग से शिकायत

**अमृत विचार, लखनऊ:** कन्नौज के भाजपा सांसद और लोकसभा प्रत्याशी सुब्रत पाठक द्वारा कथित रूप से वोट खरीदने का विडियो वायरल हुआ है। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने उक्त विडियो में वोट खरीदे जाने की बात स्वीकार किए जाने के संबंध में चुनाव आयोग से शिकायत की है। उन्होने रविवार को बताया कि उन्हे 30 सेकंड का एक वीडियो प्राप्त हुआ है, बातचीत में जब स्थानीय लोग उनके प्रति नाराजगी व्यक्त करते हैं तो सुब्रत पाठक कहते हैं कि उन्हें वोट मिले नहीं है, उनके द्वारा वोट खरीदा गया है। अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि किसी भी प्रत्याशी द्वारा वोट खरीदा जाना गंभीर आपराधिक कृत्य है और वोट खरीदे जाने की बात को स्वीकार करना भी उतना ही गंभीर अपराध और आचार संहिता का खुला उल्लंघन है।

# मेरठ में 100 एमबीबीएस की और आजमगढ़ में 30 पीजी की बढ़ेंगी सीटें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मेडिकल कॉलेजों में बढ़ी सीटों के लिए मानक पूरे करने को बजट जारी

**अमृत विचार:** मेरठ के लाला लाजपतराय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100 सीटें और आजमगढ़ मेडिकल कॉलेज में पीजी की 30 सीटें बढ़ेंगी। कॉलेज प्रशासन की मांग को स्वीकृत देते हुए राज्य सरकार ने बिल्डिंग विस्तार एवं अन्य संसाधनों के लिए करोड़ों का बजट जारी कर दिया है।

मेरठ मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100 सीटें थीं। 2013 में सीटों की संख्या 150 कर दी गई। एमसीआई की टीम को 2019 में मेडिकल कॉलेज में मानक पूरे न नहीं मिले। इस पर 50 सीटें कम कर दी गईं थी। इसके बाद कॉलेज प्रशासन ने 100 एमबीबीएस सीटें बढ़ाने के लिए परीक्षा ब्लॉक परिसर के विस्तार की मांग शासन से की थी। कॉलेज प्रशासन की मांग को शासन ने स्वीकृति देकर 3 करोड़ से ज्यादा का बजट भी जारी कर दिया है। अब मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस सीटों की संख्या 200 हो जाएगी। मेरठ में कॉलेज प्रशासन का कहना है कि एमबीबीएस सीट बढ़ाने के लिए 2 करोड़ रुपये शासन से जारी किये जा चुके हैं। इसी प्रकार आजमगढ़ स्थित आमजगढ मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार करने के लिए पीजी की 30 सीटें बढ़ाई जायेंगी। इसके लिए भी शासन ने 36 करोड़ स्वीकृत कर दिये हैं।

# टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन से होगी सूखे की मॉनीटरिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहले चरण में सूखे से ज्यादा प्रभावित तहसीलों में स्थापित किए जाएंगे टीडब्ल्यूएस
- बुंदेलखंड के सात जिलों समेत सोनभद्र व मीरजापुर में प्राथमिकता पर लगेंगे स्टेशन

**अमृत विचार:** प्रदेश में सूखे की मॉनिटरिंग के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों की तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन (टीडब्ल्यूएस) की स्थापना की जाएगी। पहले चरण में ज्यादा प्रभावित रहने वाली 100 तहसीलों में इसकी स्थापना के लिए चुनाव की घोषणा से पहले शासन से 10 करोड़ की धनराशि जारी करते हुए अपर जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में हर साल सूखे के कारण किसानों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। उनकी इस समस्या को देखते हुए पहले चरण में प्रदेश के विभिन्न जिलों की 100 तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद प्रदेश के सभी जिलों की समस्त तहसीलों में टीडब्ल्यूएस को स्थापित किया जाएगा। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि पहले चरण में भी हर साल सूखे से ज्यादा प्रभावित होने वाले बुंदेलखंड के 7 जिलों (बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, झांसी, ललितपुर, महोबा और जालौन) की सभी तहसीलों में प्राथमिकता के आधार पर वेदर स्टेशन स्थापित किये जाएंगे। इसके साथ ही सोनभद्र की सभी तहसीलों, मीरजापुर की 2 तहसीलों और प्रदेश के सभी जिलों की एक-एक तहसील में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इसके लिये 10 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गयी है। इसको लेकर सभी जिलों के अपर जिलाधिकारियों को जमीन चिह्नीकरण के दौरान आवश्यक गाइड लाइन जारी की गयी है। वहीं इसके बाद प्रदेश की सभी तहसीलों और ब्लॉक में वेदर स्टेशन की स्थापना की जाएगी।

## भ्रामक सूचना से रहें सावधान : सपा

**अमृत विचार, लखनऊ:** लोकसभा चुनाव-2024 की तारीखों की घोषणा होते ही सभी राजनीतिक दलों की सक्रियता बढ़ी नजर आ रही है। भाजपा गठबंधन अपने तो सपा-कांग्रेस गठबंधन अपने कई उम्मीदवारों की घोषणा कर चुका है। इस बीच सपा सोशल मीडिया पर सामने आ रही उम्मीदवारों की फर्जी सूची को लेकर चिंतित है।

सपा को आशंका है कि सोशल मीडिया में तमाम सीटों पर उम्मीदवारों की फर्जी सूची वायरल कर विरोधी चुनाव शुरू होने से पहले ही भ्रम फैलाकर पार्टी नेताओं और समर्थकों में भ्रम फैलाना चाहते हैं। ऐसे में सपा ने अपने कार्यकर्ताओं, नेताओं और आम मतदाताओं को सावधान किया है। रविवार को अपने एक्स अकाउंट पर सपा ने लोगों को ऐसी फर्जी सूचियों को लेकर अगाह किया। सपा की ओर से लिखा गया- कृपया सावधान रहें, पार्टी के लोस. प्रत्याशियोंकी सूची पार्टी पेज पर ही प्रेषित की जाती है, जो सूची पार्टी के एक्स और फेसबुक पेज पर है वही अधिकृत है अन्य सभी सूचियां फर्जी हैं।

## लखीमपुर खीरी में खुलेगा सरकारी नर्सिंग कॉलेज

**अमृत विचार, लखनऊ:** बहराइच व गोंडा के बाद लखीमपुरखीरी में नर्सिंग कॉलेज स्थापित करने की राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है। इसके लिए शासन ने 10 करोड़ रुपये भी स्वीकृत कर दिये हैं।

जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज और एक नर्सिंग कॉलेज खोलने की योजना चला रही है। नर्सिंग कॉलेज राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर या दूसरी जगह भूमि की उपलब्धता पर अलग भी स्थापित किये जा रहें हैं। नर्सिंग कॉलेज शुरू होने से स्थानीय स्तर पर छात्र-छात्राओं को व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा अस्पतालों को प्रशिक्षित नर्सेस उपलब्ध होंगी।

# मूल्यांकन कार्य न करने वाले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 600 शिक्षकों का रुकेगा वेतन शुरू हुई सख्ती, दो दिनों में 60 हजार चेक हुईं उत्तर पुस्तिका

**अमृत विचार:** राजधानी में पांच केन्द्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन चल रहा है। इन केन्द्रों पर 600 ऐसे सरकारी शिक्षक हैं जो उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के लिए नहीं पहुंचे हैं। जबकि इनकी ड्यूटी पहले दिन से ही लगी है। रविवार को जुबिली कॉलेज में निरीक्षण करने पहुंचे जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार को जब शिक्षकों की अनुपस्थिति का पता चला तो उन्होंने नाराजगी जाहिर की। यहां करीब 300 शिक्षक अनुपस्थित मिले जिन्होंने पहले दिन से मूल्यांकन नहीं किया। इसी तरह से राजकीय बालिका विद्यालय विकास नगर से भी करीब 300 से शिक्षक अनुपस्थित मिली। जिला विद्यालय निरीक्षक ने इन सभी की सूची सार्वजनिक करते हुए कहा यदि ये सोमवार को मूल्यांकन कार्य के लिए नहीं आते हैं तो इनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करते हुए सभी का वेतन अग्रिम आदेश तक रोका दिया जायेगा।

**शिक्षकों लापरवाही नहीं तो और चेक होती कॉपी:** जिला विद्यायलय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि राजधानी के राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज, राजकीय हुसैनाबाद इंटर कॉलेज, राजकीय निशातगंज इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका विद्यालय विकास नगर और गोमती नगर में मूल्यांकन कार्य चल रहा है। इन सभी केन्द्रों पर अनुपस्थित शिक्षकों की सूची जारी की गई है। डीआईओएस ने बताया कि ये शिक्षक अगर पहले दिन से कॉपियों का मूल्यांकन करते तो और ज्यादा कॉपी चेक हो सकती थी। अभी तक 60 हजार कॉपी चेक हुई हैं।



राजधानी के जुबिली कॉलेज में मूल्यांकन कार्य का जायजा लेते डीआईओएस राकेश कुमार।

### सचिव ने कहा निर्धारित समय में पूरा होगा मूल्यांकन कार्य

रविवार को अमृत विचार से बातचीत में सचिव परिषद दिब्यकांत शुक्ला ने कहा कि अब तक सभी 260 मूल्यांकन केन्द्रों पर 37,98,967 कॉपियां चेक हो चुकी हैं। उन्होंने कहा हमें पूरी उम्मीद है कि 31 मार्च को मूल्यांकन का अंतिम दिन होगा। उन्होंने कहा कि मूल्यांकन की निगरानी भी सीसी टीवी कैमरे से की जा रही है।

**अरोग्य मेले में मिले दो कोविड मरीज :** रविवार को संपन्न 140 वें आरोग्य मेलें में कोविड के दो मरीजों की पुष्टि हुई है। जबकि 1157 टेस्ट में डेंगू की पुष्टि नहीं हुई है। वहीं 3045 रैपिड टेस्ट में दो मलेरिया के मरीजों की पहचान हुई है। जिनका इलाज शुरू हो गया है।

आवश्यकता है
अमृत विचार डिजिटल को
अयोध्या ऑफिस के लिए
एक वेबसाइट रिपोर्टर की
अनुभव :-किसी प्रमुख अखबार/वेबसाइट में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112





## सातवां रोजा

**शिया**
सहरी : 4:40 बजे
इफ्तार : 6:26 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 4:45 बजे
इफ्तार : 6:16 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### विभिन्न थानों की पुलिस ने 19 आरोपियों को दबोचा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने पांच वारंटी और 14 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं अलग-अलग मामलों में थाने लाए गए 51 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई कर पाबंद किया गया।

### 20 ग्राम स्मैक के साथ अयोध्या का शातिर बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रामसनेहीघाट कोतवाली पुलिस की ने 20 ग्राम स्मैक के साथ अयोध्या जिले के पूराकलंदर थाना क्षेत्र के हूसेपुर निवासी देवेंद्र कुमार उर्फ पिंटू को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### गैंगस्टर का फरार आरोपी दबोचा गया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** गैंगस्टर के मामले में फरार चल रहे कोतवाली क्षेत्र के पीड निवासी राजेंद्र चौहान उर्फ टुट्टा को देवा कोतवाली पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया। उसके बाद विधिक कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया।

### जालसाज गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में फरार चल रहे जहांगीराबाद के मुजफ्फरपुर निवासी राम किशोर यादव को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपी को जेल भेज दिया।

# 35 चेकपोस्टों पर 24 घंटे की जाएगी निगरानी

## कोषागार के डबल लॉक में रखी जाएगी टीमों द्वारा जब्त धनराशि, थानों के मालखानों में रखी जाएगी पकड़ी गई प्रचार सामग्री

**लोकसभा चुनाव**



कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में आचार संहिता लागू हो गई है। जिला प्रशासन शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक जगह-जगह लगे राजनीतिक बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स आदि उतरवाने में लगा हुआ है। इस दौरान धन बल पर नजर रखने के लिए बनाई गईं उड़नदस्ता, स्टैटिक व वीडिया निगरानी टीमों ने अपना मोर्चा संभाल लिया है। इसे लेकर पूरे जिले में 35 चेकपोस्ट बनाए गए हैं। जहां दिन-रात वाहनों व संदिग्धों की चेकिंग की जाएगी। इस दौरान पकड़ी या जब्त की गई धनराशि को जिला मुख्यालय पर कोषागार के डबल लॉक में रखा जाएगा। वहीं पकड़ी गई प्रचार सामग्री को थाने के माल खाने में रखा जाएगा।

इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकाकरी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि सभी प्रभारी अधिकारियों को पूर्व में ही निर्देश दिये जा चुके हैं। सभी टीमों को सक्रिय कर दिया गया है। आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में नौ चेकपोस्ट, 27 स्टैटिक टीम, तीन-तीन फील्ड स्क्वॉयड व वीडियो सर्विलांस टीम व एक वीडियो अवलोकन टीम तैनात की गयी है। रामनगर विधानसभा क्षेत्र में तीन चेकपोस्ट, नौ स्टैटिक टीम, तीन-तीन फील्ड स्क्वॉयड व वीडियो सर्विलांस टीम व एक वीडियो अवलोकन टीम, बाराबंकी विधानसभा क्षेत्र में चार चेकपोस्ट, 12 स्टैटिक टीम, तीन-तीन फील्ड स्क्वॉयड व वीडियो सर्विलांस टीम व एक वीडियो अवलोकन टीम बनायी गयी है। जैदपुर विधानसभा क्षेत्र में छह चेकपोस्ट, 18 स्टैटिक टीम, तीन-तीन फील्ड स्क्वॉयड व वीडियो सर्विलांस टीम व एक वीडियो अवलोकन टीम गठित की गयी है। हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आठ चेकपोस्ट, 24 स्टैटिक टीम, तीन-तीन फील्ड स्क्वॉयड व वीडियो सर्विलांस टीम व एक वीडियो अवलोकन टीम तैनात की गयी है। वहीं अयोध्या लोकसभा क्षेत्र में आने वाली जिले की दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में पांच चेक पोस्ट, 15 स्टैटिक टीम, तीन-तीन फील्ड स्क्वायड व वीडिया सर्विलांस टीम के साथ एक वीडिया अवलोकन टीम गठित की गई है। इस तरह जिले भर में कुल 35 चेकपोस्ट, 105 स्टैटिक टीम, 18-18 फील्ड स्क्वायड व वीडिया सर्विलांस टीम के अलावा छह वीडियो अवलोकन टीमें गठित की गयी हैं।



कुर्सी थाना क्षेत्र में रविवार को रूट मार्च निकालते सशस्त्र सीमा बल के जवान। अमृत विचार

### पुलिस व एसएसबी के जवानों ने किया रूट मार्च

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण माहौल और निष्पक्ष मतदान करने को लेकर रविवार को कुर्सी थाना क्षेत्र में पुलिस और एसएसबी के जवानों ने रविवार को रूट मार्च किया। इस दौरान होली और रमजान को देखते हुए भी लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का एहसास दिलाया गया। चुनाव की आचार संहिता का अनुपालन करने के साथ ही होली और रमजान के दृष्टिगत पुलिस और सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने कुर्सी थाना क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर रूट मार्च किया। कुर्सी थानाध्यक्ष जगदीश प्रसाद शुक्ला की अगुवाई में कुर्सी, अनवरी, अमरसंडा, बसारा, कस्बा टिकैतगंज, निंदूरा सहित क्षेत्र की ओदर चौकी व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस व अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने रूट मार्च किया। थानाध्यक्ष ने सभी लोगों से लोकसभा चुनाव में निष्पक्ष व निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। थानाध्यक्ष जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि लोकसभा चुनाव, होली व रमजान को लेकर पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल के जवानों द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सार्वजनिक स्थान व कस्बों में रूट मार्च किया गया।

### कई स्थानों पर की गयी वाहनों की जांच

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए टीमें सक्रिय हो गई हैं। रविवार को बुढ़वल चौराहा, मरकामऊ, चौकाघाट व रानीबाजार सहित कई स्थानों पर वाहनों को रोककर चेकिंग की गई।

रामनगर विधानसभा में उड़नदस्ता टीम के प्रभारी रेंजर रानीबाजार शहजादा इस्माइलुद्दीन और सहायक अभियंता आरईडी मनीष त्रिपाठी ने पुलिस बल के साथ हाईवे समेत संपर्क मार्गो पर दर्जनों वाहनो की चेकिंग की।

हालांकि इस दौरान कहीं कोई आचार संहिता प्रभावित करने वाली वस्तु नहीं मिली। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित नकदी के अतिरिक्त यदि किसी के पास अधिक मिली तो उसकी जांच पड़ताल होगी। चुनाव को प्रभावित करने वाली कोई सामग्री या वस्तु यदि पाई जाएगी तो नियमानुसार कार्रवाई होगी। आयोग के निर्देशानुसार उड़न दस्ता टीम सक्रिय है और फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी भी कर रही है।

# डीएम ने देखी फोर्स के रुकने की व्यवस्था

▸▸ एसपी के साथ आरक्षित कॉलेजों का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए आने वाली पैरामिलेट्री फोर्स के ठहरने को आरक्षित किए गए कॉलेजों में पहुंचकर डीएम और एसपी ने व्यवस्थाएं परखीं। इस दौरान मिली खामियों के सुधार के निर्देश सम्बन्धित को दिए।

रविवार को जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार सिंह व एसपी दिनेश कुमार सिंह ने नगर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ इण्टरनेशनल पब्लिक स्कूल, शेरवुड कॉलेज तथा सतरिख थाना क्षेत्र के जेडी एकेडमी, मानपुर और प्रयाग कान्वेन्ट सतरिख में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल व बाह्य जनपदों से आने वाली फोर्स के ठहरने की व्यवस्था का निरीक्षण किया। वहीं संबंधितों को आवश्यक सुधार के दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सतरिख थाने में पहुंच कर चुनावी तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान सीओ हैदरगढ़ व सीओ सदर आदि मौजूद रहे।

**सुबेहा :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक गजेन्द्र सिंह की अगुवाई में पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में रूट मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया।



बाहर से आने वाली फोर्स के रुकने लिए आरक्षित कॉलेज का निरीक्षण करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

### रेलवे ट्रैक पर मिला महिला का शव

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार:** संदिग्ध दशा में एक महिला का शव रविवार को रेलवे ट्रैक पर मिला। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। फतेहपुर में मुख्य रेलवे क्रासिंग के पास रविवार की सुबह एक महिला का शव पड़ा मिला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मगर, रेलवे ट्रैक पर शव मिलने पर मामला जीआरपी का होने की जानकारी पर पुलिस वापस लौट गई। इसकी सूचना पर बुढवज जीआरपी के सब इंस्पेक्टर छोटे लाल यादव मौके पर पहुंचे। उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दरोगा छोटेलाल ने बताया कि करीब 40 वर्षीय महिला का शव मिला है। अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### शिक्षित समाज से ही होगा देश का विकास



मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा।

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पोखरा गांव स्थित पीली कोठी में हेलो किड्स एमवीएच प्री प्राइमरी स्कूल का विधायक दिनेश रावत, चीनी मिल हैदरगढ़ के मुख्य महाप्रबंधक विनोद कुमार यादव के साथ संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। विधायक दिनेश रावत ने कहा कि शिक्षा का उजियारा हर ओर फैले क्योंकि एक शिक्षित समाज ही देश को विकास की नई बुलन्दियों तक ले जा सकता है। इस मौके पर चैयरमैन अलोक तिवारी, विक्की पांडेय, सन्तोष श्रीवास्तव, शिवा, मंशाराम, राहुल, श्याम बिहारी, रवि, सूरज तिवारी आदि मौजूद रहे। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

### विश्व ब्रह्मांड का प्रतीक है कलश




गायत्री महायज्ञ से पूर्व कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** गायत्री शक्तिपीठ पर 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की रविवार से शुरुआत हुई। राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ के तहत गायत्री महायज्ञ व संगीतमयी कथा प्रवचन के पूर्व कलश यात्रा निकाली गई जो कल्याणी तट रामसनेहीदास मंदिर, होते हुए गायत्री शक्ति पीठ पहुंची। इसका स्वागत शक्ति पीठ के सदस्यों द्वारा किया गया।र शांतिकुंज हरिद्वार से यज्ञ कराने आई टोली के नायक रमेश डेहरिया और उनकी टीम ने संगीतमय कलश यात्रा की आरती करवाई। यहां आयोजित धर्मसभा को संबांधित करते हुए रमेश डेहरिया ने कहा कि कलश विश्व ब्रह्मांड का प्रतीक है। भारत जगत गुरु माना जाता था। कलश यात्रा में शक्ति पीठ ट्रस्ट अध्यक्ष शिवा कांत त्रिपाठी, राम किशुन, राणा वीर सिंह, प्रदीप, राकेश मुन्ना, माला, सुरेंद्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### मनु-शतरूपा की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु



कथाव्यास मनोज शुक्ल।

**सिद्धौर, बाराबंकी अमृत विचार :** सिद्धौर ब्लाक की ग्राम पंचायत पश्चिम बेलाव के रसूलपुर गांव में आयोजित सात दिवसीय राम कथा के तीसरे दिन कथा वाचक पंडित मनोज शुक्ल ने मनु-शतरूपा की कथा सुनाई। कथा प्रसंग में बताया कि नैमिषारण्य की पावन धरा पर 23 हजार वर्षों तक मनु-शतरूपा ने घोर तपस्या की। 6 हजार वर्ष जल पीकर, सात हजार वर्ष तक वायु के सहारे व 10 हजार वर्षों तक एक पैर पर खड़े होकर घोर तप किया। इस बीच ब्रह्मा, विष्णु, महेश कई बार आए और वर मांगने के लिए मनु-शतरूपा से कहा। महाराज देवों को प्रणाम कर अपनी तपस्या में लीन रहे। इसी बीच आकाशवाणी हुई और महाराज को वरदान मांगने को कहा गया। मनु- शतरुपा ने 10 वरदान पाये। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रधान विनय, कृष्ण, अजय, बरसाती, प्यारे लाल, गोपाल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भूसा लदे पिकअप वाहन में लगी आग

निन्दूरा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** घुंघटेर क्षेत्र में रविवार भोर में भूसा लदे पिकअप वाहन में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना 112 पर दी। हालांकि कुछ देर बाद मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

खुज्झी निवासी सरोज रविवार भोर में करीब चार बजे अपने पिकअप वाहन में भूसा लादकर लखनऊ जा रहा था। बजगहनी के पास अचानक वाहन में आग लग गयी। सरोज व उसका साथी तुरंत बाहर आ गए। आग से टायर फट गया। सरोज ने 112 और 101 नंबर पर सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया तब तक पूरा वाहन खाक हो गया था।



आग से जला वाहन। अमृत विचार

### हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हादसा रविवार को बाराबंकी-बहराइच हाईवे पर रानीबाजार चौराहे के पास हुआ।

थाना क्षेत्र के चंदनापुर गांव निवासी नरेंद्र कुमार अपने दोस्त रोहित उर्फ राहुल के साथ बाइक से कहीं जा रहा था। रानी बाजार हाईवे पर सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दोनों घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में भर्ती कराया।

# विकास से दूर है रामनगर क्षेत्र

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही बुढ़वल चीनी मिल शुरू होगी और किसानों का कर्जा माफ किया जाएगा। बेरोजगारों को नौकरी मिलेगी। ये बातें कांग्रेस नेता तनुज पुनिया ने रामनगर स्थित देवलान में इंडिया गठबंधन की बैठक में कहीं।

उन्होंने कहा कि रामनगर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व में कांग्रेस व सपा की सरकार द्वारा विकास कार्य कराया गया है। भाजपा सरकार में विकास की दृष्टि से यह क्षेत्र कोसों दूर है। पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने कहा कि बाराबंकी देवा महादेवा की धरती है और समाजवादियों का गढ़ रहा है।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने कहा कि प्रजातंत्र को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन बना है। पूर्व कैबिनेट मंत्री नकुल दुबे ने कहा इस चुनाव में हम सभी को एकजुट होना होगा। पूर्व मंत्री व विधायक हाजी फरीद महफूज किदवई, पूर्व सांसद रामसागर रावत, रतनलाल राव, राम गोपाल रावत, कांग्रेस के जिला ध्यक्ष मोहसिन किदवई, सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज, पूर्व एमएलसी राजेश यादव ने भी अपने-अपने विचार रखें। सपा व कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।




इंडिया गठबंधन की बैठक को संबोधित करते कांग्रेस नेता तनुज पुनिया।

**अनुभूति-2024** | देवेन्द्र शर्मा को मिस्टर अनुभूति एवं अग्रिमा द्विवेदी को मिस अनुभूति का खिताब

# पवनदीप और अरुणिता के गीतों पर झूम उठे लोग

देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** रामस्वरूप मेमोरियल विवि में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुभूति-2024 के तीन दिवसीय कार्यक्रम का अंतिम दिन इंडियन आइडल विजेता रहे पवनदीप राजन एवं इंडियन आइडल फेम अरुणिता कांजीवाल के नाम रहा। स्टार नाइट में दोनों इंडियन आइडल फेम ने गानों से समां बांधा कि लोग झूम उठे। कार्यक्रम की शुरुआत अरुणिता ने अगर तुम साथ हो से की। उन्होंने कई गीत पेश किये। पवनदीप ने अपने चर्चित गाने, जो तुम न हो से शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने कई सुपरहिट गीत सुनाए।

दूसरे दिन की प्रतियोगिताओं के आए परिणामों में, दिल तो बच्चा है जी, में शिव हरि, व अन्दलीब ज़ेहरा, युगल गायन प्रतियोगिता में आयुषी एवं नंदनी, युगल नृत्य में स्वीकार मिश्रा एवं रिद्धी अग्रवाल ने बाज़ी मारी। एसएमआरयू के छात्र देवेन्द्र शर्मा को मिस्टर अनुभूति एवं मिस अनुभूति का ताज बीबीडी की छात्रा अग्रिमा द्विवेदी के नाम रहा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विवि के चांसलर इ. पंकज अग्रवाल, प्रो. चांसलर इ. पूजा अग्रवाल, वाइस चांसलर प्रो.(डॉ.) देवेन्द्र शर्मा, रजिस्ट्रार डॉ. नीरजा जिन्दल उपस्थित रहे। वार्षिकोत्सव प्रभारी डॉ. वीना सिहं एवं कार्यक्रम संयोजक इ. रोहित सिंह ने कार्यक्रम के सफल समापन पर सभी क्लबों के सदस्यों को बधाई दी। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह टीम वर्क के कारण सफल हो पाया है। कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी व छात्र मौजूद रहे।





रामस्वरूप मेमोरियल विवि में गीत प्रस्तुत करते पवनदीप व अरुणिता।

### सफलता के लिए कड़ी मेहनत की जरूरत : पवनदीप

**दीपराज सिंह, देवा, अमृत विचार :** इंडियन आइडल सीजन-12 के विजेता फेमस सिंगर पवनदीप राजन शनिवार को राम स्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में अनुभूति 2024 वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने आये। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट मार्ग नहीं होता है बल्कि उसके लिये कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि गायन के क्षेत्र में कठिन मेहनत जरूर करनी पड़ती है पर सफलता पाना नामुमकिन नहीं है। उन्होंने कहा कि कठिन मेहनत करने वालों को सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने कहा कि वह उत्तराखंड के परंपरागत गीतों की भी पहचान बनाये रखना चाहते है। उन्होंने कहा कि लखनऊ की तहजीब व व्यंजनों के वह कायल हैं।

### 69 लीटर शराब के साथ चार बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सुबेहा और रामसनेहीघाट कोतवाली पुलिस की टीम ने 69 लीटर शराब के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। संबंधित थानों की पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

सुबेहा थाने की पुलिस टीम ने रविवार को फुलसागढ़ी मजरे अहिरगांव निवासी कुलदीप और दयाशंकर को 40 लीटर शराब के साथ दबोचा। वहीं रामसनेहीघाट कोतवाली पुलिस की टीम ने अल्पी का पुरवा मजरे भिखरपुर निवासी श्री कृष्ण उर्फ किशन तथा अयोध्या के रौनाही थाना क्षेत्र के निवासी जमील अहमद को 29 लीटर शराब के साथ पकड़ा।

## एक नजर

### चोरों ने विद्यालय से पार की 60 हजार की नकदी

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : स्थानीय कोतवाली अंतर्गत बड़ेला नारायणपुर गांव के एक निजी स्कूल के ऑफिस का ताला तोड़कर चोर इन्व र्टर और बैटरी सहित अलमारी का ताला तोड़कर लगभग 60 हजार रुपये पार कर दिये। स्कूल के प्रधानाचार्य ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

### शातिर वारंटी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : जिले के टॉप टेन वारंटी में शामिल गोवध अधिनियम के आरोपी मंगरौडा निवासी पप्पू को टिकैतनगर थाने की पुलिस टीम ने रविवार को दबोचा। पप्पू पर टिकैतनगर थाने में गोवध निवारण अधिनियम व गैंगस्टर समेत एक दर्जन मुकदमें दर्ज हैं। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट की अदालत से गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद प्रभारी निरीक्षक संजीत कुमार सोनकर ने उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

### विभिन्न स्थानों से दुष्कर्म के फरार दो आरोपी बंदी

बाराबंकी, अमृत विचार : दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे जहांगीराबाद थाने के रहमनगर निवासी आरोपी को बड्डूपुर थाने की पुलिस टीम ने रविवार को दबोच लिया। विधिक कार्रवाई के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल रवाना कर दिया। दूसरी ओर नगर कोतवाली पुलिस की टीम ने रविार को दुष्कर्म व धमकी के मामले में फरार चल रहे जिंहौली निवासी सूरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

### अपहृत युवती बरामद आरोपी दबोचा गया

बाराबंकी, अमृत विचार : नगर कोतवाली की पुलिस ने टीम ने रविवार को अपहरण के आरोपी कांशीराम कॉलोनी आवास विकास निवासी कलाम को गिरफ्तार कर अगवा की गयी युवती को बरामद करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस ने युवती को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेज दिया है।

### चार जुआरी पकड़े गए

बाराबंकी, अमृत विचार : सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे चार आरोपियों को मोहम्मदपुर खाला थाने की पुलिस टीम ने रविवार को गिरफ्तार किया। उनके पास से साढ़े सात सौ रुपये की नकदी बरामद की गयी। पकड़े गए ज्योली गांव निवासी इंद्रेश, अनिल कुमार, समर सिंह और विमलेश के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गयी।

### वाहन बेचने के लेनदेन में विवाद, विक्रेता की पिटाई

गोंडा, अमृत विचार : लोडिंग गाड़ी खरीदने के बाद क्रेता ने शर्त के मुताबिक किस्त नहीं जमा की। जब विक्रेता ने इसकी शिकायत की तो वह लोग मारपीट पर उतारू हो गए। पीड़ित विक्रेता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# दूसरे दिन जांची गयीं 18715 कापियां

## अब तक हाईस्कूल की 7326 व इंटर की 16073 कापियों का किया गया मूल्यांकन

**यूपी बोर्ड**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं को मूल्यांकन राजकीय इंटर कॉलेज और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शनिवार से शुरू हुआ। रविवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की 18715 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। अब तक 23399 उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकित की गयी हैं। इनमें हाईस्कूल की 7326 और इंटरमीडिएट की 16073 कापियों का मूल्यांकन 92 उप प्रधान परीक्षक व 742 परीक्षकों ने किया।

यूपी बोर्ड की कापियों के मूल्यांकन कड़ी सुरक्षा के बीच सीसीटीवी की निगरानी में किया जा रहा है। मूल्यांकन में लगे परीक्षकों की मोबाइल केंद्र के गेट पर ही जमा कराने के बाद प्रवेश दिया जा रहा है। दोनों मूल्यांकन केंद्रों पर दो लाख 55 हजार 393 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 135 उप प्रधान परीक्षक और 1419 परीक्षकों को लगाया गया है। इसमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की 127565 कापियों के मूल्यांकन के लिए 76 उप प्रधान परीक्षक और 836 परीक्षक लगाए गए हैं। वहीं राजकीय इंटर कॉलेज केंद्र पर इंटरमीडिएट की 127828 उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 59 उप प्रधान परीक्षक और 583 परीक्षक को लगाया गया था। इसके सापेक्ष राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 119473 कापियां मूल्यांकन को प्राप्त हुई है। इसका मूल्यांकन करने को लेकर उपस्थित 36 उप प्रधान परीक्षक और 422 परीक्षकों ने शनिवार को 6816 कापियों का मूल्यांकन किया। वहीं राजकीय इंटर कॉलेज में प्राप्त हुई 120433 कापियों के मूल्यांकन के लिए 56 उप प्रधान परीक्षक और 204 परीक्षकों ने 11899 कापियां जांची।

### शिक्षक महासभा ने किया मोबाइल जमा कराने का विरोध

बाराबंकी, अमृत विचार : यूपी बोर्ड की उत्तर-पुस्तिकाओं को लेकर बनाए गए मूल्यांकन केंद्र पर परीक्षकों के मोबाइल फोन जमा कराने का विरोध शिक्षक महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष तेज कुमार उपाध्याय ने किया है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा यह गुरुओं का अपमान है। उन्होंने कहाकि परीक्षक गोपनीयता भंग नहीं करेंगे। इस पर विश्वास होना चाहिए। इसके बावजूद अगर कोई परीक्षक गोपनीयता उजागर करे तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण 2023 में हाईस्कूल की सामाजिक विषय की कापियों का मूल्यांकन करने वाले परीक्षकों को अब तक पारिश्रमिक नहीं दिया गया है।

## छह शातिरों पर लगा गैंगस्टर एक्ट

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : देवा कोतवाली क्षेत्र में लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले छह शातिरों के खिलाफ गैंगस्टर के तहत केस दर्ज किया गया है।

यह मुकदमे देवा कोतवाल अनिल कुमार पांडे ने दर्ज कराये हैं। कोतवाल ने बताया कि अमित, सुरेश, संजय निवासी खेवली थाना देवा, राजेंद्र चौहान निवासी पींड थाना देवा, सोमिल निवासी इब्राहिमपुर कलां थाना देवा और शिवप्रसाद निवासी जैदपुर ने देवा कोतवाली क्षेत्र में लूट की कई घटनाओं को अंजाम दिया है। इन वारदातों का खुलासा भी हो चुका है और ये लोग अपना अपराध स्वीकार भी कर चुके हैं। एक आरोपी राजेंद्र चौहान निवासी पींड को गैंगस्टर एक्ट के तहत गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

## सार-संक्षेप

### लोहिया अस्पताल में होगा दुधमुंही अनन्या का इलाज

सतरिख, बाराबंकी : अमृत विचार : जन्म से ही माथे पर फोड़े जैसी सूजन से जूझ रही चार माह की अनन्या का उपचार लखनऊ के लोहिया अस्पताल में होगा। जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत डेहवा गांव निवासी महेश की पत्नी गुड़िया ने चार महीने पहले बेटी को जन्म दिया था। उसका नाम अनन्या रखा गया। जन्म से ही बच्ची के माथे पर फोड़े जैसी सूजन थी। महेश ने बेटी को कई चिकित्सकों को दिखाया, लेकिन इलाज नहीं हो सका। आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ता के माध्यम से सीएचसी सतरिख के अधीक्षक डॉ. नितीश सिंह को इसकी जानकारी मिली। उन्होंने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम के डा. सुधीर कुमार को मौके पर भेजा। बच्ची को देखने के बाद टीम उसे सीएचसी लायी। यहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल से उसे लखनऊ के लोहिया अस्पताल भेजा गया है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के चिकित्सक डा. नफीस खान ने बताया कि बच्ची में जो समस्या है उसे मेनिंनजोसील बीमारी कहते हैं, इसका इलाज ऑपरेशन से संभव है। इसीलिए बच्ची को लेकर उसके माता-पिता लोहिया अस्पताल गए हैं। ऑपरेशन के बाद वह ठीक हो जाएगी।

### श्रीमद्भागवत कथा में हैं सात वक्ता


मुरली मनोहर शास्त्री।

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : क्षेत्र के नरौली गांव में चल रहे श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन कथा व्यास मुरली मनोहर शास्त्री ने श्रीमद्भागवत की कथा परम्परा का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत में सात वक्ता और सात श्रोता हैं। सूत ने सौनक को, सनतकुमार ने भक्ति ज्ञान और बैराग्य ने गोकर्ण व धुंधकारी को, शुकदेव ने परीक्षित को, मैत्रेय ने विदुर को और मैं आप सभी भक्तों को यह कथा सुना रहा हूं। उन्होंने स्वाहा और स्वधा का विश्लेषण करते हुए कहा कि स्वाहा का तर्पण है जबकि स्वधा पितरों का तर्पण है। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.राम बहादुर मिश्रा, ओमप्रकाश अवस्थी, पं. सिद्धनाथ तिवारी, नंदकुमार, हरि शंकर, धर्मेंद्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### प्रभु श्रीराम सभी के लिए आदर्श : संजय


धनुष यज्ञ लीला में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : प्रभु श्रीराम हम सभी के लिए आदर्श हैं। उनके जीवन चरित्र से समाज को प्रेरणा लेनी चाहिए। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने सत्य का मार्ग नहीं छोड़ा। धर्म के रास्ते पर चलकर मर्यादा का पालन किया और समाज में मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। यह बातें रामनगर ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने ग्राम इब्राहिमपुर में युवा सिंह वाहिनी सेवा समिति के द्वारा रविवार को आयोजित धनुष यज्ञ की लीला में बोलते हुए कहीं। ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी ने कहा कि प्रभु श्री राम आजीवन माता-पिता गुरु की आज्ञा का पालन करते रहे। धर्म की रक्षा के लिए उन्होंने तमाम कष्ट सहे। आज की युवा पीढ़ी को रामचरितमानस का अध्ययन करना चाहिए और प्रभु श्री राम के आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए। कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथि संजय तिवारी का पूर्व प्रधान रामनिवास तिवारी, संतोष कुमार मिश्रा, इंद्र कुमार तिवारी, शारदा प्रसाद अवस्थी, दयाशंकर मिश्र, राम सिमरन मिश्रा बाबाजी, शिव संत मिश्रा समेत अन्य लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया।

# 3384 ग्रामीण साक्षरता परीक्षा में हुए शामिल


नवभारत साक्षरता परीक्षा में शामिल ग्रामीण। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** नव भारत साक्षरता परीक्षा का आयोजन रविवार को जिले के परीक्षा केंद्र बने 464 प्राथमिक विद्यालयों में किया गया। इस परीक्षा में पंजीकृत 4631 के सापेक्ष 3384 ने परीक्षा दी। इसमें 2288 महिलाएं और 1093 पुरुष शामिल थे। रविवार को आयोजित नवभारत साक्षरता परीक्षा को लेकर उत्साह दिखा। जिन स्कूलों में उनके बच्चे पढ़ते है, उन स्कूलों में उनके निरक्षर माता-पिता परीक्षा देने पहुंचे। बीएसए के साथ ही बीईओ और जिला समन्वयक ने भी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

# मार्ग निर्माण में अनियमितता पर फूटा गुस्सा

सतरिख, बाराबंकी


बबुराबांध गांव में प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग करने से नाराज ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया और इसे दोबारा बनाए जाने की मांग की है।

हरख ब्लॉक के जैदपुर से बबुराबांध गांव तक सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। बबुरा बांध निवासी गुड्डू, बलराम, बिंदेश्वर, सहजराम, रामविलास तथा नरेंद्र आदि ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क वर्षों से खराब थी। प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग ने सड़क बनाने का कार्य शुरू किया तो कदम कदम पर अनियमितताएं बरती जा रही है। सड़क बनाने से पहले उस पर पड़ी मिट्टी और धूल तक साफ साफ की गई। जिन स्थानों पर सड़क उखड़ गई थी और गहरे गड्ढे हो गए थे। वहां पर अतिरिक्त गिट्टी नहीं डाली जा रही है, जिससे कई स्थानों पर सड़क ऊंची और कुछ स्थानों पर काफी नीची हो गयी है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में एक इंच से कम मोटी गिट्टी की लेयर डाली जा रही है। इस बात की जानकारी पहले विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों को दी गई थी। सुनवाई नहीं हुई तो जिले के अधिकारियों को बताया गया। लेकिन मौके पर आज़ तक देखने कोई नहीं आया, शिकायत के बाद सड़क निर्माण कार्य से जुड़े लोग धमका रहे हैं। इस संबंध में प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता आरके राम का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच कर लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भंडारे के साथ श्रीमद्भागवत कथा का समापन

मसौली, बाराबंकी


श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत बड़ागांव के मोहल्ला नालीपार में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भागवत कथा के अंतिम दिन कथावाचक उमेश महराज ने नंदबाबा की कथा सुना कर भक्तों को श्रीकृष्ण की भक्ति में विभोर कर दिया।

उन्होंने कहा कि मनुष्य को हमेशा सदकर्मों पर चलना चाहिए। जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ते हैं तो प्रभु अवतार लेकर आते हैं। इस मौक़े पर आयोजक श्रवण, कन्हैयालाल, राकेश, राजेंद्र, जसकरण, सुरजन, मुरली, विजय, राजू, अश्वनी, प्रमोद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


## वर्ग पहेली-13

**बाएं से दाएं**

3. 1. बधाई, मुबारक कहने की क्रिया 2. शुभकामना, बधाई गीत।
4. 1. पत्नी, शादीशुदा स्त्री, जोरू 2. वह स्त्री जिसने बच्चे को जन्म दिया हो।
5. 1. फेंका हुआ 2. नष्ट किया हुआ, विनष्ट 3. जो मार डाला गया हो 4. जड़ा हुआ, संलग्न।
7. हृदय, जीव, मन, जी।
9. गोताख़ोर, समुद्र तल पर पड़ी हुई वस्तु निकालने वाला व्यक्ति।
10. अंग्रेज़ी टोपी, टोप।

**ऊपर से नीचे**

1. एक संदूकनुमा विलायती बाजा जो भारतीय संगीत के क्षेत्र में काफ़ी लोकप्रिय है।
2. गूमट, गुमड़ा, माथे या सिर पर चोट लगने से उभर आने वाली गोल सूजन, गुलमा।
3. 1. उपलब्ध, मौजूद 2. तैयार, प्रस्तुत।
4. 1. जीवन का सहारा, प्राणाधार 2. प्रेयसी।
6. 1. गरमी, ताप 2. हलका बुख़ार।
8. संख्या '86' का सूचक।



### वर्ग पहेली -12 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 क | जा | वा | ■ | ■ | 2 गँ | ■ |
| ला | ■ | ■ | 3 वै | ■ | द | ■ |
| कं | ■ | 4 अ | ध | 5 ज | ला | ■ |
| 6 द | शा | व | ता | र | ■ | 7 खं |
| ■ | ■ | गा | ■ | 8 क | रं | ड |
| 9 अ | गू | ढ़ | ■ | टी | ■ | सा |
| ल | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | री |

## सुडोकू -92

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 7 | | | | 3 |
| 9 | | 2 | | | | | 8 | |
| | 7 | | 8 | | | 4 | | |
| 5 | | | 3 | | | 8 | 9 | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 6 | 1 | | | 2 |
| | | 1 | | | 2 | | | |
| | | | | | | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |

### सुडोकू -91 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 7 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 5 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 4 | 7 | 9 | 2 | 5 | 6 |
| 4 | 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 5 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 6 | 4 | 7 | 9 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 8 | 1 | 9 | 4 |
| 5 | 9 | 8 | 1 | 2 | 4 | 6 | 7 | 3 |

# दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी को मायके छोड़ा

करनैलगंज, अमृत विचार: दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने पत्नी को प्रताड़ित करने के बाद उसके मायके छोड़कर चला गया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पैरौरी के मजरा अमृत पुरी पुरवा निवासी प्रगास गौतम की पुत्री आशा ने कोतवाली में तहरीर दिया है। जिसमें कहा गया है की जून 2022 में थाना कटरा बाजार अंतर्गत ग्राम जिगनिया निवासी एक युवक के साथ उसकी शादी हुई थी। उसके बाद पति सहित ससुराल के अन्य लोग शादी में दहेज कम मिलने की बात कहते हुए बाइक, सोने की चैन व 25 हजार रुपए नकदी की मांग करने लगे। ससुराल वाले मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने लगे।

### पूर्व प्रधान का निधन

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : गौरा के पूर्व प्रधान का शनिवार देर शाम लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। रविवार को गोमती नदी के अवसानेश्वर घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। पूर्व प्रधान जमुना प्रसाद तिवारी स्व.सुरेंद्रनाथ पुत्तू भैया के साअभिन्न साथी थे। अंतिम संस्कार में राजनीतिक बंधनों से ऊपर उठकर सभी दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत, पूर्व विधायक बैजनाथ रावत, पूर्व विधायक राममगन रावत, तनुज पुनिया, नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, सिद्धार्थ अवस्थी, ओमप्रकाश सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अल्पसंख्यकों के हक सुरक्षित करेगा सीएए

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


**अमृत प्रभात :** आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कहा कि किसी भी राष्ट्रीय स्तर पर लागू कानून को लेकर भ्रम होना स्वाभाविक है, पर जरूरत इस बात की है कि जागरूकता अपनाते हुए उस भ्रम को दूर किया जाये। यही दशा सीएए की भी है। सबसे ज्यादा अल्पसंख्यक इस कानून को लेकर अफवाहों से घिरा है जबकि यह कानून किसी भी दशा में उनके हितों को प्रभावित नहीं करता। यह कानून देश से बाहर रहने वाले धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकार सुरक्षित करेगा।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 22.49 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 18.10 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** – आज किसी बड़ी योजना में धन निवेश करने का विचार मन में आ सकता है। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। सोसाइटी में रहते हैं तो किसी आयोजन में सम्मिलित होंगे तथा मन उत्साह से भरा हुआ रहेगा। व्यवसाय में नया प्रयोग लाभकारी सिद्ध होगा।

**वृष** – आज प्रेम संबंधों में ऊंच-नीच का भाव उत्पन्न होगा। कुछ बातों को लेकर निराशा का भाव उत्पन्न होगा तो कुछ बातों को लेकर मन प्रसन्न भी रहेगा। ऐसे में अपनी भावनाओं को नियंत्रण में रखें। ऑफिस में आपका अपमान हो सकता है।

**मिथुन** – आज स्वास्थ्य खराब हो तो मेडिकल चेकअप अवश्य कराएं। समय का प्रबंधन काम आएगा तथा अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। मन पहले की अपेक्षा खुश होगा तथा कुछ नया करने का विचार मन में आ सकता है।

**कर्क** – आज लंबे समय से किसी कार्य को करने की योजना बना रहे थे तो वह पूर्ण हो जाएगा। सिंगल लोगों को सोशल मीडिया पर किसी के प्रति आकर्षण का भाव आएगा। पुराने मित्रों के साथ गेट-टुगेदर कर सकते हैं।

**सिंह** – आज मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे छात्रों को अपने लिए सुनहरे अवसर मिलेंगे, जो उनकी प्रतिभा को निखारने में सहायक सिद्ध होंगे। ऐसे में किसी भी अवसर को हाथ से न जाने दें और मन लगाकर काम करें।

**कन्या** – आज नई स्किल्स सीखने के लिए बहुत अच्छा समय है। दिन का समय तो सामान्य रहेगा, लेकिन शाम होते-होते कुछ ऐसा घटित हो सकता है जिससे मन में बेचैनी का भाव उत्पन्न होगा। संतान को लेकर भी चिंता रह सकती है।

**तुला** – आज का दिन राजनीति से जुड़े लोगों के लिए शुभ संकेत लेकर आ रहा है। कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, जो आपका करियर बनाने में सहायक सिद्ध होगी। कारोबार में बड़ी साझेदारी के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक** – आज नौकरी करते हैं तो कार्यक्षेत्र में सम्मान के भागीदार बनेंगे। आपके काम की प्रशंसा की जाएगी तथा प्रमोशन से जुड़ी बात आगे बढ़ेगी। भाई या बहन का साथ मिलेगा जो मन को आनंदित करेगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**धनु** – आज परिवार में किसी पुरानी बात को लेकर मतभेद सामने आएगा। ऐसे में अपनी बातों को तार्किक तरीके से रखेंगे तो स्थिति बेहतर रहेगी। सभी के साथ मेलजोल बनाकर रखें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**मकर** – आज आपको लंबी दूरी की यात्रा करने से बचना चाहिए। सरकारी अधिकारियों को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। सामाजिक कार्यों को करने में मन लगेगा तथा समाज में भी आपकी प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

**कुंभ** – आज आपके मन में व्यापार को लेकर नए-नए आइडियाज आ सकते हैं। विश्वासघाती मित्रों की पहचान हो सकती है। अस्थमा के रोगियों को विशेष रूप से अपना ध्यान रखने की आवश्यकता है। संतान की जॉब संबंधी परेशानी का समाधान होगा।

**मीन** – आज किराना व्यापारियों को बड़ा लाभ मिलने का प्रबल योग हैं। यदि आपने पैसों को शेयर बाजार में निवेश किया हुआ है तो वहां से उचित लाभ भी मिलेगा। पेट में मरोड़ और दर्द की शिकायत हो सकती है। कहीं की यात्रा कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- क्यों की – सुबह : 11.00
- सरफरोश – रात : 07.00

Sony Max
- पागलपंती – सुबह : 10.43
- वाटला हाउस – रात : 07.00

Sony Pix
- एनाबेल – सुबह : 10.46
- ज़ॉम्बीलैंड – रात : 09.00

Zee Cinema
- सड़क – सुबह : 10.30
- फटा पोस्टर निकला हीरो – रात : 07.30

Colors Cineplex
- कभी खुशी कभी गम – दोपहर : 12.51
- भोला शंकर – रात : 07.57

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर रात : 07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी मायके से-कैसे हो?
पति – ठीक हूं
पत्नी- जब मेरी याद आती है तो क्या करते हो?
पति – तुम्हारी पसंदीदा आइसक्रीम केसर पिस्ता या अमूल नट्स खा लेता हूं और मेरी याद आने पर तुम क्या करती हो?
पत्नी- मैं भी 'रॉयल स्टेज' काक्वाटर और तीन सिगरेट पीकर एक रजनीगंधा खा लेती हूं।

सास (दामाद से)- आप काम क्या करते हैं?
दामाद- जी मैं पायलट हूं।
सास- अच्छा कौन-सी एयरलाइंस में पायलट हैं?
दामाद- अरे मैं वो शादियों में ड्रोन उड़ाता हूं।



7वां रोजा

शिया
सहरी : 04.43 बजे
इफ्तार : 06.26 बजे

सुन्नी
सहरी : 04 .49 बजे
इफ्तार : 06.15 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# ऊंचाहार के युवक की राजस्थान में मौत, हंगामा

- ग्रामीणों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस ने कराया शांत

ऊंचाहार, रायबरेली।

**अमृत विचार।** राजस्थान प्रांत की एक राइस मिल में काम कर रहे ऊंचाहार के युवक का शव फंदे पर लटकता हुआ मिला। उसका शव जब रविवार को उसके गांव पहुंचा तो बवाल हो गया। ग्रामीणों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी प्रकार ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया।

मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव खालिकपुर कलां का है। गांव का निवासी युवक संजय कुमार पुत्र गजाधर राजस्थान प्रांत में एक राइसमिल में काम करता था। बताते हैं कि दो दिन पहले उसके कमरे में उसका शव फंदे पर लटकता हुआ मिला था। राजस्थान पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। उसके बाद शव रविवार को उसके गांव पहुंचा, तो परिवार में कोहराम मच गया। शव को ग्रामीणों ने देखा तो हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। ग्रामीण युवक के साथ रह रहे उसके साथियों पर आरोप लगा रहे थे। ग्रामीणों के आक्रोश की सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस फोर्स गांव पहुंची और काफी मशक्कत के बाद किसी तरह समझा-बुझाकर ग्रामीणों को शांत किया। कोतवाल अनिल कुमार सिंह का कहना है कि राजस्थान में शव का पोस्ट मार्टम हो चुका है। पीएम रिपोर्ट मिलने पर मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा।

# सदियों पुराना सपना होगा साकार, सई नदी पर बनेगा पुल

परशदेपुर, रायबरेली।

**अमृत विचार।** सदियों से नाव से नदी पार कर रहे ग्रामीणों का पुल बनने का सपना अब जल्द ही साकार होने वाला है। डीह ब्लॉक में हाजीपुर-माधवपुर मार्ग में सई नदी पर पुल निर्माण के लिए पहली किस्त जारी कर दी गई है। अब जल्द ही कार्य शुरू हो जाएगा।

डीह ब्लॉक में प्रतापगढ़ बॉर्डर पर हाजीपुर व सलोन ब्लॉक के माधवपुर गांव के बीच सई नदी है। हाजीपुर में सेवाकबीर बाबा व माधवपुर में प्राचीन सिद्धेश्वर धाम है यहां पर श्रद्धालुओं का अक्सर आवागमन होता रहता है। प्रतापगढ़ बॉर्डर होने से मुस्तफाबाद, परानीपुर, ननौती व डीह ब्लॉक के कई गांवों के ग्रामीण रोजाना नाव से नदी पार कर सलोन की तरफ जाते हैं। गांव के बच्चे भी पढ़ने के लिए सलोन के कॉलेजों में जाते हैं। सलोन के गांवों से भी रोजाना ग्रामीणों का आवागमन रहता है। लेकिन नदी पर पुल न होने से ग्रामीणों को नाव से नदी पार करनी पड़ती है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने इसका संज्ञान लेते हुए लखनऊ के अधिकारियों से बात की थी। उनके प्रयासों से दशकों से लंबित सई नदी पर पुल निर्माण के लिए 18 करोड़, 15 लाख, 09 हजार रूपए स्वीकृत हुआ था।

आचार संहिता लगने से पूर्व पुल निर्माण की कार्यदायी संस्था सेतु निगम को शासन ने पहली किश्त 09 करोड़, 07 लाख, 55 हजार रुपए की धनराशि जारी कर दी है। अब जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।



नाव से सई नदी से आते-जाते लोग।

'स्मृति के प्रयासों से हाजीपुर-माधवपुर मार्ग में सई नदी पर पुल निर्माण के लिए पहली किश्त जारी हो गई है। अब लोगों के आवागमन की समस्या जल्द ही दूर हो जायेगी।'

-अशोक कुमार
विधायक सलोन

'स्मृति अपने संसदीय क्षेत्र के संपूर्ण विकास को लेकर लगातार प्रयासरत रहती हैं। सांसद के प्रयासों से सलोन विधान सभा में सई नदी पर पुल निर्माण के लिए सभी बाधाएं दूर हो गई हैं।'

-विजय गुप्ता, प्रतिनिधि
केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी

### विधायक ने पिता के अधूरे सपने को किया पूरा

दिवगंत विधायक दल बहादुर कोरी ने भी पुल निर्माण के लिए काफी प्रयास किया था। बताते हैं शासन से पुल निर्माण की घोषणा भी की गई लेकिन धरातल पर कुछ भी नहीं उतर पाया। विधायक बनने पर दल बहादुर कोरी के पुत्र अशोक कुमार ने बीते 05 फरवरी को ये मुद्दा विधान सभा में भी उठाया था। उन्होंने लगातार केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से इसकी पैरवी भी की थी।

### पुल निर्माण से नाविक गंगादीन को भी है खुशी

नाव से लोगों को पुल पार कराने की पुरखों की विरासत संभाले नाविक गंगादीन भी पुल निर्माण की जानकारी मिलने पर काफी खुश हैं। बताया कि उनके पुरखे भी लोगों को नाव से नदी पार कराते थे। पुल पार करने पर ग्रामीणों से पांच रुपए लेते हैं। मोटरसाइकिल के साथ नदी पार करने पर 10 रुपए ग्रामीणों को देना पड़ता है।

## एक नजर

### गिरने से युवक की मौत

**राही, रायबरेली, अमृत विचार।** भट्टे में काम करने गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। भदोखर थाना क्षेत्र के बेलागुसीसी निवासी कंधई पुत्र स्व. रामप्रसाद दो माह पहले हरियाणा स्थित एक भट्टे में मजदूरी करने गया था। शनिवार की देर रात भट्टे में काम कर रहे साथियों द्वारा कंधई की मौत की सूचना परिजनों को मिली। मृतक की बहन रामा देवी ने बताया कि भैया भट्टे की राख निकाल रहे थे तभी ईंटों की दीवार उसके ऊपर गिर गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सक ने कंधई को मृत घोषित कर दिया।

### बाइक गिरी, दो घायल

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** बहन के घर से वापस लौट रहे दो युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां एक युवक की हालत गंभीर देख उसे रेफर कर दिया गया। बताते चले कि कोतवाली क्षेत्र के सेमरहा निवासी अपनी बहन के घर जनपद अमेठी के थाना मोहनगंज अंतर्गत चिलिहा गांव गया था, जहां से देर रात वह वापस अपने घर आ रहा था तभी कोतवाली क्षेत्र के बुकवा गांव के पास उसकी गाड़ी अनियंत्रित होकर गिर गई जिससे राम बरन पुत्र रामजीत निवासी सेमरहा व मनीष पुत्र राकेश निवासी चिलिहा गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से एम्बुलेंस द्वारा घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर एक की हालत गभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### युवक को भेजा जेल

**महराजगंज, रायबरेली।** चेकिंग के दौरान अवैध तमंचा के साथ एक युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार। आपको बताते चलें थाना क्षेत्र अंतर्गत चेकिंग के दौरान 12 बोर का नाजायज तमंचा और साथ ही 12 बोर का कारतूस सहित अभियुक्त सुनील कुमार पांडे पुत्र स्वर्गीय सरोज कुमार पांडे निवासी ग्राम जानुआडीह खुर्द थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी जांच उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार यादव के द्वारा की जाएगी।

# पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, सहमे लोग

- हादसे में एक की मौत, दूसरा गंभीर
- महराजगंज क्षेत्र के पहरेमऊ गांव का मामला

महराजगंज, रायबरेली।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में रविवार की दोहपर एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। घटना में एक श्रमिक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी होते ही प्रशासन के हाथ पैर फूल गए। आनन-फानन भारी संख्या में पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

थाना क्षेत्र के पहरेमऊ गांव से करीब 300 मीटर दूर बाग में लाल मोहम्मद की लाइसेंसी पटाखा फैक्ट्री है। रविवार को इस फैक्ट्री में उस समय विस्फोट हो गया जब दो श्रमिक बाइक से कुछ सामान उतार रहे थे। इसी दौरान विस्फोट हो गया। घटना में वीरेंद्र कुमार 19 निवासी पहरेमऊ की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे श्रमिक शिवम पुत्र देवेंद्र को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। विस्फोट इतना भयावह था कि मृतक का शव लगभग दस फिट ऊपर पेड़ से टकरा कर दूर बगल झाड़ी में जा गिरा। वहीं शव से एक हाथ नहीं मिला। जबकि मौके पर मिली बाइक का अगला हिस्सा भी पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त मिला। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है बाइक से ही पटाखा लाया गया होगा। घटना की जानकारी होते ही सीओ यदुवेन्द्र पाल, कोतवाल बालेंदु गौतम ने मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी। घटना की जानकारी पर मौका मुआयना करने पहुंचे एएसपी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि फारेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।



पहरेमऊ गांव में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद लगी भीड़।



घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह।



मृतक वीरेंद्र कुमार

### राज्यमंत्री ने बंधाया ढांढस


पहरेमऊ गांव में जैसे ही पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट की जानकारी राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह को हुई तो वह जनता दरबार से तुरंत गांव पहुंचे और अधिकारियों से घटना के बाबत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए उन्हें हर संभव मदद व घायल के बेहतर इलाज कराए जाने का आशवासन दिया।

### पेट पालने के लिए फैक्ट्री में काम करते थे किशोर

मजबूरी में दोनों किशोर जान जोखिम में डालकर पटाखा फैक्ट्री में काम करने लगे। मृतक बीरेंद्र के पिता राघवेंद्र उर्फ ऊदल पहरेमऊ चौराहे पर पान की दुकान लगाते हैं। मृतक बीरेंद्र के चार भाई व तीन बहनें हैं। बड़ा परिवार होने के कारण बीरेंद्र लाल मोहम्मद की पटाखा फैक्ट्री में काम करने लगा। वहीं 15 वर्षीय घायल शिवम उर्फ छोटू के पिता देवेंद्र क़रीब 15 दिन पहले सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हें इलाज के लिए लखनऊ में भर्ती किया गया है। घर की माली हालत ठीक न होने से शिवम भी अपने चचेरे भाई वीरेंद्र के साथ पटाखा फैक्ट्री में काम करने गया था।

### घटना के बाद गांव में मची अफरा-तफरी

घटना में विस्फोट इतना भयावह रहा कि आस-पास के कई गांवों में दहशत का माहौल बना है। वहीं विस्फोट वाली जगह से लगभग 25 मीटर दूर पर बने कच्चे कमरे में भारी मात्रा में तैयार गोला बारूद व विस्फोट रखा हुआ है। विस्फोट के बाद से ही लाइसेंस धारक फरार है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि यदि विस्फोट फैक्ट्री में होता तो परिणाम इससे भयावह होता ।



पहरेमऊ गांव में जांच-पड़ताल करती पुलिस।



घायल को इमरजेंसी ले जाते स्वास्थ्यकर्मी।

## सार-संक्षेप

### युवक का मिला शव, हत्या की आशंका



मृतक के रोते-बिलखते परिजन, अन्य। अमृत विचार

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अंतगर्त ग्राम जलालपुर में एक नवयुवक का शव मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गयी। मृतक के परिजनों के अनुसार गांव के एक व्यक्ति के साथ घर से बाहर निकला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर गांव में मृतक की मां ने पुलिस को बताया कि रात में गांव का रहने वाला तुलसीराम उसके बेटे को बुलाने आया था। उसका बेटा सुनील तुलसीराम के साथ बाहर गया था। जब काफी समय बीत जाने के बाद सुनील वापस घर नही लौटा तो उसकी खोजबीन शुरू की गई। काफी देर तलाश करने के बाद दुकान पर ढूंढा गया तो सुनील मृत अवस्था में दुकान में रखे तखत के नीचे पड़ा हुआ मिला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर आई और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### 19 जोन में बंटा जिला, 21 लाख मतदाता चुनेंगे अपना सांसद

**रायबरेली, अमृत विचार।** आचार संहिता के साथ ही लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया का आगाज हो गया है। जिला प्रशासन पहले से ही चुनाव को लेकर सक्रिय रहा, लेकिन शनिवार को आचार संहिता लगते ही प्रशासन और तेज हो गया है। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अधिकारियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए कमर कस रखी है। चुनाव को लेकर जिले को 19 जोन में बांटा गया है जबकि 168 सेक्टर बनाए गए हैं। कलेक्ट्रेट परिसर में बने लोकसभा चुनाव कंट्रोल रूम को भी सक्रिय कर दिया गया है, लेकिन रविवार को जानकारी करने पर पता चला है कि अभी किसी प्रकार की कोई सूचना नही आई है। कंट्रोल रूम में चार फोन है लेकिन अभी एक ही नंबर काम कर रहा है। आचार संहिता लगने के दूसरे दिन भी अधिकारियों द्वारा होर्डिंग बैनर हटवाई जा रही है। इस बार लगभग 21 लाख मतदाता अपना सांसद चुनेंगे।

### मारपीट में तीन नामजद व 10 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत इस्माइलमऊ के रहने वाले एक युवक ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि डीजे के ऊपर चढ़कर दबंगों ने शोर शराबा किया और उसके साथ मारपीट की। पीड़ित ने तीन नामजद व 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी। थाना क्षेत्र के इस्माइलमऊ के रहने वाले विकास साहू चूली गांव में लड़की की शादी में डीजे बजाने गया था, जहां पर डीजे पर एक दर्जन लोग चढ़ आए और शोर शराबा करने लगे। उसके मना करने पर सरहंगों ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट में विकास साहू व उसके पिता दयाराम को गंभीर चोटे आई। घायलों को गौरा सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला चिकित्सालय भेजा गया। पीड़ित विकास साहू ने थाने में तहरीर देकर तीन नामजद व 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी। थानाध्यक्ष बबिता पटेल ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन नामजद व 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया गया।

### भंडारे में भक्तों ने छका प्रसाद

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** रालपुर गांव के आदि शक्ति मां सूर्य कुमारी की पुण्यस्थली में आदि शक्ति मां भक्त सुरेश सेवा संस्थान द्वारा भंडारा संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में भंडारे का प्रसाद चखा। इसमें शामिल श्रद्धालुओं में डॉ. पवन अग्निहोत्री, डॉ. अंजनी अग्निहोत्री, राजेंद्र अग्निहोत्री, शिवांक शुक्ला, शशांक शुक्ला, शशि भूषण, प्रवीण तिवारी, डॉ. राम भूषण और शशांक अग्निहोत्री और श्रीकांत अग्निहोत्री, राकेश द्विवेदी, दुर्गा शंकर अग्निहोत्री, राजेंद्र त्रिवेदी, राम शरण अग्निहोत्री, करुणा शंकर द्विवेदी, सतीश अग्निहोत्री, सचिन पांडेय, सुमित शुक्ला, सचिन अग्निहोत्री, राजेश अग्निहोत्री, मुन्ना अग्निहोत्री, शंकर, दीप्ति सिंह, करुणा शंकर बाजपेई, सतगुरु, नीरज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### सुकून और शांति हर किसी को चाहिए : महात्मा



संत निरंकारी सत्संग भवन में सत्संग सुनते भक्त।

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** संत निरंकारी सत्संग भवन में रविवार को सत्संग का आयोजन किया गया। संत निरंकारी सत्संग भवन सत्संग के अध्यक्षता करते हुए महात्मा तेजराम ने कहा है। कि संसार में आज सुकून और शांति हर किसी को चाहिए हर इंसान एक सुकून और शांति भरी जिंदगी जीना चाहता है। जब तक हमारा नाता माया से जुड़ा रहेगा तब तक सुकून और शांति हमारे जीवन में नहीं आ सकती। यह चंचल परिवर्तनशील है। इस मौके पर बसंत लाल संजय सिंह अशोक कुमार के डी बाजपेई महेश मितेश रामनरेश शिव मुहूर्त बाबूलाल अनुसार रूपाली प्रेरणा सीमा शांति रजनी रेखा बबिता आदि साथ संगत मौजूद रहे।

### गुरु के बिना नहीं हो सकता जीवन सार्थक : मुकेश आनंद

**परशदेपुर, रायबरेली,अमृत विचार।** कस्बे के महवीरन मोहल्ले में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास मुकेश आनंद महाराज ने सृष्टि की रचना के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि सबसे पहले भगवान श्री हरि विष्णु की नाभि से कमल के फूल पर बैठे ब्रह्मा जी की उत्पत्ति हुई और भगवान श्री हरि विष्णु के आदेश के अनुसार ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की। उन्होंने बताया कि जीवन में गुरु की महत्ता है। बिना गुरु के संसार नही है। इसीलिए मीरा भाग कर काशी आई और पूज्य रामनंदा चार्य से मिली थी। कथा व्यास ने बताया कि राम ने जीवन के प्रत्येक क्षण में गुरु बनाया है। जीवन में बिना गुरु के चलना बिना प्रकाश के अंधकार की ओर चलना है। उन्होंने बताया कि महिलाएं पुरुषों के बराबर नहीं बल्कि उनसे बड़ी होती हैं। पहले सीता, फिर राम है। पहले राधा, फिर कृष्ण हैं। ब्रह्मा का बायां अंग नारी है और दाया अंग पुरुष है। नारी भावना प्रधान होती है और पुरुष बुद्धि प्रधान होता है।

# व्यापारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

डलमऊ, रायबरेली।

**अमृत विचार।** मुराई बाग कस्बे में लगने वाले भीषण जाम सहित अन्य समस्याओं को लेकर शनिवार को डलमऊ तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल इकाई डलमऊ के नगर अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य ने पदाधिकारीयों के साथ नगर की प्रमुख समस्याओं को लेकर डीएम हर्षिता माथुर को ज्ञापन सौंप कर समस्याओं से निजात दिलाने की मांग की है।

व्यापारियों द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि मुराई बाग कस्बे में विद्यालय खुलने एवं बंद होने के समय तक भारी वाहनों की आवागमन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है क्योंकि इस दौरान स्कूली बच्चों के साथ किसी घटना के होने की आशंका बनी रहती है। व्यापारियों ने मुराई बाग कस्बे में सड़क की पटरी पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने एवं कार्यवाही करने तथा साप्ताहिक बंदी शुक्रवार के दिन कुछ व्यापारियों द्वारा डीएम के आदेश की अनदेखी की जा रही है। ट्रैफिक आवागमन के लिए स्थाई रूप या अस्थाई रूप वनवे की व्यवस्था करने एवं रेलवे गेट बंद होने के समय रेलवे गेट के दोनों तरफ एक-एक पुलिस कर्मी तैनात किए जाने की मांग की है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य,आशीष सोनी, पथवारी शंकर, सुनील हांडा गौरव गुप्ता, पुरषोत्तम शुक्ला, दिनेश मौर्य, टेसू दीक्षित, मोहम्मद सईद, अनिल मिश्रा, महताब आलम, मोहित द्विवेदी सहित अन्य व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।



डीएम को ज्ञापन देते व्यापारी नेता।

## भूमि विवाद में मारपीट आधा दर्जन घायल

**अमावां, रायबरेली, अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की देर रात जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में 6 लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों की सूचना पर पुलिस से मुकदमा दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए भेज दिया है। मिल एरिया थाना क्षेत्र के डिघिया गांव में कदीर उर्फ मुन्ना पुत्र सुबराती व अनीश पुत्र सिद्दिक की पारिवारिक साझे की आठ विस्वा जमीन है। इसके कई हिस्सेदार हैं। इस जमीन पर अपने दो बिस्वा के हिस्से पर कदीर ने दीवार बना ली थी। शनिवार की रात अनीश अपने भाई नफीस के साथ दिल्ली से आया और बनाई गई दीवार को लेकर पूछताछ शुरू कर दी। बिना बंटवारे के ही मुन्ना के द्वारा दीवार बनाना अनीस को नागवार गुजरा और बनाई गई दीवार को लेकर कदीर और अनीश के बीच कहासुनी शुरू हो गई। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों से कदीर, मोहम्मद मुस्लिम, अनीश, नफीस, मोहम्मद सरवर के अलावा मोहम्मद नियाज पुत्र इदरीश समेत 6 लोग घायल हो गए।

# अलग-अलग दो सड़क दुर्घटनाओं में पांच घायल

बछरावां, रायबरेली।

**अमृत विचार।** पहली घटना थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार सुबह लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर चुरुवा पश्चिम गांव बायपास मोड़ पर दो कारों की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में एक कार पर सवार पिता-पुत्र विवेक कुमार त्रिपाठी पुत्र राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी निवासी जबलपुर मध्य प्रदेश व उनके बेटे आदित्य त्रिपाठी पुत्र विवेक कुमार त्रिपाठी व दूसरी कार पर सवार महिला संगीता पत्नी दिनेश कुमार निवासी प्रतापगढ़ थाना लालगंज घायल हो गई।

दूसरी घटना लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कस्बा अंतर्गत स्थित ओवरब्रिज की है, जहां बाइक सवार दो लोग अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि दिल्ली से अपने घर जा रहे घायल जय नरेश गौड़ पुत्र स्व. नंदलाल गौड़ ग्राम पोस्ट राहटीकर थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ एवं घायल सुजीत पुत्र मानिक राम गौड़ निवासी परवनपुर थाना भदोखर दिल्ली से अपने घर जा रहे थे तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाली प्रभारी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# छोटा बच्चा जान के हमको न समझाना पर झूमे नौनिहाल

संवाददाता, रायबरेली।

**अमृत विचार।** बचपन प्ले स्कूल में बचपनिंग का उद्घाटन किया गया। इसके मुख्य अतिथि निफ्ट के निदेशक नन्दन सिंह बोरा रहे। प्रधानाचार्य अचला श्रीवास्तव ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। नन्हे-मुन्हे बच्चों के कार्यक्रम में सर्वप्रथम आराध्या सिंह द्वारा वेलकम स्पीच प्रस्तुत किया गया।

इसके बाद ब्राजील, दिल है छोटा सा छोटी सी आशा, छोटा बच्चा जान के हमको न समझाना रे, मां-पापा सांग, टीचर सांग, राजस्थानी मेडिली, देशवीर जवानों का एवाइड प्लास्टिक सांग, ओल्ड सांग मेदिली, न्यू सांग मेडिली, वाका वाका डान्स पर नन्हे-मुन्हे बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। समाज में संदेश देने के लिए म्यूजिकल प्ले सोशल मीडिया पर अन्नया, अवंतिका, अन्वी, आषी मान्या, अराध्या, स्नेहिल, वेदाश, अन्तिका, सानवी बच्चों ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने अपने अभिभाषण में कहा कि बचपन प्ले स्कूल में बच्चे अपना बचपन जी रहे हैं। बचपन प्ले स्कूल जो 3 से 6 वर्ष तक के लिए शिक्षा के साथ संस्कार देने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर प्रदीप श्रीवास्तव, पियूष, साधना, मीना, पलक, युवराज, प्रिया, सुशील धई, सुनील, अजय, संजीव, विनोद व करनदीप के साथ बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।




बचपन प्ले स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते नन्हे-मुन्हे।

## पर्यावरणीय जागरूकता पर प्रश्नोत्तरी आयोजित

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** इंदिरा गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर के छठवें दिवस का शुभारंभ प्राथमिक विद्यालय पूरे कल्लू का पुरवा में किया गया। डॉ स्नेहा सिंह ने पर्यावरणीय जागरूकता पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, पर्यावरण संबंधी विभिन्न अधिनियमों, नीतियों के संबंध में प्रश्न पूछे। इस अवसर पर पर्यावरण जागरूकता पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पौधारोपण कर भी पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। स्वयंसेवियों को अपने घर या उसके आसपास पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी शिखा मौर्य के द्वारा किया गया। इस अवसर पर रामकरन आदि मौजूद रहे।




स्लोगन लिखी तख्ती दिखातीं छात्राएं।

### राज्यमंत्री के समक्ष सैकड़ों लोगों ने थामा भाजपा का दामन

# बेड़ारु में हुआ भाजपा का मिलन समारोह

शिवगढ़, रायबरेली



भाजपा की सदस्यता लेने के बाद मंत्री के साथ खड़े लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बेड़ारु में भाजपा का मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात स्वतन्त्र प्रभार प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह व भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी का जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों, जनप्रतिनिधियों एवं आम जनमानस द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

विनय वर्मा के नेतृत्व में प्रधान प्रतिनिधि अंकित वर्मा,शिवगढ़ प्रथम से जिला पंचायत सदस्य अनुपमा मिश्रा, खजुरों प्रधान सोनल वर्मा, पिण्डौली प्रधान प्रीती वर्मा, प्रधान अशर्फीलाल यादव, अनिल वर्मा, कृष्णकांत उर्फ दउवा शुक्ला, दुर्गेश बहादुर, राजकुमार यादव, बंसीलाल लोधी,अरुण रावत, मनीराम यादव, महेंद्र वर्मा सहित विभिन्न दलों से आए सैकडों लोगों ने भाजपा का दामन थामा। राज्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एक जीता हुआ एमपी चुनाव जीतने के बाद आपका हाल तक जानने नही आया और एक हारा हुआ एमपी लगातार आपकी सेवाकर रहा है। फैसला आपके हाथ में है कि हमेशा सुख-दुख में साथ खड़े रहने वाले को जितना है या चुनाव जीतने के बाद दिखाई न पड़ने वाले को जिताना है।

जिलाध्यक्ष ने कहाकि भाजपा के बढ़ते जनाधार से लग रहा है यहां से विपक्ष गायब हो गया है। इस मौके पर नन्दकिशोर तिवारी, राजकुमार सिंह, शरद सिंह, सरोज गौतम, अनुभव कक्कड़ राजकिशोर बाजपेई, रतीपाल रावत, भाजपा मण्डल जीबी सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष पवन सिंह, यादव, लल्लन सिंह, नारेन्द्र सिंह, संदीप पाठक, राजकुमार शुक्ला, बेड़ारु प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार, रिंकू सिंह, बलवीर सिंह,आलोक चौधरी, उमाशंकर चौधरी, दिनेश गौतम, सुनील सिंह, पंकज मिश्रा, प्रदीप सिंह, सुरेन्द्र सिंह, उमाकान्त अवस्थी, ललित तिवारी, संतू सिंह, हरिवंश द्विवेदी, पंकज मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## अंजलि मौर्य ने थामा भाजपा का दामन, किया गया स्वागत



भाजपा कार्यालय में अंजलि मौर्य का स्वागत करते जिलाअध्यक्ष व अन्य।

**रायबरेली।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल भवन त्रिपुला में जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी की अध्यक्षता में ऊंचाहार से पूर्व प्रत्याशी रही अंजलि मौर्या का स्वागत किया गया। अंजलि मौर्य ने के लखनऊ में शनिवार को भाजपा की सदस्यता ली थी। भाजपा में शामिल होने के बाद रायबरेली आगमन पर भाजपा कार्यलय में सैकडो कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। भाजपा ज़िलाध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी को समाज के सभी वर्गो का समर्थन मिल रहा है। अंजलि ने लोगो का अभिवादन करते हुए मंच के माध्यम से लोगो से अपील करते हुए कहा कि महिलाओं की सबसे ज्यादा भागीदारी और विश्व स्तर पर महिलाओं का सम्मान बढ़ाने का काम सिर्फ और सिर्फ भाजपा सरकार ने किया है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष आरबी सिंह, जिला महामंत्री शरद सिंह, अमरेश मौर्य, जिला मंत्री विवेक शुक्ला, जिला महामंत्री युवा मोर्चा अनुज मौर्य, सुमित पाण्डेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक से 30 अप्रैल तक चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**संवाददाता, रायबरेली।** संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण और कार्रवाई के लिए सूबे में एक से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और इसी बीच 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में शासन से निर्देश प्रात हो गए है। पिछले सालों में चलाए गए अभियान के समान ही यह अभियान विभिन्न विभागों के परस्पर सहयोग से चलेगा। ऐसी स्थिति में वेक्टरजनित और जलजनित रोगों के आउटब्रेक्स अधिक होने की संभावना है। इसी क्रम में शासन से गर्मी के मौसम से संबंधित रोगों के बारे में विभिन्न विभागों के परस्पर समन्वय से प्राथमिकता के आधार पर भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लोगों के लिए शुद्ध एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था किये जाने, गर्मी से बचाव के लिए शेल्टर्स की सुविधा, व्यस्त स्थानों पर मौसम के पूर्वानुमान तथा तापमान का डिस्प्ले करने, हीट वेव से बचाव के लिए उपायों का विद्यालयों एवं जनमानस में व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश भी मिले हैं।

## सार-संक्षेप

### दर्शनार्थियों का जत्था 22 बसों से अयोध्या रवाना

**लालगंज,रायबरेली।** लगातार तीसरे रविवार को भी विधानसभा सरेनी सहित जनपद के 22 मंडलों से दर्शनार्थियों से भरी हुई बसें अयोध्या के लिए रवाना हुई है। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की प्रेरणा से जनपद के सरेनी सहित पांचो विधानसभा के लालगंज, डलमऊ गेगासो, बेनी माधवगंज, सरेनी, खीरों आदि 22 मंडलों से टूरिस्ट बसो के द्वारा तीर्थ यात्री अयोध्या धाम दर्शन करने गए हैं। प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश सिंह ने कहा कि आज पूरा जनमानस राम मय हो गया है। लोगो की भगवान राम में अटूट श्रद्धा है। जिला मंत्री विजय सिंह टप्पू ने अयोध्या दर्शनार्थी कार्यक्रम के बाबत बताया कि निश्चित रूप से वह बहुत ही सराहनीय है।

### व्यापारियों ने की स्मृति द्वार बनवाए जाने की मांग

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने कस्बे के प्रकाश नगर निवासी भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रहे स्वर्गीय राम शंकर वर्मा की स्मृति में रन्धाव रोड पर स्मृति द्वार बनवाए जाने की मांग राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को मांग पत्र सौंपकर की है। व्यापार मण्डल के अध्यक्ष रिंकू जायसवाल ने बताया कि स्वर्गीय राम शंकर वर्मा जी हमेशा समाज के लोगों के भलाई के लिए कार्य करते रहे। उनकी स्मृतियां आज भी कस्बा वासियों के दिलों में है। मांग पत्र लेते हुए राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने व्यापारियों को स्मृति द्वार बनवाए जाने को आश्वासन दिया है। इस मौके पर संदीप वैश्य, मोहित सोनी, शिव कैलाश, बब्लू वैश्य सहित कई लोग मौजूद रहे।

### सिद्ध चक्र विधान महोत्सव शुरू, झूम उठे श्रद्धालु



घटयात्रा के दौरान शामिल महिलाएं। अमृत विचार

**रायबरेली, संवाददाता।** सिविल लाइन स्थित जैन मंदिर का आठ दिवसीय सिद्ध चक्र विधान महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इसके तहत भव्य घट यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रीजी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर जैन मंदिर को रंगबिरंगी झालरों से और विशेष पूजा पंडाल सजाया गया। सिविल लाइन स्थित जैन मंदिर से जैन समाज के सिद्धचक्र विधान की शुरुआत रविवार को घटयात्रा के साथ शुरु हुई। घटयात्रा में शामिल महिलाएं ने सिर पर कलश धारण किया हुआ था। वही पुरुष केसरिया रंग की धोती पहन कर सारे भक्त भगवान का जयकारा लगा रहे थे। दिगंबर जैन मंदिर से तीर्थकर प्रतिमाओं को सर पर विराजित कर बैंड–बाजे के साथ जैन मंदिर के बगल सजे पंडाल में विराजित किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि सी के जैन व अनिल जैन ध्वजारोहण किया। आठ दिन तक चलने वाले सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ जैन समाज के अध्यक्ष सुनील जैन ने रविवार को घटयात्रा के साथ किया। जैन समाज के मीडिया प्रभारी अंकित जैन ने बताया की सौधर्म इन्द्र अशोक, रेखा, यज्ञ नायक सुनील, रजनी द्वारा सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं जैन समाज द्वारा 8 दिनों तक विशेष संगीतमय पूजा अर्चना की जायेगी।

## एक नजर

### मारपीट में दो घायल

**ऊंचाहार।** अरखा गांव निवासी डा.अमरेश गुप्ता गांव के पास ही नर्सिंग होम का निर्माण करवा रहे है, नर्सिंग होम के भवन में शटरिंग लगाने को लेकर उन्होंने मसौदाबाद निवासी सुशील कुमार से की थी। बताते है कि सुशील कुमार शटरिंग लगाने के लिए आनाकानी कर रहा था।रविवार की सुबह सुशील ने डॉ से शटरिंग लगाने के लिए एडवांस पैसे की मांग की।इसी बात को लेकर दोनो में विवाद बढ़ गया और कहासुनी के बाद मारपीट हो गई, जिसमें दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दोनो पक्षों की तहरीर पर मारपीट का केस दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाई की जा रही है।

### रिक्शा पलटा, चालक गंभीर

**सलोन, रायबरेली।** सड़क पर लड़की को बचाने के चक्कर मे ई रिक्शा पलट गया। वही रिक्शा के नीचे चालक दब गया। गम्भीर अवस्था मे परिजनों ने युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। यहां से जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है। कोतवाली अंतर्गत मोहम्मदाबाद के रहने वाले लवकुश पटेल किसान की आलू की बोरी को लादकर माधवपुर गांव की तरफ जा रहे थे। इसी दैरान एक अज्ञात लड़की को बचाने के चक्कर मे रिक्शा का पहिया ढलान में उतर गया,और रिक्शा पलट गया, जिसके नीचे दब कर चालक घायल हो गया। गम्भीर रूप से घायल युवक को सीएचसी सलोन में भर्ती कराया गया। डा.जितेंद्र ने बताया कि युवक के पैर में गम्भीर चोट आई है, उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

### मार-पीटकर महिला को किया घायल

**लालगंज,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे भिखिया मजरे बहाई गांव में रंजिशन कुछ लोगों ने एक महिला को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घायल महिला चांदनी देवी पत्नी श्रवण कुमार ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि वह बकरी चराने गई हुई थी। तभी गांव के ही राजेश पुत्र जालिपा, राजू पुत्र रामदुलारे, रोहन पुत्र राकेश आदि ने उसे लाठी डंडों से मारा पीटा और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। मामले में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### चोरी की घटना का पुलिस ने किया राजफाश

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** गुरुवार की रात तिवारिनखेड़ा मजरे खजुहा निवासी शान्ति देवी पत्नी शिव बहादुर के घर में चोरी की घटना हुई थी। पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। रविवार की दोपहर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पाहो कलुआखेड़ा मार्ग पर स्थित गांव धुराई के भीट के नजदीक बसहा नाले के पुल के नीचे से तिवारिनखेड़ा मजरे खजुहा निवासी प्रदीप कुमार उर्फ पाचा पुत्र रामलाल और मुकेश कुमार पुत्र सुरजू कुरील को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के पास से चोरी किए गए पन्द्रह सौ रुपए नकद और दो कम्बल तथा एक तमंचा और कारतूस बरामद किया गया है। विधिक कार्रवाई करने के बाद दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## भाजपा ने पूरे प्रदेश को चौबीस घण्टे दी बिजली: अरविंद

रायबरेली, संवाददाता

**अमृत विचार।** सदर विधानसभा क्षेत्र के पाँचों मंडलों का दौरा करने के बाद जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित करते भारतीय जनता पार्टी के सदर विधानसभा संयोजक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग को सीधे मिल रहा है, जिससे आम जनता में ख़ुशी की लहर है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पशुपति शंकर बाजपेयी ने मंडल पदाधिकारियों से आहवान किया कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पंक्ति में बैठे अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में मदद करें।

इस मौक़े पर कामतनाथ, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, विवेक शुक्ला, वेद प्रकाश पांडेय, अनुज मौर्य, वीरेंद्र सिंह, दिलीप द्विवेदी, नगर पूर्वी मंडल अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, राजीव जायसवाल ने मंडल और मोर्चा पदाधिकारियों से युद्ध स्तर पर चुनाव की तैयारी में लग जाने की अपील किया। इस अवसर पर भाजपा नेता अजय सिंह, सुनील शुक्ला, नीलेश सचान सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ऊंचाहार पुलिस का कारनामा

## 10 साल पहले मर चुके राजेन्द्र के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज

ऊंचाहार,रायबरेली।

**अमृत विचार।** क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आ या है। इस मामले ने पुलिस की जांच पर भी सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। दरअसल पुलिस ने एक ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध छेड़छाड़ और मारपीट का मामला दर्ज किया है, जिसकी मौत करीब दस साल पहले हो चुकी है।

इस बात की जानकारी गांव वालो को हुई तो पूरा गांव हैरान है कोतवाली क्षेत्र के गांव फूल की बाग मजरे सवैया हसन का है। कोतवाली क्षेत्र के गुलरिहा गांव की एक महिला ने कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है । जिसमें आरोप है कि फूल की बाग गांव निवासी अवधेश कुमार, राजेंद्र कुमार और सुखेंद्र कुमार ने बीती 11 मार्च को महिला के खेत के पास मारपीट कर छेड़छाड़ की। पुलिस ने इस मामले में छेड़छाड़, मारपीट, गाली और धमकी की प्राथमिकी 14 मार्च को दर्ज की है। इस प्राथमिकी की जानकारी जब फूल की बाग गांव के ग्रामीणों को हुई तो ग्रामीण हैरान रह गए । क्योंकि जिस राजेंद्र कुमार के विरुद्ध इतना संगीन अपराध दर्ज हुआ है , उसकी मौत करीब दस साल पहले हो चुकी है । राजेंद्र कुमार की मौत की पुष्टि कई ग्रामीणों ने की है।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय मौर्य ने बताया कि राजेंद्र कुमार की मौत करीब एक दशक पहले हो चुकी है। उधर कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसकी जांच और विवेचना प्रचलित है, आगे जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### झोपड़ी में घुसा ट्रक बाल-बाल बचीं मां-बेटी

**डलमऊ, रायबरेली।** तेज गति से आ रहा अनियंत्रित ट्रक एक झोपडी में जा घुसा। गनीमत रही कि उसमें बैठी मां और बेटी बाल बाल बच गई। जगतपुर की तरफ से मुराई बाग की ओर जा रहा ट्रक गंग नहर पार करने के बाद अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे बनी हुई एक झोपड़ी में जा घुसा। झोपड़ी में रह रही शिव प्यारी एवं उसकी बेटी पूजा उस समय पास ही में रखी गुमटी की दुकान पर बैठी हुई थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि कोई हताहत नहीं हुई है विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## परीक्षा परिणाम किये वितरित

लालगंज,रायबरेली



मेधावी विद्यार्थियों के साथ खड़े प्रबंधक व अन्य।

**अमृत विचार।** न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सुरेन्द्र सरस्वती नगर में प्री प्राइमरी व जूनियर विंग' के बच्चों के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी एवम आए हुए अभिभावकों द्वारा सर्व प्रथम माँ सरस्वती का पूजन–अर्चन व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात की। एल के जी कक्षा के बच्चों द्वारा राम दरबार की प्रस्तुति दी गई जो की अद्भुत रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवम एन एस बी वी एम रायबरेली के प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह द्वारा बच्चों को स्मृति चिन्ह दे कर पुरस्कृत किया गया। स्टूडेन्ट्स अपना रिजल्ट कार्ड पाकर बहुत खुश दिखाई दिये. विद्यालय के प्रबन्धक डा.शशीकांत शर्मा ने कहा कि बच्चों के जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है। लेकिन हम अभिभावकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने पाल्य की शिक्षा के प्रति सजग एवं सचेत रहे। कार्यक्रम में आये हुए मुख्य अतिथि एस डी ओ लालगंज सूर्य प्रताप सिंह, विद्यालय के प्रबंधक, सह प्रबंधिका डा. रश्मी शर्मा , एन एस बी वी एम रायबरेली के प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### नकली खोवे के खपत की तैयारी, चुनाव में फंसे अधिकारी

**रायबरेली।** ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में इस बार होली के पर्व पर नकली खोया की खपत किए जाने की तैयारी है। क्योंकि लोकसभा चुनाव में व्यस्त चल रहे आला अफसरों के चौकन्ना होने की अब तक खबर नही है। जबकि पूर्व में आयोजित बैठक के दौरान डीएम हर्षिता माथुर ने संबंधित अधिकारियों को दुकानों पर बनने वाली खोया मिश्रित सामग्री पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए हैं लेकिन अभी तक उसे अमल में नहीं लाया गया है। लोक सभा चुनाव के बीच में होली का पर्व टकरा रहा है। निर्वाचन चुनाव की तैयारी में बिजी आला अफसरों व खाद्य सुरक्षा विभाग की लापरवाही का पूरा फायदा विक्रेता उठाने की फिराक में है। दूध देने वाली गाय और भैंस की संख्या कम होने से जनपद में दूध कम होने के आसार लगाए जा रहे हैं। होली के पर्व पर घरों में पकवान बनाए जाने का रिवाज है। मिलावट खोर जेब भरने के लिए बाजार में घटिया खोया बेच रहे जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है।

## महराजगंज-इन्हौना मार्ग का चुनाव बाद पुनर्निर्माण

» 36 करोड़ की लागत से निर्मित होगा महराजगंज-इन्हौना मार्ग

> सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया जनता की मांग पर महराजगंज–इन्हौना मार्ग के निर्माण का प्रस्ताव फरवरी में शासन को स्वीकृति के लिए भेजा गया था। दो दिन पूर्व ही शासन से इसके निर्माण की स्वीकृति मिली है। चुनावी आचार संहिता के चलते चुनाव बाद ही निर्माण कार्य शुरू हो पायेगा।
>
> –महिपाल सिंह, अधिशासी अभियंता
> लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड, रायबरेली

**रायबरेली।** वर्षों से यात्रियों की परेशानी का कारण बनी महराजगंज से इन्हौना जाने वाली सड़क का निर्माण चुनाव बाद शुरू होगा। यह मार्ग बहुत ही खस्ताहाल था। जिससे इस मार्ग पर आने जाने वाले वाहन अक्सर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते थे। क्षेत्रीय जनता की मांग को देखते हुए लगभग 17 किलोमीटर लंबे इस मार्ग का प्रस्ताव 36 करोड़ रुपये का बनाकर शासन को स्वीकृति के लिए भेजा गया था।

शासन द्वारा दो दिन पूर्व ही इसके निर्माण कार्य की स्वीकृति का आदेश मिला है। स्वीकृति मिलने के साथ ही लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो गई इसलिए आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद ही इसका पुनर्निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। लगभग 17 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर दर्जनों गांवों और कई कस्बे पड़ते है।इन गांवों में रहने वाली लाखों की आबादी को इसके निर्माण से आवागमन में आसानी होगी। क्षेत्रीय जनता के साथ-साथ स्थानीय किसानों को भी अपने कृषि उत्पादन मण्डी तक ले जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। मार्ग के निर्माण से अब किसानों को अपना माल जिले की किसी भी मंडी में भेजना आसान हो जाएगा। इसी के साथ अमेठी क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर भी आने जाने में लोगों को आसानी हो जाएगी।

## सामूहिक विवाह: 11 जोड़ों को मिले हमसफर

डलमऊ,रायबरेली



शादी संपन्न होने पर आशीर्वाद देते आयोजक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 11 जोड़े एक साथ विदा किए गए। अतिथियों ने वर वधु को कुशल दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। दीनशाह गौरा के आदर्श पाचुन बाई विद्यालय गोविंदपुर माधव में सम्यक सेवा समिति द्वारा दसवां सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें संस्था द्वारा पंजीकृत किए गए 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह बौद्ध मंत्रोचार विधि से कराया गया। सभी जोड़ों ने बुद्ध प्रतिज्ञा के अनुसार एक दूसरे के साथ रहने की कसमें खाई सम्यक सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। सामूहिक विवाह में चंद्रपाल ने रीता, चेतराम ने आराधना, रामखेलावन ने रिंकी, इंद्रभान ने डाली, शुभम ने उर्मिला, राजकुमार ने रानी, दुर्जन सिंह ने अंजू, ललित कुमार ने कुंती, अनंत कुमार ने शीलू, भोला प्रसाद ने आरती एवं श्रवण कुमार ने सीता के साथ बौद्ध धर्म से शादी रचाई।

संस्था के अध्यक्ष शिवनारायण मौर्य ने कहा कि सम्यक सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष गरीब बेटियों की शादी निशुल्क कराई जाती है, जिससे गरीब परिवारों को फिजूल खर्ची से राहत मिलती है। कार्यक्रम में आए हुए अतिथ बीएन मौर्य, अंजली मौर्या, हरिशंकर, आरपी मौर्य सहित बड़ी संख्या में लोगों ने जोड़ों को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर संस्था के प्रबंधक सहदेव प्रसाद संरक्षक श्री राम, सचिव दिलीप कुमार, कोषाध्यक्ष शिव अजन, संतोष कुमार व ऋषि प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Admission Open 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com



**सातवां रोजा**

सहरी : 04 .58 बजे, मंगलवार

इफ्तार : 06 .20 बजे, सोमवार

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# सिटी मजिस्ट्रेट ने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष को दी धमकी, सदमे से पत्नी की मौत

**दुखद**

- केस दर्ज करने की दी थी धमकी पार्टी के लिए जूझने वाले पति की बदनामी से पहुंची पत्नी को ठेस

हरदोई कार्यालय



पूर्व जिलाध्यक्ष को धमकाते सिटी मजिस्ट्रेट। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विद्याराम वर्मा एक ऐसा नाम है जो तमाम लोगों के बीच आज भी भाजपा नहीं, बल्कि भाजपा को उनके नाम से पहचानते हैं। आचार संहिता के चलते सिटी मजिस्ट्रेट ने भाजपा के ज़िलाध्यक्ष और सहकारी बैंक के अध्यक्ष रह चुके विद्याराम वर्मा को सिर्फ खरी-खोटी ही नहीं, बल्कि उनके खिलाफ केस दर्ज कराने की धमकी दिए जाने के सदमे में डूबी उनकी पत्नी की मौत हो गई। जिस पार्टी के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया, उसी की सरकार में पति की इतनी बेइज्जती होने के सदमे में उनकी मौत हो गई।

बात शनिवार की है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन होर्डिंग-बैनर उतरवाने में जुट गया। इसी बीच, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विद्याराम वर्मा के लखनऊ रोड स्थित आवास के बाहर उनके नाम का बोर्ड लगा हुआ था। सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी की अगुवाई में चल रही नगर पालिका परिषद की टीम ने उनका बोर्ड उखाड़ लिया। इसका पता होने पर विद्याराम वर्मा घर से बाहर निकले और अपने नाम का बोर्ड उखाड़ने की वजह पूछी जिस पर सिटी मजिस्ट्रेट इतने गुस्सा गए कि उन्होंने न सिर्फ भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष को खरी-खोटी सुनाई, बल्कि उनके खिलाफ केस दर्ज करने की धमकी तक दे डाली। पूर्व जिलाध्यक्ष की पत्नी लता वर्मा भाजपा के लिए सारी जिंदगी जूझने वाले अपने पति की उसी की सरकार में हुई बेइज़्ज़ती बर्दाश्त नहीं कर सकी और उसी के सदमे में रविवार सुबह उनकी मौत हो गई।

### धमकाने वाला वीडियो वायरल

नाम का बोर्ड उखाड़ ले जाने के मामले में भाजपा के पूर्व ज़िलाध्यक्ष विद्याराम वर्मा और सिटी मजिस्ट्रेट के बीच हुई नोंकझोंक का वीडियो वायरल हो रहा है। उस वीडियो में सिटी मजिस्ट्रेट भाजपा नेता के ऊपर केस दर्ज कराने की धमकी देते हुए देखे जा सकते। हालांकि श्री वर्मा अपनी बात कह रहें हैं,,लेकिन आचार संहिता की अकड़ में चूर सिटी मजिस्ट्रेट उनकी एक भी सुनने को तैयार नहीं दिखाई दिए।

### देर शाम पालिका अध्यक्ष लेकर पहुंचे उखाड़ा गया बोर्ड

मीडिया पर खबरें चलने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा बोर्ड लगवाने के लिए विद्याराम वर्मा के आवास पहुंचे। पूरी घटना के बाद प्रशासन का कोई भी व्यक्ति उनके आवास पर शोक संवेदना तक जताने नहीं पहुंचा।

### भावुक बेटी ने अध्यक्ष से किया सवाल ?

पालिका अध्यक्ष सुख सागर मिश्रा रविवार देर शाम जब बोर्ड लगवाने पहुंचे तब रोती-बिलखती विद्याराम की बेटी ने कहा कि आप लोग बोर्ड तो वापस ले आए लेकिन मां को वापस ला सकते हैं? पुत्री की बातें सुन सभी सहम गए।

### वर्तमान जिलाध्यक्ष ने की निंदा

भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने घटना की निंदा व्यक्त करते हुए कहा कि इस घटना की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। उन्होंने उचित फोरम पर अपनी बात रखने की बात कही। जिलाध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने पूरी घटना से जिलाधिकारी को भी अवगत कराया है। जिला प्रशासन का यह कृत्य बेहद निंदनीय है।

इसका पता लगते ही जिलेभर के भाजपाइयों में शोक छा गया। सिटी मजिस्ट्रेट के तानाशाही रवैये की पूरे दिन चक-चक मची रही।

## एक नजर

### सोलर लाइट की बैटरी चोरी, सीसीटीवी में कैद

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार :** नयागांव चौराहे पर बाजार में लगी सोलर लाइट की बैटरी चोर चोरी कर ले गए। घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गईं। शुक्रवार की रात को नयागांव चौराहे पर लगी सोलर लाइट की बैटरी रात में चोर ले गए। सोलर लाइट के पड़ोस की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी करने का वीडियो कैद हो गया। फुटेज में दो युवक चोरी करते हुए दिखाई दे रहे है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। खास बात यह है कि चौराहे पर ही पुलिस पिकेट लगती है। बैटरा चोरी होने की पुलिस को भनक तक नही लगी और चोर बैटरी चोरी कर ले गए।

### तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** मंझिला पुलिस ने चेकिंग के दौरान कुसुमा पुल के निकट एक युवक को तमंचे सहित गिरफ्तार किया। जिसे जेल भेजा गया है। मंझिला थाना क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक सुब्रत तिवारी ने बताया पुलिसकर्मी कुसमा पुल के निकट चेकिंग कर रहे थे। एक युवक संदिग्ध अवस्था में पुलिस को देखकर भागा। पुलिस ने दौड़ाकर उसे पकड़ा। कब्जे से एक तमंचा बरामद हुआ। पकड़े गए युवक ने अपना नाम रजनीश पुत्र छोटेलाल निवासी देवरास बताया। युवक को दफा 3 / 25 के अंतर्गत जेल भेजा गया है।

### बाजार से बाइक चोरी

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरईं में सब्जी लेने गए व्यक्ति की मोटरसाइकिल अज्ञात चोर उठा ले गए। पीड़ित ने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। क्षेत्र के ग्राम हैदरपुर निवासी आदेश सिंह पुत्र सुखपाल सब्जी लेने हरईं की साप्ताहिक बाजार गया था। वहीं, आम के पेड़ के नीचे उसने मोटरसाइकिल में लाक लगाकर खड़ी कर दी। वह बाजार से सब्जी खरीद कर वापस आया तो उसकी मोटरसाइकिल अज्ञात चोर लॉक तोड़कर उठा ले गए। पीड़ित के अनुसार मोटरसाइकिल के रजिस्ट्रेशन और बीमा के कागज बाइक में ही थे। घटना की लिखित सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई है। पुलिस ने बताया मोटरसाइकिल चोरी का प्राथर्ना पत्र दिया गया है।

# कार से रेलवे क्रॉसिंग पहुंचे प्रेमी और प्रेमिका ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

## युवक डी-फार्मा तो युवती कर रही थी 12 वीं की पढ़ाई, परिवार वाले थे शादी के खिलाफ

हरदोई कार्यालय



**अमृत विचार :** डी-फार्मा कर रहे प्रेमी ने 12 वीं की पढ़ाई कर रही अपनी प्रेमिका के साथ अवध-असम एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या कर ली। इसका पताः होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्ज़े मे लेते हुए आगे की जांच शुरु कर दी है।

एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या किए जाने का यह मामला कछौना कोतवाली के सुजानपुर रेलवे क्रासिंग का बताया गया है। रविवार की एक युवक एक युवती के साथ कार से वहां पहुंचा,कार को रेलवे लाइन के किनारे खड़ी कर वहां से गुज़र रही अवध-असम एक्सप्रेस ट्रेन के सामने छलांग लगा कर आत्महत्या कर ली। ट्रेन के पायलट ने इस बारे में स्टेशन मास्टर को सूचना दी। उसके बाद स्टेशन मास्टर ने कछौना पुलिस को मेमो भेजा। इसका पता होते ही एसआई अशोक तिवारी वहां पहुंचे और दोनों के शवों को अपने कब्ज़े में लिया। इस बारे में एसएचओ कछौना राकेश कुमार ने बताया कि प्रेम-प्रसंग का मामला सामने आ रहा है। फिलहाल अभी किसी भी तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई है। युवक की पहचान इन्द्रजीत निवासी त्योना खुर्द कोतवाली बेनीगंज और युवती की पहचान सरिता निवासी समसपुर कोतवाली कछौना के रूप में हुई है। इन्द्रजीत गौसगंज के कहली के एक कालेज से डी-फार्मा कर रहा था, जबकि सरिता इण्टर कालेज में 12 वीं की छात्रा थी। पुलिस के मुताबिक दोनों की पहचान उनके पास से निकले आधार कार्ड से की गई।

### रिश्तेदार थे प्रेमी-प्रेमिका

ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या करने वाले प्रेमी-प्रेमिका आपस में रिश्तेदार थे। प्रेमिका सरिता प्रेमी इन्द्रजीत के बहनोई की सगी भांजी थी। दोनों के बीच इतनी नज़दीकी हो चुकी थी कि हर कोई एतराज़ करने लगा था। यही नहीं बहनोई की वजह से इन्द्रजीत को बहुत कुछ सुनना पड़ रहा था,वहीं अपने घर वालों के बदले रवैए से सरिता को बहुत कुछ बर्दाश्त करना पड़ रहा था।

### तय हो चुकी थी शादी

बात बहन के ससुराल की थी, इस वजह से इंद्रजीत की दाल नहीं गल रही थी। बताते है कि सब कुछ जानते हुए सरिता के घर वालों ने उसकी शादी एक गांव से तय कर दी थी लेकिन इंद्रजीत के अलावा कोई दूसरा उसका हमसफर बनें, सरिता को ये मंज़ूर नहीं था। इस वजह से वह दूसरी जगह शादी करने के खिलाफ थी और इसी वजह से उसने इतना खतरनाक फैसला करते हुए आत्महत्या कर ली।

### बहनोई के घर रह कर कर रहा था पढ़ाई

इंद्रजीत बचपन से ही अपने बहनोई रामनरेश के घर दुबघटिया में रह कर पढ़ाई कर रहा था और वहीं बहनोई की कार चला कर थोड़ी बहुत कमाई भी कर लेता था। वहीं सरिता भी अपने मामा के घर आती-जाती थी। उसी बीच इन्द्रजीत की उससे मुलाकात हुई और दोनों में कब प्यार हो गया,इसका किसी को पता तक नहीं चला।

# कब्र खोदकर निकाला गया शव

**खुलेगा रहस्य**

- मां ने लगाया था बेटे की पुलिस की पिटाई से मौत का आरोप

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** पिटाई से मौत होने और फिर जबरन शव दफन कराने के आरोपों से सामना कर रही हरियावां पुलिस ने रविवार को कब्र खोद कर शव बाहर निकाला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही पता चलेगा कि मौत कैसे हुए।

बताते चलें कि हरियावां थाने के कमलापुर मजरा अरुआ की कमला देवी पत्नी सुरेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री डीएम व एसपी को शिकायत पत्र देते हुए बताया था कि उसका बेटा नीरज शारीरिक व मानसिक रूप से कमज़ोर था। 6 मार्च को गांव की मीना पत्नी महिपाल ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए नीरज की शिकायत की थी जिस पर दो कांस्टेबिल उसे पकड़ने आए और मारपीट करते हुए थाने ले गए। बेटे की थाने में पिटाई की गई। हालत बिगड़ी तो पुलिस ने उसी दिन शाम को छोड़ गई। गुरुवार को उसकी मौत हो गई। आरोप है कि पुलिस की पिटाई से उसके पुत्र की मौत हुई। उसने शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की लेकिन पुलिस ने बगैर पोस्टमार्टम के शव को जैसे-तैसे दफन करा दिया। कमला देवी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री,डीएम व एसपी को शिकायत पत्र देकर दोषी पुलिसकर्मियों व मीना के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस पर रविवार को गांव के बाहर दफन किए गए नीरज के शव को कब्र खोद कर निकाला गया।

### मीडिया को भी रखा गया दूर

खबर सुनते ही मीडिया के साथ-साथ वहां काफी भीड़ पहुंच गई,लेकिन पुलिस ने भीड़ को तो आगे नहीं बढ़ने दिया,बल्कि मीडिया वालों को इस लिए दूर रखा कि कोई कब्र खोदने और शव निकालने का फोटो न ले सके, मीडिया से जुड़े कुछ लोगों का कहना है कि उन्हे मना कर दिया गया था कि न फोटो खींचे और न कोई वीडियो बनाएगा। लेकिन ऐसा क्यो किया गया,किसी की समझ में नहीं आ रहा है।

### पहले से दौड़ने लगी थी पुलिस

हरियावां पुलिस ने रविवार को कब्र खोद कर नीरज का शव बाहर निकाल कर उसे पोस्टमार्टम भेजा ,लेकिन वह उससे एक दिन पहले शनिवार से दौड़ लगाने लगी थी। शनिवार को एसएचओ की गाड़ी सीएमओ ऑफिस के बाहर खड़ी देखी गई,उधर पोस्टमार्टम हाउस के लोगों का कहना है कि उन्हे भी तलब किया गया था,कहीं सेटिंग-गेटिंग के लिए तो ऐसा नही किया गया, लोग इसी में उलझे हुए है।

### बाइक चोर दबोचा गया

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार :** जनपद उन्नाव के थाना औरास के भुलभुला खेड़ा निवासी वसीम ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात वह अपनी बाइक से दूध बेचने संडीला आया था। एसएस प्लाजा के पास बाइक खड़ी कर दूध देने जा रहा था तभी कोई उसकी बाइक स्टार्ट कर लखनऊ की तरफ भागा। शोर मचाने पर सिपाहियों ने उनका पीछा किया। जायसवाल ढाबे के सामने बाइक निर्माणाधीन रोड पर फिसलकर गिर गई। पूछने पर उसने अपना नाम अजय कुमार निवासी बसारा बाराबंकी बताया। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है।

# ईंट-भट्ठे के पास मिला युवक का शव

**हरदोई, अमृत विचार:** ईट-भट्ठे के पास सड़क पर पड़े देखे गए शव के बारे में तरह-तरह की कटक लगाई जा रहीं है। उसके सिर के पीछे गहरी चोंट होने से कोई तो हादसा तो कोई उसकी हत्या करने की बात कह रहा है। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा,रिपोर्ट आने पर ही कुछ कहा जा सकता है।

बताया गया है कि रविवार को साण्डी थाने के अमलौखा गांव के एक ईंट-भट्ठे के पास सड़क के किनारे 38 वर्षीय युवक का शव पड़ा हुआ देखा गया। उसके सिर के पीछे गहरी चोंट और चेहरे पर खून था। एसएचओ साण्डी छोटेलाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। शव की शिनाख्त नही हो सकी है।

### वरीक्षा के बाद युवक ने की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार :** युवक की शादी तय हुई और वरीक्षा भी हो चुकी थी,इसी बीच उसने ज़हर खा कर जान दे दी। कहा जा रहा है कि मर्जी के बगैर शादी तय हुई थी, इसी के चलते उसने आत्महत्या की। बताया गया है कि कोतवाली देहात के जनकपुर मजरा नीर निवासी 26 वर्षीय वीरेश यादव पुत्र शिशुपाल खेती-किसानी करता था। उसकी शादी तय थी और वरीक्षा भी हो चुकी थी। शनिवार को अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। भाई अरविंद उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचा लेकिन वीरेश की मौत हो गई। डॉक्टरों का कहना है कि ज़हर खाने से युवक मौत हुई। वीरेश का एक बड़ा और एक उससे छोटा भाई है। कहा जा रहा है कि उसकी मर्जी के बगैर शादी तय की गई थी। इसी के चलते उसने ऐसा कदम उठाया। हालांकि, घर वाले कुछ भी नहीं बता रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पड़ोसियों पर मारपीट का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार:** कस्बे के मोहल्ला सफीपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो हुई। उसके ससुर ने पड़ोसियों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है।

कस्बे के मोहल्ला सफीपुर में राम किशोर का 28 वर्षीय पुत्र नन्हे शराब का लती था। नशे में आए दिन उसका गांव वालों से झगड़ा होता था। शनिवार रात उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पत्नी मायके में थी। ससुर शाहजहांपुर के सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगराही निवासी राम प्रकाश ने दामाद के पड़ोसियों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। एसएसआई अमित सिंह ने बताया कि रात में तबियत खराब होने पर परिजन उसे सीएचसी लाए थे। बाद में उसकी मौत हो गई, जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### शिविर में 10 मरीजों ने कराया पंजीकरण

**हरदोई, अमृत विचार :** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी शाखा के तत्वावधान में एक नेत्र शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। इसमें नेत्र विशेषज्ञों ने मरीजों की विधिवत जांच की। पिछले शिविर में हुए मोतियाबिंद ऑपरेशन के मरीजों की पुनः जांच की। शिविर में 10 मरीजों का पंजीकरण किया जिसके तहत 15 मरीज मोतियाबिंद के पाए गए जिन्हें निःशुल्क बस से कानपुर ले जाया गया। इस शिविर में नेत्र विशेषज्ञ अमरजीत, सुनिधि देवी, प्रिंस पांडेय, खुशी, संदीप, आशीष नर्सिंग स्टॉफ ने मरीजों की जांच की। पंजीकरण का कार्य अध्यक्ष महेश चंद्रा व वॉलटिंयर टीम लाक्ष्या मिश्रा, प्रियांशी सिंह, एमके दीक्षित, अतुल कुमार नेत्र समिति अध्यक्ष, मुरलीधर गुप्ता आदि रहे। इस दौरान सभापति डॉ. रमेश अग्रवाल, अखिलेश सिंह सिकरवार, कोषाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, पीआरओ रवि शुक्ला व सुधीर आदि रहे।



मरीज की जांच करतीं नेत्र चिकित्सक।

### होली पर जरूरतमंदों को दी कपड़ों की सौगात



वस्त्र देते नारायण समूह के पदाधिकारी। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार :** नारायण सेवा समूह ने रंग पर्व होली के पहले 75 जरूरतमंद महिलाओं पुरुषों साधुओं को विभिन्न क्षेत्रों से चयनित करके उनको वस्त्र वितरित किए। डॉ. जय राम गुप्ता, सुमेर सिंह व प्रियम मिश्रा ने बताया कि विभिन्न गांवों से चयनित जरूरतमंदों को उनकी जरूरत के हिसाब से वस्त्र वितरित किए गए। आगे भी हर माह इसी तरह से नारायण सेवा समूह अपने साथियों की मदद से भंडारे व वस्त्र वितरण के कार्यक्रम करते रहेंगे। इस दौरान नितिन मिश्रा, रामस्नेही द्विवेदी, अरुण सिंह, जय शंकर मिश्रा, प्रभुदयाल गुप्ता, मनमोहन सिंह, तारकनाथ शर्मा, चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, संदीप अग्रवाल, संजय मिश्रा, रमेश गुप्ता, एमए प्रसाद व गोपी कृष्ण आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों ने सीखी डिजिटल लिटरेसी



शिक्षक को प्रमाण पत्र देते प्राचार्य। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार :** शिक्षकों को स्कूली बच्चो को डिजिटल तरीके से उन्हे आत्मनिर्भर बनाने के लिए ज़िला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में चल रहे पांच दिवसीय डिजिटल प्रशिक्षण का रविवार को समापन हुआ। प्राचार्य ने प्रशिक्षित किए गए शिक्षकों प्रमाण-पत्र वितरित किए। 5 दिवसीय डिजिटल प्रशिक्षण में शामिल हुए शिक्षक व शिक्षिकाओं को डिजिटल लिटरेसी, कोडिंग,कम्प्यूटेशन, थिंकिंग और एआई के बारे में प्रशिक्षित किया गया डायट प्राचार्य योगेन्द्र सिंह ने बच्चो को डिजिटल तरीके से आत्मनिर्भर बनाने पर ज़ोर दिया। इस बीच प्राचार्य और डीएलसीसी प्रशिक्षण के प्रभारी आनंद द्विवेदी ने प्रमाण-पत्र वितरित किए।

# गांव-गांव में भव्यता के साथ रामोत्सव मनाएगा विहिप

संवाददाता, हरदोई



जिला योजना बैठक करते अवध प्रांत के सह मंत्री अविनाश। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद की जिला योजना बैठक में अवध प्रान्त के सहमंत्री अविनाश कहा कि विहिप अपने आगामी रामोत्सव कार्यक्रम गांव-गांव में भव्यता के साथ मनाएगा। रामलला विराजमान होने के बाद से जिले में एक अलग ही राममय वातावरण है। अपने षष्ठी पूर्ति वर्ष के अंतर्गत देश के एक लाख स्थानों पर संगठन को विस्तार देगी।

उन्होंने कहा संकल्प की सिद्धि का सुखद आनंद सभी ध्येय निष्ठ कार्यकर्ताओं के ह्रदय को स्वाभिमान और गर्व से अलकृत कर रहा है। यहाँ आयोजित यह षष्ठी पूर्ति वर्ष की बैठक संगठन कार्यकर्ताओं में नवीन ऊर्जा का संचार करने के साथ आगामी रामोत्सव कार्यक्रम, प्रशिक्षण वर्ग, आगामी चुनाव पर योजना बनी। विहिप जिले के विभिन्न स्थानों पर संगठन विस्तार करने की योजना बनी वहीं देश में चल रहे देश विरोधी षड़यंत्र ,जनसंख्या असंतुलन और बढ़ रहे लवजेहाद तथा ईसाई मिशनरियों द्वारा अवैध रूप से चलाये जा रहे धर्मांतरण जैसी गंभीर साजिशों पर कार्य योजना बनाने पर भी विचार हुआ। जिलाध्यक्ष आशीष महेश्वरी ने बताया प्रत्येक वर्षों की भांति ही इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद सहित उसके अनुसांगिक संगठनों बजरंग दल, दुर्गावाहिनी और मातृशक्ति के प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन भी होगा, वर्ग में हजारों हिन्दू युवा सहभागी बनकर राष्ट्रोत्थान में संकल्पित होंगे। उन्होंने कहा केंद्र सरकार द्वारा घोषित किये गये सीएए कानून के अंतर्गत पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आये हुए निर्वासित हिंदू, जैन, बौद्ध सिख समाज के लोगों को भारत की नागरिकता दिलाने के लिए विहिप पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ आगे रहेगी।व् हमें अपने मताधिकार तथा मतदान के कर्तव्य को अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए एवं सही दिशा में नौजवानों को आगे बढ़ना चाहिए। इस बैठक में जिलाकार्यध्यक्ष मोहित जिला उपाध्यक्ष सीतू , हिमांशु ,जिला सह मंत्री रवि , राहुल नागेंद्र जिला सत्संग प्रमुख संजेश जिला संयोजक ऋषभ , सहित पूर्ण जिला कार्यकारिणी एवं सभी प्रखंडों के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

**कार्यक्रम** — शिव प्रकाश को वरिष्ठता सम्मान से किया गया सम्मानित

# अपने अधिकारों का लाभ उठाएं वरिष्ठ नागरिक

संवाददाता, हरदोई




अधिवेशन को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति' का त्रैमासिक अधिवेशन रविवार को सनातन धर्म इण्टर कॉलेज के सभागार में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त प्रबंधक वयोवृद्ध शिव प्रकाश सिंह को संस्था द्वारा 'वरिष्ठता-सम्मान' से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर समिति द्वारा उपस्थित सभी वरिष्ठजनों को वरिष्ठ नागरिकों को कानूनी संरक्षण नाम से पुस्तिका भी वितरित की गई। जिसमें वृद्धजनों के सामाजिक, आर्थिक तथा चिकित्सा-सम्बन्धी संरक्षण एवं अधिकारी से संबंधित केंद्र व राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी अधिनियमों, नीतियों एवं नियमावलियों का संक्षिप्त एवं क्रमबद विवरण दिया गया है; जिससे वे अपने अधिकारों से अवगत हो सकें तथा लाभ उठा सकें। डॉ. शीला पाण्डेय ने वेद-मन्त्र की व्याख्या प्रस्तुत की। इस अधिवेशन में वृद्धों से सम्बन्धित विचार-गोष्ठी के विषय वृद्धावस्था एवं आध्यात्मिक जीवन" पर विद्वान वक्ताओं ने अपने बहुमूल्य विचार रखे। संस्थाध्यक्ष डॉ. ब्रह्मस्वरूप ने कहा कि वृद्धावस्था में परिवार में रहते हुए भी वानप्रस्थ धर्म का पालन करें, व्यसनों के साथ वृद्धावस्था में प्रवेश न करें तथा वृद्धावस्था को मन से स्वीकार करें। डॉ. ईश्वर चन्द्र वर्मा ने कहा कि इस अवस्था में स्वाध्याय के प्रति प्रमाद न करें, भोगवादी संस्कृति से दूरी बनाएं तथा यथासम्भव कर्मशील दिनचर्या बनाए रखें। डॉ एसके सिंह ने वृद्धावस्था में प्रायश्चित्त एवं पश्चात्ताप पर बल दिया। विषय से संबंधित अपना लेख डॉ. ईश्वर चंद्र वर्मा ने वितरित किया। इस दौरान डॉ. सुरेश चंद्र अग्निहोत्री, डॉ. एसएस द्विवेदी, सावित्री शुक्ला, साधना मिश्रा, आशा कनौजिया, कुमुदनी देवी, सीमा गुप्ता, वेद प्रकाश अवस्थी, सुशील वर्मा, अशोक बाजपेयी, सतीश चंद्र शुक्ल, कौशलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# रिश्वत और डराने-धमकाने पर टोल फ्री नंबर पर दें सूचना

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 171 ख के अनुसार, कोई व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति को उसके निर्वाचक अधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से नकद या वस्तु रूप में कोई परितोष देता है या लेता है, वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डनीय होगा। इसके अतिरिक्त, भारतीय दंड संहिता की धारा 171 ग के अनुसार जो कोई व्यक्ति किसी अभ्यर्थी या निर्वाचक या किसी अन्य को धमकी देता है, वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डनीय है। उड़न दस्ते, रिश्वत देने वालों और लेने वालों के विरुद्ध मामले दर्ज करने और कार्रवाई के लिए गठित किए गए हैं जो निर्वाचकों को डराने और धमकाने में लिप्त हैं।

सभी नागरिकों से अनुरोध किया जाता है कि वे कोई रिश्वत लेने से परहेज करें और यदि कोई व्यक्ति कोई रिश्वत की पेशकश करता है या उसे रिश्वत और निर्वाचकों को डराने-धमकाने के मामलों की जानकारी है तो उन्हें शिकायत प्राप्त करने के प्रकोष्ठ के टोल फ्री नंबर 1950 पर सूचित करना चाहिए।

### जिलाधिकारी को मतदाता सूची प्रबंधन में मिला प्रशस्ति पत्र

**हरदोई, अमृत विचार :** निर्वाचन आयोग की ओर से जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह को मतदाता सूची प्रबंधन में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जनपद को गौरवान्वित करने वाली इस उपलब्धि को रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने जनपद वासियों के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि जनपद वासियों की जागरूकता से जेन्डर रेशियो बढ़कर 910 हो गया है। युवा मतदाताओं की संख्या में भी भारी वृद्धि हुई है। जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि के लिए अपनी पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से जनपद को यह उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने उपस्थित पत्रकार बंधुओं से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के सुझाव लिए। अच्छे मतदान प्रतिशत वाले लेखपालों व ग्राम पंचायत अधिकारियों को सम्मानित करने का सुझाव भी बैठक में रखा गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, उपनिदेशक कृषि डॉ. नंद किशोर व अन्य उपस्थित रहे।

### एसएसटी चेक करेगी वाहन एफएसटी रखेगी नजर


**हरदोई, अमृत विचार :** जिले में 29 स्टेटिक सर्विलांस टीम व 8 फ्लाइंग स्कॉयड टीमो का गठन किया गया है। जिले के अंदर 48 बैरियर लगाने की तैयारी है। जिले से अन्य जनपदों के लिए आने-जाने के लिए 28 बैरियर बार्डर पर लगा दिए गए है। प्रशासन ने फ्लाइंग स्क्वॉड टीम (एफएसटी), स्टेटिस्टिक सर्विलेंस टीम (एसएसटी) गठित कर दी है। एसपी केशवचंद गोस्वामी ने बताया कि चुनाव के दौरान संपूर्ण प्रक्रिया पर टीमें पैनी नजर रखेंगी और रोजाना संबंधित अधिकारी को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार ने बताया कि एसएसटी निर्धारित स्थानों पर नाके लगाकर वाहनों की जांच करेगी जबकि एफएसटी संपूर्ण आचार संहिता के अनुपालन पर नजर रखेगी।

# 'अकेला चना' समझ लिए गए मास्साब

## तुगलकी फरमानों ने शिक्षकों को बनाया चकरघिन्नी, कंपोजिट ग्रांट के खर्च में हो रही दिक्कत

एक्सक्लूसिव

खालिद अय्यूबी, हरदोई



**अमृत विचार :** पुराने लोग कहावत कहा करते थे कि अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता, लेकिन इस नए दौर में शिक्षक को अकेला चना समझ लिया गया है। जो नहीं हो सकता, उसे भी शिक्षको के हिस्से में थोप दिया जाता है। आजकल कंपोज़िट ग्रांट ने शिक्षकों को ऐसा चकरघिन्नी बना कर रख दिया कि उन्हे समझ में नहीं आ रहा है कि क्या करें और क्या न करें। परिषदीय स्कूलों में भेजी गई कंपोज़िट ग्रांट के खर्च करने में जो दिक्कतें आ रहीं हैं,उन्हें दरकिनार कर हर रोज़ जारी किए जा रहे तुगलकी फरमानों ने शिक्षकों को चकरघिन्नी बना दिया है।

परिषदीय स्कूलों के खर्च, वहां के रख-रखाब, मरम्मत और रंगाई-पुताई के लिए सरकार कंपोज़िट ग्रांट भेजती है, इस साल फरवरी में पहली और मार्च में कंपोज़िट ग्रांट की दूसरी किस्त एसएमसी (विद्यालय प्रबंध समिति) के खातों में भेजी गई, लेकिन साथ ही साथ उसके खर्च करने में जो मोहलत दी गई है,उसने शिक्षकों को चकरघिन्नी बना कर रख दिया। एक तो पहले से ही पीएफएमएस (पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम) से कंपोज़िट ग्रांट खर्च की जाती है, लेकिन जाते-जाते सेशन में भेजी गई ग्रांट को खर्च करने के लिए उंगली पर गिने जाने वाले दिनों की मोहलत दी गई। सख्ती के साथ कहा जा रहा है कि हर हाल में 24 मार्च तक सारी ग्रांट खर्च हो जानी चाहिए। अब शिक्षकों के समझ में नहीं आ रहा है कि इतनी जल्दी सब कैसे हो सकता है। पीएफएमएस सिस्टम में पहले फर्म का बिल/बाउचर बनवा कर उसका पीपीए बनवाना होता है,उसके बाद उस पीपीए पर समिति के अध्यक्ष के दस्तखत कराने के बाद उसे बैंक में जमा करना होता है। सबसे ज्यादा परेशानी दम तोड़ते नेटवर्किंग सिस्टम और बैंक में घंटों खड़े रहने के बाद भी पीपीए जमा नहीं हो पाना है। अगर जमा भी हो गया तो कई दिनों के लिए भुगतान लटक रहा है। शिक्षकों का कहना है कि ज़िम्मेदार नेटवर्किंग और बैंकिंग सिस्टम पर कोई ध्यान क्यों नहीं दे रहे। पहले तो सेशन के जाते-जाते कंपोज़िट ग्रांट भेजी गई और फिर उसके खर्च करने को ले कर रोज-रोज नए आदेश जारी हो रहे हैं। इस संबंध में जब मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरनानी से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल रिसीव नहीं हुआ।

### कहां-कितनी भेजी गई कंपोजिट ग्रांट

- 100 से कम बच्चों वाले स्कूलों में 25 हजार रुपये।
- 100 से 250 तक के बच्चों वाले स्कूलों में 50 हजार रुपये।
- 250 से ऊपर बच्चों वाले स्कूलों में 75 हजार रुपये।

### सुकून की सांसे और छिन गई रातों की नींद

कंपोज़िट ग्रांट के खर्च करने में उलझे हुए शिक्षकों को वार्षिक परीक्षाएं करानी है। 20 मार्च से शुरु हो रहीं परीक्षाओं की तैयारियां करने के साथ ही 24 मार्च तक कंपोज़िट ग्रांट को खर्च करने के लिए बस इतना मान लें कि शिक्षक न तो सुकून से सांस ले पा रहा है और ही उसे नींद आ रही है।

### नेटवर्क दे रहा धोखा, बैंक भी नहीं दे रहे साथ

कंपोजिट ग्रांट के खर्च के लिए पहले फर्म और उसके खाते के लिए पीपीए बनवाना पड़ता है। उसके लिए नेटवर्क का होना ज़रूरी है,लेकिन इधर हाई स्पीड नेटवर्क भी धोखा दे रहा है, वहीं जिन बैंकों में एसएमसी के खाते हैं वहां एक तो भीड़ और दूसरे वहां के बिगड़ा सिस्टम भी साथ नहीं दे रहा है,इस वजह से और भी देरी होना मानी जा रही है।

# मतदान केंद्र वाले मार्गों पर किया फ्लैग मार्च

शाहाबाद, हरदोई



मतदान केंद्र वाले मार्गों पर फ्लैग मार्च करते पुलिसकर्मी।

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनावों के मद्दे नजर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी मार्तंण प्रताप सिंह के नेतृत्व में सीआरपीएफ और पुलिस के जवानों के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से फ्लैग मार्च निकाला गया। तत्पश्चात मतदान केंद्रों के मार्गों पर भी फ्लैग मार्च किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी मार्तंण प्रताप सिंह ने सीआरपीएफ एवं पुलिस जवानों के साथ नगर के प्रमुख मार्गो पर पैदल मार्च किया। इसके पश्चात उधरनपुर, ककरघटा, मलकापुर आदि स्थानों के मतदान केंद्र वाले मार्गों पर फ्लैग मार्च किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक मार्तंण प्रताप सिंह ने बताया निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है तथा अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा भय मुक्त होकर मतदान करें शांति बनाए रखें। किसी भी अराजक तत्व को मतदान में खलल करने की छूट नहीं होगी। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा सहित समस्त हल्का इंचार्ज और चौकी इंचार्ज मौजूद रहे।

रविवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र उप जिलाधिकारी शाहाबाद पूनम भास्कर, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, क्षेत्राधिकार शाहाबाद मय थाना फोर्स तथा मय पैरामिलिट्री फोर्स के साथ शाहाबाद कोतवाली से सदर बाजार चौक, बालाजी मंदिर, जामा मस्जिद से सिनेमा चौराहा होते हुए मौलागंज आदि में फ्लैग मार्च व क्रिटिकल मतदान केंद्र व बरनेवाल मतदान केंद्रोa पर एरिया डोमिनेशन किया गया साथ ही लोगों से अपील की गई कि चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखे।

# गोवंश से टकराकर घायल युवक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार:** बहनोई बाइक से अपने साले को छोड़ने जा रहा था,उसी बीच अचानक से सामने गोवंश आ गया,जिससे टकरा कर दोनों ज़ख्मी हो गए। जिसमें ज़ख्मी हुए बहनोई की शनिवार को आठवें दिन मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

बताया गया है कि पिछली शनिवार को मझिला थाने के देउरी पुरवा निवासी 26 वर्षीय सुभाष पुत्र छोटेलाल बाइक से अपने साले बलबीर को छोड़ने उसके गांव हाथीपुर थाना मझिला जा रहा था। उसी बीच रास्ते में जमुरा गांव पास एक गैस एजेंसी के पास पहुंचते ही सड़क पर सामने से अचानक गोवंश आ गया,उसे बचाने में बाइक बहक गई और सड़क पर पलट गई। सुभाष और बलवीर ज़ख्मी हो गए। सुभाष को इलाज के लिए शहर के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया। घर वाले शनिवार को उसे शाहजहांपुर लेकर पहुंचे लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।

# लखनऊ से वायरल तस्वीर पर हरदोई में छिड़ी बहस



कटा हाथ लेकर जाता कुत्ता।

हरदोई कार्यालय

**अमृत विचार:** लखनऊ की सड़कों पर दौड़ रहे एक कुत्ते के मुंह में किसी इंसान का हाथ दबा देख कर लोग कांप गए। हाथ पर सुमित कुमार लिखा हुआ था,सुमित कुमार हरदोई का है और उसका हाथ आरा मशीन से कट गया था,वह उसे ले कर सर्जरी कराने लखनऊ ट्रामा सेंटर गया,जहां बरती गई लापरवाही से उसका हाथ स्ट्रेचर पर ही रह गया और वहां घूम रहा कुत्ता उसे अपने मुंह में दबा कर सड़को पर घूमने लगा। एक बेज़ुबान ने सरकारी सिस्टम की सारी पोल-पट्टी खोल कर रख दी। आखिर कौन है हरदोई का रहने वाला सुमित कुमार, इसी पर बहस होती रही।

**चर्चा में मामला**

- आरा मशीन से कटा था जिले के युवक का हाथ, इलाज के लिए पहुंचा था लखनऊ ट्रामा सेंटर

शनिवार को लखनऊ से वायरल हुई तस्वीर वायरल हुई। इसमें सड़क पर दौड़ रहे कुत्ते के मुंह में किसी इंसान का हाथ दबा था।उस हाथ पर सुमित कुमार लिखा था। पता चला कि सुमित हरदोई का रहने वाला है और गुरुवार को उसका हाथ आरा मशीन से कट गया था। सर्जरी कराने के लिए वह अपना कटा हुआ हाथ लेकर लखनऊ के ट्रामा सेंटर पहुंचा लेकिन वहां के डॉक्टरों ने देर होने की बात कहते हुए सर्जरी नहीं की। उसके बाद स्ट्रेचर पर लेटे सुमित को वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया,लेकिन उसी स्ट्रेचर पर रखे उसके कटे हुए हाथ से ध्यान हट गया,नतीजतन वहां घूम रहा एक आवारा कुत्ता उसे अपने मुंह में दबा कर भाग निकला। सुमित कुमार हरदोई का है, इसका पता हुआ तो हरदोई वालों के बीच बहस छिड़ गई। सुमित का तो पता नहीं चला लेकिन अभी भी बहस छिड़ी हुई है और तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

## सार-संक्षेप

### 131 निराश्रितों व वृद्धों को मिला होली का उपहार



बुजुर्गों को वस्त्र वितरित करतीं कीर्ति सिंह। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार :** श्री गोविंद वृद्ध जन सेवा एवं गो विज्ञान समिति के तत्वावधान में 131 निराश्रित असहाय वृद्धजनों को होली के पावन पर्व पर नए वस्त्र वितरण का कार्यक्रम रविवार को शहीद उद्यान परिसर में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बहादुर बेटियां फाउंडेशन की संरक्षिका व विशिष्ट अतिथि डा. चित्रा मिश्रा एवं आरआर इंटर कॉलेज बाल विद्या भवन की प्रबंधक कीर्ति सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। डॉ. चित्रा मिश्रा ने कहा कि संस्था वास्तव में मानव सेवा के लिए काम कर रही है, इनकी सेवा ईश्वर की सेवा के बराबर है। कीर्ति सिंह ने कहा कि संस्था कई वर्षों से अच्छे कार्यों में निस्वार्थ भाव से लगी हुई है। संस्था के अध्यक्ष गोविंद गुप्ता, महिला अध्यक्ष विनीता पांडे ने वृद्धों का आभार जताया।

### जर्जर सड़क पर पैदल निकलना हुआ दूभर

**सुरसा, हरदोई, अमृत विचार :** विकास खंड सुरसा की ग्राम सभा म्योनी से ब्लॉक मुख्यालय को जोड़ने वाली खरेपुरवा मार्ग काफी लंबे समय से क्षतिग्रस्त है। इस मार्ग से बड़ौआ, पचकोहरा, अंटवा, धनिकापुर सहित तमाम गांवों के लोगों का आवागमन रहता है, लेकिन यह मार्ग इतना जर्जर हो गया है कि इस पर पैदल चलना तक मुश्किल है। चुनाव की तिथियां घोषित हो चुकी है। तमाम दलों के नेता विकास के नाम पर जनता के वोट वसूलने में लगे हैं लेकिन विकास की यह तस्वीर किसी जनप्रतिनिधि को नहीं दिखाई पड़ती है। इस मार्ग को बनवाने के लिए ग्रामीणों ने ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक अधिकारियों से पत्राचार किया लेकिन कहीं सुनवाई नहीं गई।



बदहाल सड़क। अमृत विचार

# आजम खां समेत चारों दोषियों पर आज होगा सजा का ऐलान

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर के एक मामले में शनिवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सपा नेता आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां, ठेकेदार बरकत अली और रिटायर्ड सीओ आलेहसन को दोषी करार दिया था। इस मामले में चारों को सोमवार को सजा सुनाई जाएगी। गंज थाना क्षेत्र की डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने को लेकर 2019 में 12 मुकदमे दर्ज हुए थे। यह सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों की ओर से दर्ज कराए गए थे। सपा के पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, ठेकेदार बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

# अर्जुन की तरह शिक्षा के मार्ग पर लक्ष्य साधें


**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार :** रविवार को अतरौली चौराहा स्थित ओआर कॉन्वेंट विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि ने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड व मेडल पहनाते हुए उत्साहवर्धन किया। छात्रा अंशिका शुक्ला व अन्वेषा गुप्ता ने डांस करते हुए धमाल मचा दिया। मुख्य अतिथि वी केयर फाउंडेशन की प्रेसिडेंट डॉ. रेनू सिंह ने कहा कि जिस तरह अर्जुन से गुरु द्रोण से शिक्षा प्राप्त कर लक्ष्य की प्राप्ति की थी, उसी तरह शिक्षा के मार्ग पर लक्ष्य को संधान करें। चेयरमैन ओम प्रकाश सिंह व प्रबंधक रितिक सिंह, प्रधानाध्यापक रिया सिंह ने छात्रों को परीक्षाफल सौंपा। जितेंद्र उर्फ बड़े भैया, प्रदीप सिंह, विक्रम सिंह, अमित राज सिंह, अजीत सिंह, शिवांशु सिंह, मोनू सिंह, विवेक तोमर, रमा बाजपेई, रामेंद्र द्विवेदी, देवकी नंदन सीए आशीष, अनूप सहित कई लोग मौजूद रहे।



अतरौली चौराहा स्थित ओआर कॉन्वेंट विद्यालय के वार्षिकोत्सव में सम्मानित छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# खुशबू बिखेरते बौर से वातावरण खुशनुमा

संवाददाता, हरदोई



आम के पेड़ पर आया बौर। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बसंत के आगमन के बौराए आम, जामुन आदि के पेड़ों से निकली ठंडी सुगंध जहां वातावरण को खुशनुमा बना रही है, वहीं फलों का आगाज बागवानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। बागवानों का कहना है कि अगर मौसम इसी तरह मेहरबान रहा तो पिछले वर्ष में हुए नुकसान की भरपाई आसानी से हो जाएगी।

बसंत बहार के साथ फलों के राजा आम के उत्पादन के शुभ संकेत मिलने लगे हैं। बौराए पेड़ों को देखकर आम उत्पादक किसानों की बांछे खिलती जा रही हैं। जामुन की फसल भी हम किसी से कम नहीं की तर्ज यर बतियाने लगी हैं किसानों का कहना है उद्यान विभाग की उदासीनता प्रतिवर्ष उत्पादन के लिये अभिशाप साबित हो रही है। किसानों ने कहा कि ब्लाक स्तर पर कोई भी प्रशासनिक सहयोग या मार्गदर्शन की व्यवस्था न होना दुर्भाग्यपूर्ण बना हुआ है। फसल कई जाने अनजाने रोग या कीटों का शिकार बन जाती है। ऐसे में बागवानी कानिश्चित उत्पादन हो पाना अनिश्चित बना हुआ है। वरुणेन्द्र मिश्रा, अनिल वर्मा, प्रधान जयपाल सिंह, शिवपाल सिंह, रामू मिश्रा, चन्द्र प्रकाश शर्मा तथा विकट सिंह आदि ने उद्यान विभाग की ब्लाक स्तरीय इकाई सक्रिय करने की आवश्यकता जताई है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अविलंब शासन का ध्यान आकर्षित किया जाए।

# जिले में निकाली गई निशान यात्रा



निशान यात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार :** जिले में द्वितीय श्याम सतरंगी फाल्गुन निशान यात्रा महात्मा गांधी तिकुनियां पार्क से प्रारंभ होकर खाटू श्याम मंदिर तक विभिन्न स्थानों पर निकाली गई। बाबा विश्वनाथ मंदिर के पास से श्याम यात्रा की शुरुआत पूजन कर रामनिवास अग्रवाल की अगवानी में की गई। यह यात्रा सिविल लाइन, सिनेमा चौराहा, सोल्जर चौराहा, नुमाइश चौराहा होते हुए खाटू श्याम मंदिर तक पहुंची जहां सभी श्याम प्रेमी व अचल अग्रवाल ने यात्रा का स्वागत किया। दीपक अग्रवाल, साहिल अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, सुरेंद्र सिंह व राजेश अग्रवाल आदि रहे।

यूपी बोर्ड

जीआईसी व आरआर में इंटरमीडिएट तो वेणी माधव विद्या पीठ में हाईस्कूल की पुस्तिकाओं का किया जा रहा है मूल्यांकन

# तीन केंद्रों पर दो दिन में जांचीं गईं 50 हजार से अधिक कापियां

हरदोई कार्यालय



मूल्यांकन केंद्र में उपस्थिति दर्ज कराते परीक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले के तीन मूल्यांकन केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य तेजी से चल रहा है। जीआईसी व आरआर में इंटरमीडिएट, वेणी माधव विद्या पीठ में हाईस्कूल की पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है। दो दिनों में 50 हजार से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है।

राजकीय इंटर कालेज पर इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है। रविवार को 14,602 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 349 परीक्षकों द्वारा किया गया। हालांकि इस केंद्र पर 809 परीक्षकों को मूल्यांकन करना था, लेकिन रविवार को मात्र 349 परीक्षकों ने ही मूल्यांकन किया। 460 परीक्षक कापी जांचने नहीं पहुंचे। इस केंद्र पर अब तक 16047 कापियों का मूल्यांकन किया जा चुका है। अभी एक लाख 42 हजार 670 कापियों का मूल्यांकन 31 मार्च तक किया जाना है। वहीं आरआर कालेज मूल्यांकन केंद्र पर हाईस्कूल की एक लाख 31 हजार 970 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना है। जिसमें रविवार को 14,449 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 442 परीक्षकों द्वारा किया गया। यहां पर 857 परीक्षकों को कापियां जांचनी थी, लेकिन 415 शिक्षक-शिक्षिकाएं मूल्यांकन पर नहीं पहुंचे। इस केंद्र पर अब तक 16,584 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है। यहां पर एक लाख तीन हजार 651 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना है। वेणी माधव विद्यापीठ इंटर कालेज में एक लाख 84 हजार 909 हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना है, जिसमें रविवार को 5,350 उत्तर पुस्तिकाओं का ही मूल्यांकन 365 शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा किया गया है। यहां भी 377 परीक्षक अनुपस्थित रहे। इस केंद्र पर अब 18, 871 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है। यहां पर एक लाख 66 हजार 38 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना अभी शेष है। मूल्यांकन के दौरान पूरी सावधानी बरती जा रही है। बिना परिचय पत्र किसी को मूल्यांकन कक्ष के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। मूल्यांकन सीसीटीवी की निगरानी में किया जा रहा है। मूल्यांकन की पूरी प्रक्रिया पर जिला मुख्यालय व राज्य मुख्यालय पर बने कंट्रोल सीसीटीवी के माध्यम से निगाह रखे हुए है। इसके अलावा, अधिकारी भी समय-समय पर पहुंचते हैं।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल अंकपत्र प्रमाण पत्र वर्ष 2010 अनुक्रमांक 1731046 इण्टरमीडिएड अंकपत्र सह प्रमाण पत्र 2012 वर्ष अनुक्रमांक 1257585 स्नातक के अंक पत्र 2016 वर्ष अनुक्रमांक 1220181149, बी.टी.सी अंकपत्र 2021 वर्ष अनुक्रमांक 19414900363 जो कि वास्तव में खो गये है। **राकेश कुमार पुत्र देशराज नि० पंचमपुर नरैनी बॉदा**

**सूचना**

मैं प्रवीण कुमार मिश्रा पुत्र स्वर्गीय रमा शंकर मिश्रा, निवासी– डी 832 ओमेक्स सिटी लखनऊ एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि मूल विक्रय विलेख दिनांक 07/10/2013 का अंतिम पृष्ठ अर्थात दफा 60। प्रवीण मिश्रा के नाम से क्रमांक 18710 और आवंटन पत्र खो गया है। संपत्ति का पता डी 734 ओमेक्स सिटी लखनऊ है। मैं आगे बताता हूं कि मैं एसबीआई बेहटा शाखा कोड 014895 से ऋण के लिए उक्त संपत्ति पर समतामूलक बंधक बनाना चाहता हूं। मूल विक्रय विलेख के अंतिम पृष्ठ के खो जाने के संबंध में एफआईआर संख्या–20240000208992 दिनांक 17/03/2024 के तहत पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई है। यदि किसी पक्ष का उक्त प्रासंगिक संपत्ति पर कोई दावा है तो उसे इच्छुक पक्ष के साथ–साथ इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर भारतीय स्टेट बैंक की उपर्युक्त शाखा में भी दर्ज कराया जाना चाहिए।

**सूचना**

**अभियुक्त के विरुद्ध कुर्की की कार्यवाही हेतु**

थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 159/22 धारा 5/27/30 आयुध अधि0 से सम्बधित अभियुक्त मनीष सिंह उर्फ देवेन्द्र सिंह पुत्र रामसजीवन सिंह निवासी कुण्डौरा थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर निरन्तर फरार चल रहा है। अभि0 के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा धारा 82 द0प्र0क्षे0 के अन्तर्गत हाजिर होने की उद्घोषणा दिनांक 9–2–24 को जारी की जा चुकी है। अभि0 मनीष सिंह उर्फ देवेन्द्र सिंह के हाजिर न होने की दशा में कुर्की की कार्यवाही की जायेगी।

**उप निरीक्षक विजय बहादुर**
**थाना सुमेरपुर, हमीरपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड सं0– 933167 281627 मैं त्रुटिवस मेरा नाम मधु दीक्षित एवं मेरे पिता का नाम मधु दीक्षित अंकित हो गया है जबकि मेरा सही नाम केशव राज दीक्षित वह मेरे पिता का नाम आशीष कुमार दीक्षित है मेरी सही जन्मतिथि 24/09/2005 है। **केशव राज दीक्षित पुत्र आशीष कुमार दीक्षित पता – 293 / 411 पुराना हैदरगंज चौक लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपना नाम सन्जू से बदलकर संजय कुमार पुत्र रघुनाथ रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **संजय कुमार पुत्र रघुनाथ निवासी– ग्राम व पोस्ट–बभना, थाना– सफीपुर, उन्नाव**

**शिव मूरत सिंह महाविद्यालय**
**त्रिशुण्डी, भादर, अमेठी**

**आवश्यकता है**
**प्रवक्ता पद हेतु**

भूगोल 02 पद अर्थ शास्त्र 02पद

**वेतनमान व योग्यता- यूजीसी/उ० प्र० शासन/विश्व विद्यालय परिनियमावली अनुसार**

नोट–इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के भीतर समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं फोटो के साथ आवेदन करे।

**प्रबन्धक**
**प्रबीन कुमार सिंह**
मो–9793367812

**दिव्य कृपाल महाविद्यालय**
**गोसवां मल्लावॉ हरदोई**

**में आवश्यकता है**

स्नातक सहा0 आचार्य समाज शास्त्र –01 पद, स्नातक रसायन विज्ञान –01 पद, स्नातक/परास्नातक वनस्पति विज्ञान –01 पद तथा स्नातक / परास्नातक भूगोल में–01 पद व परास्नातक हिन्दी –01 पद

**योग्यता व वेतन यूजीसी व ल0वि0वि0 मानक के अनुसार।**

**आवेदन –**
divyakripalpgcollege@ gmail.com,पर भेजें

**प्रबन्धक**
**श्री राकेश कुमार वर्मा**
मो–9919486606



**रोजा**

**शिया**
सहरी : 4.42 बजे
इफ्तार : 6.29 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 4.49 बजे
इफ्तार : 6.19 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# कार की जोरदार टक्कर से बाइकसवार की मौत

**लहरपुर, अमृत विचार।** लहरपुर-तंबौर मार्ग पर गोबरिया पुल के निकट एक तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइकसवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शनिवार रात लहरपुर-तंबौर मार्ग गोबरिया पुल के निकट लहरपुर की तरफ से जा रही तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार सुधीर पुत्र राम बहादुर उम्र 23 वर्ष निवासी दुघरिया मजरा लखनापुर थाना सकरन को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद कार चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया, स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस व एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में नगर चैकी प्रभारी रामा आसरे चौधरी ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्यवाही की जाए।

# यज्ञ से प्रभु की कृपा के साथ पवित्र हो जाता है वातावरण

लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला अंबर संराय स्थित प्रसिद्ध प्राचीन महावीरन हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रहे श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री राम कथा व रासलीला में वृंदावन धाम से आए कलाकारों ने शनिवार रात्रि बेला में भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का मंचन करते हुए नरसी का भात का सजीव मंचन किया। जिसे देखकर उपस्थित श्रद्धालु द्रवित हो उठे, इस पावन अवसर पर कलाकारों ने भक्त नरसी मेहता पर भगवान श्री कृष्ण की कृपा की कथा का मंचन किया गया।

श्री रुद्र महायज्ञ में यज्ञाचार्य पंडित विपुल कृष्ण शास्त्री ने कहा कि यज्ञ करने से जहां प्रभु की कृपा प्राप्त होती है वहीं यज्ञ से वातावरण पवित्र हो जाता है। श्री राम कथा में कथा व्यास पंडित अभिषेक शास्त्री वृंदावन धाम ने कहा कि भगवान तो कण-कण में व्याप्त है, उन्होंने अत्याचारी हिरण्यकश्यप की कथा का वर्णन करते हुए भक्त प्रहलाद की कथा का वर्णन किया, उन्होंने कहा कि प्रभु अपने भक्तों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।। इस मौके पर आयोजक राम सुन्दर पांडे, यजमान ब्रजेश त्रिवेदी, कमलेश त्रिवेदी, संजय पांडेय, सुनीत पांडेय, निर्मल पाण्डेय, प्रमोद त्रिवेदी, धीरेश त्रिवेदी, अभिषेक पाण्डेय, एडवोकेट कृपाशंकर, पारस नाथ पाण्डेय, सचिन, कृष्ण कुमार पाण्डेय, मोहित पाण्डेय, घनश्याम अवस्थी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु, माताएं बहनें, बड़े बुजुर्ग व भक्त उपस्थित थे।



श्री कृष्ण की लीलाओं का मंचन करते वृंदावन धाम से आए कलाकार। अमृत विचार

## एक नजर

### दो दिन से लापता युवक का गांव के तालाब में मिला शव

**हरगांव।** ग्राम बेनीपुर निवासी अशोक कुमार (50) जो शुक्रवार को तेरहवीं के कार्यक्रम में जाने को कहकर घर से निकला था और घर वापस नहीं आया। रविवार को अशोक का शव गांव के किनारे स्थित तालाब में उतराता मिला। परिजनों ने आशंका व्यक्त की है कि मृतक शौच के लिए तालाब के किनारे गया होगा, जहां फिसलकर तालाब मे डूबने से युवक मौत हो गयी। हरगांव थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### नवभारत साक्षरता परीक्षा का हुआ आयोजन

**रामकोट।** विकास खण्ड पिसावां के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय खम्हरिया में नवभारत साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें कुल पांच शिक्षार्थी सम्मिलित हुए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्याम बिहारी मिश्र ने बताया कि भारत सरकार कि मंशा के अनुसार कोई भी व्यक्ति निरक्षर न रह जाए। प्रधानाध्यापक ने बताया कि इस तरह की परीक्षाओं का आयोजन समय-समय पर किया जाता है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक श्याम बिहारी मिश्र के साथ समस्त विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

### आंचलिक विज्ञान केंद्र घूमे बच्चे

**सिधौली, अमृत विचार।** सिधौली विकासखंड के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत हुई प्रतियोगिता के दौरान एक्सपोजर विजिट के लिए चयनित टॉप सौ परिषदीय बच्चों को शनिवार को लखनऊ स्थित आंचलिक विज्ञान केंद्र का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने 3डी साइंस शो, ओपन साइंस पार्क, लाइव लेकर पार्क एक्वेरियम की प्रदर्शनी, फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी की जानकारी ली।

# नोडल अफसर के साथ डीएम-एसपी ने पोलिंग पार्टी स्थल का किया निरीक्षण

## रूट मैप तैयार कर सभी को सौंपी गई विभागवार जिम्मेदारी

**सीतापुर, अमृत विचार।** शनिवार को लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही रविवार को डीएम-एसपी ने जिला प्रशासन के अफसरों के साथ पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल सहित ईवीएम भंडारण कक्ष और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर मैप के जरिये आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की। डीएम-एसपी ने इस दौरान पोलिंग पार्टियों की रवानगी में लगने वाले वाहनों के हैंडओवर की स्थिति स्थित उनके खड़े और रवानगी स्थल का निरीक्षण कर मैप तैयार किया।

चौथे चरण में होने वाले नामांकन प्रक्रिया से लेकर मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए सरकारी मशीनरी रविवार को भी लगातार क्रियाशील रही। कलेक्ट्रेट सभागार से लेकर आरएमपी इंटर और डिग्री कॉलेज मैदान तक पुलिस और प्रशासनिक अफसरों की चहलकदमी रही। डीएम अनुज सिंह ने बताया कि पलिंग पार्टियों की रवानगी सहित ईवीएम मशीनों के रखरखाव सहित अन्य स्थलों का निरीक्षण कर रूटचार्ट तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी में शामिल होने वाले वाहनों को आरटीओं के माध्यम से हैंडओवर करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सभी वाहनों को आरएमपी स्कूल मैदान के सामने मिलिट्री फॉर्म में रिजर्व किया जायेगा।

पोलिंग पार्टियां ड्यूटी लेने के बाद सामने खड़े वाहनों में सवार होकर मतगणना स्थल पर जाएंगे। डीएम ने बताया कि आचार संहिता लागू होने के 24 घंटे हो चुके है। इसे प्रभावी रूप से लागू कराने के लिए सरकारी बिल्डिंगों पर लगे प्रचार सामग्री को हटवा दिया गया है। शहर सहित जिले के अन्य जगहों पर पोस्टर बैनर होर्डिंग हटाने का काम जोरों पर चल रहा है। 72 घंटे के अंतराल पर पूर्ण रूप से आचार संहित का अक्षरसा पालन कराया जायेगा। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के उपरान्त ऐसी चक्रेश मिश्रा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिले की सीमाओं पर कुल 120 चेकपोस्ट बनाये गये। इन्ही चेकपोस्ट के जरिये ही सघन तलाशी के बाद ही कोई भी जिले की सीमा में प्रवेश कर सकेगा।

साथ ही थानेवार हिस्ट्रीशीटरों और आपराधिक गतिविधि में शामिल लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। चुनाव में किसी भी प्रकार की अशांति फैलाने वालों को बख्सा नहीं जायेगा। इस निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान डीएम- एसपी के साथ मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. प्रवीन रंजन तथा प्रशासन के नोडल अधिकारी भी मौजूद रहे।



वाहनों को रिजर्व करने को लेकर रूटमैप के जरिये दिशा निर्देश दते डीएम अनुज सिंह। अमृत विचार

**सक्रियता**

▶▶ दूसरे दिन भी हटे सरकारी बिल्डिंगों पर लगे पोस्टर

# सड़क किनारे झाड़ियों में मिला युवक का शव

संवाददाता, पहला/सीतापुर

**अमृत विचार।** रामपुरकलां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिकंदराबाद के बिसवां महमूदाबाद हाईवे के किनारे झाड़ियों के बीच खंती में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। व्यक्ति का शव कई दिन पुराना बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अंत्य परीक्षण हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस सोशल मीडिया के जरिये युवक की शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के बिसवा महमूदाबाद मार्ग पर सिकंदराबाद गांव के सामने सागर धर्म कांटा के निकट करीब दस दिन पुराना शव ग्रामीणों ने देखा। ग्रामीणों के मुताबिक व्यक्ति की उम्र लगभग 45 से 50 वर्ष के करीब है। मृतक के शरीर पर ग्रे कलर की टी शर्ट व काले रंग का लोवर पहने हुये है। सड़क पर निकलने वाले लोगों ने बदबू महसूस होने पर शव देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची रामपुरकलां पुलिस ने शव को अन्त परीक्षण हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी नवनीत मिश्र ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो सकी है पोस्टमार्टम हेतु शव को जिला मुख्यालय भेज दिया गया है, शिनाख्त कार्रवाई के प्रयास जारी है।

## सार-संक्षेप

### जन आशीर्वाद यात्रा का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत करते कार्यकर्ता व समर्थक। अमृत विचार

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** रविवार को मोहनलालगंज सांसद कौशल किशोर की जन आशीर्वाद यात्रा का कसमण्डा क्षेत्र मे विभिन्न स्थानों पर जोरदार स्वागत किया गया। पार्टी कार्यकर्ताओ ने अपने मंत्री समेत यात्रा में शामिल तमाम जनप्रतिनिधियों का फूल माला पहनाकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर सिधौली विधायक मनीष रावत, कसमण्डा स्टेट के कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सीतापुर करुणाशंकर त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष कमलापुर आशुतोष मिश्रा, मंडल अध्यक्ष सिधौली राकेश पांडेय, केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के मीडिया प्रभारी दुर्गेश सिंह, परवेज खान, संतोष विश्वकर्मा, ब्लाक प्रमुख सिधौली रामबक्श रावत, विनय सिंह, बेद सिंह, नीरज सिंह, राहुल सिंह चैहान, मधुकर पाण्डेय, अरविंद तिवारी, ज्ञानेंद्र धनगर, शिवम सिंह, ऋषी मिश्रा, रिषभ सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### श्याम बाबा फाल्गुन उत्सव पर निकाली निशान यात्रा

**सीतापुर, अमृत विचार।** रविवार को श्री श्याम मित्र मंडल ने श्याम बाबा फाल्गुन उत्सव का आयोजन भव्य रूप से किया। आयोजन की शुरुआत अग्रसेन अतिथि भवन में श्याम बाबा के मधुर भजन वर्षा गायक नीरज गौड़ व सीतापुर के प्रसिद्ध गायक अनुराग रोशन ने की। सभी श्यामप्रेमियों ने बाबा के मधुर भजनों का आनंद लिया। तत्पश्चात सभी भक्तों पर श्री श्याम मित्र मंडल के पदाधिकारियों ने पुष्प वर्षा की। समापन आरती के पश्चात श्याम बाबा के प्रेमियों ने भव्य निशान यात्रा निकाली, जो अग्रसेन अतिथि भवन से शुरू होकर सीतापुर के विभिन्न मार्गों जैसे लालबाग घंटाघर होते हुए खाटू श्याम मंदिर जेल रोड पर समाप्त हुई। निशान यात्रा के मुख्य आकर्षण के रूप में प्रभु श्री राम जी की चरण पादुका बाबा श्याम जी का रथ व फूलों की होली रही। निशान यात्रा समापन पशचात सभी भक्तों ने बाबा की रसोई का आनंद लिया। आयोजन में सैकड़ों भक्तो सहित श्री श्याम मित्र मंडल कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित थे।



श्याम बाबा की विराजमान मूर्ति। अमृत विचार

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में रिया को प्रथम स्थान

**लहरपुर।** स्थानीय धार्मिक एवं सामाजिक संस्था शिव शक्ति सनातन सेवा समिति के तत्वावधान में खेमकरन इंटर कॉलेज में एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के विद्यालय आदर्श कैलाश नाथ, प्रभात मुन्नू लाल विमला देवी, एसआर पब्लिक स्कूल, ओम कमल पब्लिक स्कूल, मॉडर्न इंटर कॉलेज, रानी पृथ्वी पाल सरस्वती विद्या मंदिर, ओएनजीसी, लक्ष्मी पब्लिक स्कूल, बीडीएनडी स्कूल, हरगोविंद इंटर कॉलेज, खेमकरन इंटर कॉलेज के 173 बच्चों ने अपना पंजीकरण कराया। परीक्षा में 165 बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लक्ष्मी पब्लिक स्कूल की छात्रा रिया व लक्ष्मी पब्लिक स्कूल की ही रजिया बानो ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं तृतीय स्थान ओएनजीसी की अन्वीषा सिंह ने प्राप्त किया। इस मौके पर शिवशक्ति सनातन सेवा समिति के दिलीप शुक्ला, सचिव आशीष शुक्ला, अनिमेष श्रीवास्तव, वीरेंद्रपुरी, राजेश्वर रस्तोगी, हरीश रस्तोगी, प्रभात वर्मा आदि परीक्षार्थी उपस्थित थे।



विजयी छात्रा को पुरस्कार स्वरूप साइकिल देते समिति पदाधिकारी। अमृत विचार

# सबका साथ, सबका विकास का मंत्र लेकर किया कार्यः सांसद

**सीतापुर, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के सदर लोकसभा प्रत्याशी व वर्तमान सांसद राजेश वर्मा ने हेमपुरवा वार्ड में जनता के साथ एक संवाद कार्यक्रम किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने की। सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने सांसद राजेश वर्मा का स्वागत किया।

जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि सीतापुर के विकास के लिए सांसद राजेश वर्मा ने निरंतर प्रयास किए हैं। आप सबको ज्यादा से ज्यादा भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करना है। सांसद व भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा ने कहा कि मैंने सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास का मंत्र लेकर सीतापुर के विकास का कार्य किया है, मैंने कभी किसी को निराश नहीं किया है ऐसे में क्षेत्र के विकास के लिए पुनः अपना आशीर्वाद प्रदान करें। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी मौजूद रहीं। इस अवसर पर हेमपुरवा वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।



संवाद कार्यक्रम में सांसद राजेश वर्मा, पालिकाध्यक्ष नेहा अवस्थी। अमृत विचार

# महिलाओं को मिला निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण

**सीतापुर, अमृत विचार।** सेवा भारती ने शहर के शास्त्री नगर के तपोधाम आश्रम में प्रमाण पत्र वितरण का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि में आश्रम के महंत योगी नरेश नाथ महाराज रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अवनेन्द्र विक्रम सिंह ने की। स्वागत की श्रंखला में जिला अध्यक्ष अवनेन्द्र विक्रम सिंह, संरक्षक विश्ववीर गुप्ता, उपाध्यक्ष रिपुदमन सिंह, वेद प्रकाश कश्यप, सदस्य सरिता जैन ने मुख्य अतिथि महंत योगी का माल्यार्पण कर व अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया।

प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान महिला सिलाई केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली मुस्कान राठौर, राधा मिश्रा, ललिता तिवारी, सोनी राठौर, आर्या त्रिपाठी, गुड़िया दीक्षित सहित 45 महिलाओं को दक्षता प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम के दौरान संरक्षक विश्ववीर गुप्ता ने कहा कि सिलाई केंद्र के माध्यम से जरूरतमंद महिलाओं को निःशुल्क सिलाई कार्य सिखा कर आत्मनिर्भर बनाने में सेवा भारती ने अपनी भूमिका निभाई हैं। जिला कोशी के अध्यक्ष मनोज दल ने कहा सेवा भारती द्वारा दलित बस्तियों में सेवा केंद्रों का संचालन करते हुए उनको शिक्षित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष अवनेन्द्र विक्रम सिंह ने सभी का आभार जताया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता, सचिन त्रिपाठीआदि उपस्थित रहे।



दक्षता प्रमाण पत्र के साथ महिलाएं व सेवा भारती के संरक्षक, अध्यक्ष। अमृत विचार

**आस्था** | पूजन अर्चन के बाद 84 कोसी परिक्रमा में शामिल श्रद्धालुओं ने जरिगवां पड़ाव के लिए किया कूच

# मार्कंडेय पर्वत के प्रतिरूप में जाना जाता परिक्रमा का मड़रूवा पड़ाव स्थल

**सीतापुर, अमृत विचार।** 88 हजार ऋषियों की तपोस्थली नैमिषारण्य की पौराणिक 84 कोसी परिक्रमा यात्रा छठे पड़ाव दधनामऊ देवगंवा में रात विश्राम किया। रविवार तड़के सुबह स्नान पूजन के बाद रामादल ठोल नगाड़ों की थाप पर भजन-कीर्तन करते हुए अगले दिन सातवें पड़ाव जरिगवां के लिए प्रस्थान किया। रामादल में शामिल परिक्रमार्थी बोल कड़ाकड़ सीता राम के गगनभेदी जयकारे लगा रहे थे।

मान्यता है कि 84 कोशीय परिक्रमा में श्रद्धा भाव से शामिल होने वाले परिक्रमार्थियों पर देवों की विशेष कृपा रहती है। अव्यवस्थाओं के बीच लंबी यात्रा में भी परिक्रमार्थियों द्वारा पैदल यात्रा के बावजूद भी उनके अंदर हर क्षण एक नई ऊर्जा का संचार होता रहता है। सातवें पड़ाव की इस यात्रा में सोमवार को परिक्रमार्थियों ने परिक्रमा मार्ग में चंदनताल, प्रमोद वन, परमेश्वर तीर्थ, शोणभद्र, शिवगंगा, वाल्मीकि कूप, हयग्रीव, पंचवटी, पितामह तीर्थ व मार्कंडेय तीर्थ आदि धर्मस्थलों का भक्तिभाव से दर्शन कर पूजन किया। इस परिक्रमा पथ पर चंद्रवदनी देवी का दर्शन बड़ा फलदायी माना जाता है। मान्यता है कि ये पड़ाव ऋषि मार्कंडेय के तपस्थल मार्कंडेय पर्वत के प्रतिरूप में मडरुवा नाम से जाना जाता है। यहां रात प्रवास का आनंद अलग ही होता है। श्रीराम की आस्था के रंग में सराबोर नैमिष तीर्थ की प्रसिद्ध 84 कोसीय यात्रा रामादल में परिक्रमा की इस अवधि में परिक्रमा पड़ावों पर परिक्रमार्थियों के छोटे-छोटे पंडाल और अस्थायी टेंट एक अलग ही धार्मिक प्रवास के दृश्य का अछ्वुत दर्शन कराते हैं।

आधुनिकता के समय में भी फक्कड़ तरीके से परिक्रमार्थियों द्वारा भोजन बनाने व खाने का नजारा भी कम आकर्षक नही होता है। यह बात केवल यहीं तक नही है इस परिक्रमा में समस्त रामादल ईश्वर के भक्तों के एक सामूहिक परिवार की तरह इस धर्म यात्रा में भाग लेता है। यहां गृहस्थ परिक्रमार्थियों द्वारा संतों और निराश्रितों को भंडारा प्रसाद की सेवाओं का क्रम भी पूरी परिक्रमा में चलता रहता है। कुछ इसी तरह अपनी ही मस्ती में ये रामादल यात्रा रात को मडरूवा में विश्राम कर रविवार सुबह अपने अगले पड़ाव जरिगंवा के लिए प्रस्थान करेगा। परिक्रमार्थियों के स्वागत के लिए एसडीएम अनिल रस्तोगी, बीडीओ अजीत यादव सहित पूरा तहसील व ब्लाक प्रशासन रात से सुबह तक जुटा रहा।



जय श्री राम नाम के उद्घोष के साथ पैदल चलते परिक्रमार्थी।



पड़ाव स्थल पर बरगद की पूजा करतीं महिला श्रद्धालु। अमृत विचार

### पड़ाव स्थल मडरूवा की पौराणिक कहानी

मान्यता के अनुसार छठे पड़ाव देवगवां से सातवें पड़ाव मड़रूवा की दूरी करीब 14 किमी है। इस बीच के रास्ते में देवगवां, वजीरनगर, कैथोलिया, रन्नूपुर, शिवथान, वर्मी, चंद्रावल, ढेड़ुआ गांव पड़ते हैं। ढेड़ुआ और मड़रूवा गांव में ही छेदादास बाबा और लक्कड़ बाबा के आश्रम हैं। परिक्रमार्थी देवगवां से कुतुबनगर मार्ग से वर्मी-मछरेहटा मार्ग पर चंद्रावल गांव से सातवें पड़ाव की ओर कूच करते हैं। श्रद्धालु मड़रूवा गांव के आसपास मार्ग किनारे आम की बाग में और ढेड़ुवा गांव के आसपास पड़ाव डालते हैं। रैन बसेरा से करीब 500 मीटर दूर मड़रूवा गांव से लेकर ढेड़वा गांव तक करीब डेढ़ किमी की रेंज तक परिक्रमार्थी ठहरते हैं।

### जरिगवां में ठहरेगा रामादल

फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी को मड़रूवा से चलकर मार्ग में विश्केवर, गड़ मुक्तेश्वर, हरिहर, हरिद्वार रूप कुण्ड, कुर्यावर्त कल्लेश्वर आदि स्थानों के दर्शन करते हुए महुवा वन में स्थित मधूम (महुवा) के वृक्ष के नीचे रूकता है। यहां पर सुहागिन महिलाएं इसका विधिवत पूजन करती हैं एवं सुहाग पिटारी एवं सुन्दर वस्त्रों का दान करती हैं।

# जनक कुमारी सिंह को मिला डॉ. कलाम अवार्ड

▶▶ कपड़ा व बर्तन बैंक का कर रही हैं संचालन

▶▶ महिलाओं को घर का मुखिया बनाने का चलाया है अभियान

**कमलापुर, अमृत विचार।** प्रधान जनक कुमारी सिंह के सामाजिक कार्यो को दृष्टि में रखते हुए सार्थक वेलफेयर सोसाइटी ने अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ में भारत रत्न डॉ. अब्दुल कलाम पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार राज्यमंत्री विश्वनाथ, कलाकार अन्नू अवस्थी एवं संस्था अध्यक्ष अश्वनी जायसवाल ने दिया।

प्रधान जनक कुमारी सिंह द्वारा कपड़ा बैंक व बर्तन बैंक संचालित की जा रही है। जिसका लाभ समाज को मिल रहा है। कपड़ा बैंक में समाज के सुविधा सम्पन्न लोगों से कपड़ा एकत्रित कर अभावग्रस्त लोगों को उपलब्ध कराए जाते हैं, वहीं बर्तन बैंक द्वारा समाज में गरीब परिवारों की लड़कियों की शादी में दिये जाते हैं। साथ ही अन्य कार्यक्रमों में खाना बनाने के लिए भगौना ,कढ़ाई, ड्रम आदि अन्य बर्तन निःशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं। कार्य होने के बाद लोग फिर जमा कर देते हैं। जनक कुमारी सिंह जब से प्रधान बनी है, बुजुर्गों की सेवा के लिए समाज को जागरूक करने का कार्य कर रही हैं। साथ ही जो बेटे व बहू बुजुर्गों सेवा अच्छे ढंग से करते है उनको पंचायत भवन पर सम्मानित किया जाता है। प्रधान ने ग्राम पंचायतवासियों के बीच एक अभियान चलाया है कि सभी लोग अपने घर की महिलाओं को घर का मुखिया बनायें। जिससे मातृ शक्ति का उनको उनका हक व समाज में सम्मान मिले। सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। प्रधान जनक कुमारी सिंह को सम्मानित किए जाने पर विनोद कुमार सिंह, दुर्गेश सिंह, अमन सिंह, निप्पू सिंह अरविंद सिंह, राजेन्द्र सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषेते ।
अविश्चस्ते विश्चसिति मूढचेता नराधम : ॥

मूर्ख व्यक्ति बिना आज्ञा लिए किसी के भी कक्ष में प्रवेश करता है, सलाह मांगे बिना अपनी बात थोपता है तथा अविश्वसनीय व्यक्ति पर भरोसा करता है ।

## संपादकीय

# लंबी चुनावी प्रक्रिया

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव एक ऐसी बुनियाद है, जिस पर लोकतंत्र की इमारत टिकी हुई है। इस बुनियाद को बनाए रखने में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव से जुड़े सिद्धांत और प्रक्रियाएं अहम भूमिका निभाती हैं। देश का चुनावी परिदृश्य अपने आप में अद्वितीय है। भारत के चुनाव आयोग पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी है। चुनाव आयोग का दायरा और भूमिका काफी बड़ी है। 400 से अधिक राज्य विधानसभा चुनाव, राष्ट्रपति चुनाव, उपराष्ट्रपति चुनाव और 17 बार आम चुनाव को सफलतापूर्वक कराना काफी बड़ी बात है। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा कर दी है। 543 लोकसभा सीट के लिए चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे। वोटों की गिनती 4 जून को होगी। करीब 46 दिनों तक चलने वाली ये 1951-52 के बाद दूसरी सबसे लंबी चुनावी प्रक्रिया हैं। यह ठीक है कि जिस चुनाव में लगभग 97 करोड़ मतदाताओं को भागीदारी करनी हो तो समय लगेगा ही। 2019 में भी सात चरणों में मतदान हुआ था और उसके पहले 2014 में नौ चरणों में, लेकिन 2009 में पांच चरणों में ही चुनाव करा लिए गए थे। 2021 के विधानसभा चुनाव भी 8 फेज में हुए थे। उस समय कहा गया था कि कोरोना के चलते इतने फेज में चुनाव हो रहे हैं। लेकिन इस बार तो ऐसा कुछ नहीं है।

1951-52 में हुए संसदीय चुनाव चार महीने से ज्यादा समय तक चले थे। वे लोकसभा के लिए स्वतंत्र भारत के पहले चुनाव थे। उस समय परिवहन व संचार के साधन विकास की प्रक्रिया में थे। विपक्ष भी सात चरणों में चुनाव कराने पर सवाल उठा रहा है। विपक्षी दल कह रहे हैं चुनाव तीन से चार फेज में हो सकते थे। देश में 16 मार्च से लागू हुई आचार संहिता 79 दिन तक रहेगी। तीन या चार फेज में चुनाव हो जाते तो आचार संहिता कम समय के लिए लगती। सात चरणों में चुनाव का मतलब है कि इस बीच सभी विकास कार्य रुक जाएंगे। एक तरफ विपक्ष लंबे चुनावों पर सवाल खड़े कर रहा है। वहीं भाजपा का तर्क है कि लंबे समय का लाभ सभी पार्टियों को एक जैसा मिलेगा। ये सभी दलों के लिए बराबर समय है। वास्तव में लंबी चुनावी प्रक्रिया खर्चीली ही नहीं, उबाऊ भी होती है और आचार संहिता के चलते बहुत से सरकारी काम ठप हो जाते हैं। अच्छा होता कि कहीं कम चरणों में चुनाव संपन्न कराने के प्रयत्न किए जाते।

# कमजोर कंधे और मां-बाप की उम्मीदों का बड़ा बोझ



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

**बच्चों की मानसिक स्थिति की बात करें तो अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर और इंजीनियर के कच्चे माल की तरह यहां छोड़ जाते हैं और चाहते हैं कि कोचिंग संस्थान इनको अच्छा प्रोडक्ट अर्थात इंजीनियर या डाक्टर बना देंगे।**

आजकल बच्चों पर उनके मां-बाप की उम्मीदों और ख्वाहिशों का बड़ा बोझ है। यह बोझ कभी-कभी इतना भारी हो जाता है कि बच्चे संभाल नहीं पाते और टूटकर बिखर जाते हैं। राजस्थान में इंजीनियर और डाक्टर पैदा करने वाले शहर कोटा में बच्चों के आत्महत्याओं का सिलसिला रुक नहीं रहा है।

चंबल नदी के किनारे बसा राजस्थान का शहर कोटा करीब तीन दशक में डॉक्टर और इंजीनियर बनने का ख्वाब देने वाले नौजवानों का मुख्य गंतव्य स्थल बन गया है। नब्बे के दशक में यहां गिनती के कोचिंग सेंटर हुआ करते थे। उस समय डाक्टर-इंजीनियर की तैयारी करने वाले बिहार के बच्चों के लिए पटना, बोकारो और उत्तर प्रदेश के बच्चों के लिए कानपुर डेस्टिनेशन हुआ करता था। संयोगवश एक बार यहां एक कोचिंग संस्थान के 10 छात्रों का चयन एक ही साल आईआईटी में हो गया। उसके अगले वर्ष यहां के 50 छात्र आईआईटी में चुने गए। बस फिर क्या था, भेड़िया धसान का दौड़ शुरू हो गया। लोग बाग आंखें मूंदकर कोटा की ओर दौड़ने लगे। अभिभावकों और छात्रों को लगने लगा कि जैसे यहां यहां के कोचिंग संस्थानों में कोई ऐसी जड़ी बूटी है जिसे पीकर उनके बच्चे, चाहे कैसे भी हों, इंजीनियर डाक्टर चुटकी में बन जाएंगे। परिणामस्वरूप वर्ष 2015 तक कोटा में कोचिंग का कारोबार लगभग हजार करोड़ रुपये का हो चुका था, जो आज लगभग पांच हजार करोड़ से भी ज्यादा का हो चुका है। आज यहां के लगभग डेढ़ सौ कोचिंग संस्थानों में प्रत्येक वर्ष जुलाई से लेकर जनवरी महीने के बीच दो लाख से ज्यादा छात्र नीट यूजी और जेईई की तैयारी करने के लिए आते हैं। सिर्फ राज्य सरकार को कोटा कोचिंग इंडस्ट्री से हर वर्ष लगभग 700 करोड़ रुपये का टैक्स मिलता है। कुल मिलाकर कोटा की पूरी अर्थव्यवस्था छात्रों पर निर्भर है। होटल, हास्टल, पीजी, आटो रिक्शा, साइकिल, टिफिन, मेस, किताब, स्टेशनरी , युनिफार्म, टीचिंग का धंधा जोरों पर है। यदि पूरी अर्थव्यवस्था को एक साथ देखा जाए तो लगभग यह तीस हजार करोड़ रुपए की है। लेकिन आने वाले छात्रों में सफल छात्रों के प्रतिशत को समग्र रुप से देखें तो सफलता की दर दो प्रतिशत ही है अर्थात यहां तैयारी के लिए आए 100 बच्चों में से मात्र दो बच्चे ही सफल हो पाते हैं। स्वाभाविक रूप से बच्चों पर सफल होने का दबाव ज्यादा है।

**इन सबके बावजूद आवश्यकता यह है कि बेगाने और अनजान जगह पर जहां बच्चे सिर्फ अपने अपने में लगे हैं, कोई ऐसा मिले, जिससे वो दिल खोल कर अपनी बात कह सके। कोचिंग संस्थानों को भी प्रवेश के वक्त छात्र को जांचना चाहिए कि वे उस क्षेत्र के लिए सही हैं या नहीं।**

बच्चों की मानसिक स्थिति की बात करें तो अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर और इंजीनियर के कच्चे माल की तरह यहां छोड़ जाते हैं और चाहते हैं कि कोचिंग संस्थान इनको अच्छा प्रोडक्ट अर्थात इंजीनियर या डाक्टर बना देंगे। लेकिन एक बार यहां छोड़ देने के बाद वो कभी भी यह जानने की कोशिश नहीं करते हैं कि उनके बच्चे यहां कैसे रह रहे हैं, उनको कोई परेशानी तो नहीं, कोचिंग में उसका प्रदर्शन कैसा है? ज्यादातर अभिभावक एडमिशन के बाद बच्चे को हर महीने का खर्च भेजकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेते हैं। कुछ मां-बाप तो अपने सपनों और उम्मीदों को जबरन बच्चों पर थोपते हैं। वे चाहते हैं कि उनका बच्चा डॉक्टर-इंजीनियर बन जाए, ताकि समाज में उनका रौब बढ़े, प्रतिष्ठा बढ़े , चाहे उनका बच्चा पढ़ने में कितना भी कमजोर न हो। जब बच्चों से बात होती है, तो वे हमेशा यही कहते हैं कि तुम्हें पता है ना कि किस तरह तुम्हें वहां भेजा गया है, इसलिए इस बार मुझे विश्वास है, तुम अवश्य पास कर लोगे। इस विश्वास का बोझ बच्चों पर बहुत ही भारी होता है। यद्यपि कुछ मां-बाप ऐसे अवश्य हैं, जो अपने बच्चों को लेकर काफी संवेदनशील हैं। वे अपने बच्चों की परेशानियों को समझते हैं और सही समय पर हस्तक्षेप करते हैं। आजकल यहां बच्चों को छठी क्लास से ही पढ़ने भेज दिया जा रहा है । उन्हें लगता है कि अगर वे अपने बच्चे को कम उम्र में तैयारी के लिए भेज देंगे, तो उसके सफल होने की संभावना बढ़ जाएगी। जो बच्चे छठी से 11वीं क्लास के बीच आते हैं, उन्हें नर्चर कहा जाता है। 12वीं के बाद आने वालों को ड्रापर कहा जाता है। आपस में बच्चे दोस्त बनने के बजाय प्रतिद्वंद्वी बन जाते हैं। वे आपस में मन की बात एक-दूसरे से कह नहीं पाते। यह अवसाद की स्थिति उत्पन्न करता है। परिवार या माता-पिता की पसंद के कारण कई बार छात्र ऐसा क्षेत्र चुन लेते हैं जिनमें उनकी रुचि नहीं होती। यह सिर्फ उन्हें खुश करने के लिए होता है। साथ ही कई बार छात्र मां बाप द्वारा खुद पर खर्च किए जा रहे ज्यादा महंगी फीस के बारे में सोचने लगते हैं। इन सब के कारण बच्चे तनाव में आ जाते हैं। वैसे ग्रेजुएशन के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और इतने कम उम्र में परीक्षाओं की तैयारी में अंतर यह है कि ग्रेजुएशन के बाद बच्चे अधिकांशतः परिपक्व हो जाते है, कोई भी प्रेशर हैंडल कर लेने की स्थिति में होते हैं। सफलता का प्रतिशत तो सिविल सेवाओं की तैयारी में लगे प्रतियोगियों का बहुत ही कम है लेकिन वहां बच्चे सुसाइड नहीं करते। वे समझदार होते हैं और अपने को दूसरी दिशा में मोड़ लेते हैं और सफल भी होते हैं। मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी में भी जब तक पटना, बोकारो और कानपुर कोचिंग हब बना हुआ था, तब भी बच्चों में इतना फ्रस्ट्रेशन, एंग्जाइटी , डिप्रेशन या सुसाइड की कहानी नहीं सुनने को मिलती थी। स्पष्ट है इसमें बहुत हद तक कोचिंग संस्थानों का भी रोल है, जो बच्चों का सिर्फ मानसिक और आर्थिक शोषण कर रहे हैं।

कोटा में बढ़ रही आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ने अपनी तरफ से काफी प्रयास शुरू कर दिए हैं। कोटा में सभी हॉस्टल्स और पीजी संचालकों को कमरों में एंटी हैंगिंग डिवाइस लगाना अनिवार्य करदिया गया है। एंटी हैंगिंग डिवाइस पंखे के नीचे स्प्रिंगनुमा एक डिवाइस होता है। जैसे ही पंखे पर बीस किलो से अधिक वजन पड़ता है तो पंखा नीचे आ जाता है। सिर्फ फरवरी 2024 में इस डिवाइस के कारण पांच बच्चों की जान बचाई जा चुकी है। कोटा के जिला कलेक्टर ने सुसाइड रोकने और छात्रों को अच्छा माहौल देने के लिए "डिनर विद कलेक्टर" शुरू किया है जिसमें वो कोचिंग और हास्टल में जाकर बच्चों के साथ डिनर करते हैं और उन्हें मोटिवेट कर रहे हैं। प्रत्येक हॉस्टल और पीजी में काउंसलर्स जा रहे हैं और छात्रों से संवाद कर रहे है । प्रशासन ने एक विशेष पोस्टर भी तैयार किया है जिसमें 24 घंटे विद्यार्थियों की मदद के लिए संचालित की जा रही हेल्पलाइन के मोबाइल नंबर, जिला प्रशासन के स्टूडेंट पोर्टल, कोटा पुलिस स्टूडेंट सेल, व्हाट्स-अप कांटेक्ट, ई-मेल आईडी और मदद के लिए अन्य सभी हेल्पलाइन के पोस्टर्स सभी हॉस्टल्स के प्रमुख स्थानों पर डिस्प्ले किए जाएंगे। सप्ताह में एक दिन 'आधे दिन पढ़ाई, आधे दिन मस्ती', आत्महत्या की प्रवृत्ति वाले छात्रों की पहचान करना और साइकोलॉजिकल काउंसलिंग देने जैसे कार्यक्रम लागू किए गए हैं। बच्चों में आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने के लिए कोटा के ही डॉक्टर शेखावत ने निजी तौर पर 'होप सोसाइटी प्रोजेक्ट' भी शुरू किया था। इसके साथ ही एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है जिससे छात्र तनाव की सूरत में फोन पर बात कर सहज हो सके। यदि कोई छात्र आपसी बातचीत को अनदेखा कर रहा है, खुद पर अविश्वास दिखा रहा है, बातचीत में झल्ला जा रहा है ,बिना कारण के बार-बार रोना शुरू कर देता है, उनके साथियों, अभिभावकों, कोचिंग स्टाफ, हास्टल स्टाफ को तुरंत संज्ञान में लेना चाहिए। संभव है वो एंग्जाइटी और डिप्रेशन में जा रहा है। प्रत्येक स्टूडेंट्स के दरवाजे पर दस्तक एक ऐसा कार्यक्रम चलाया गया है जिसमें हास्टल और पीजी में जाकर बच्चों की पहचान की जा रही है, उससे बात की जा रही है।

इन सबके बावजूद आवश्यकता यह है कि बेगाने और अनजान जगह पर जहां बच्चे सिर्फ अपने अपने में लगे हैं, कोई ऐसा मिले, जिससे वो दिल खोल कर अपनी बात कह सके। कोचिंग संस्थानों को भी प्रवेश के वक्त छात्र को जांचना चाहिए कि वे उस क्षेत्र के लिए सही हैं या नहीं। अगर छात्र की उस विषय या क्षेत्र में रुचि न हो तो वो उन्हें दाखिला न दें या उन्हें कैरियर का कोई और विकल्प बताएं। हरेक कोचिंग संस्थानों में काउंसलर रखना अनिवार्य कर दिया गया है। सप्ताह में छुट्टी, टेस्ट भी रविवार को न हो तथा कम नंबर लाने वाले को अलग से क्लास लगाना अनिवार्य होना चाहिए। सबसे बड़ी म्मिेदारी तो मां बाप की है जिन्हें चाहिए कि अपने सपनों और उम्मीदों का बोझ बच्चों के कमजोर कंधों पर न डालें, उन्हें स्वाभाविक रुप से अपना फील्ड चुनने दें, जहां वो बेहतर कर सकते हैं।

## प्रसंगवश

# कितना निष्पक्ष होगा आयोग

राष्ट्रीय चुनाव आयोग की खाली पड़ी दोनों जगहें दो सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारियों से भर ली गई हैं और कोरम पूरा है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां चुनाव के स्वच्छ संचालन के लिए एक निष्पक्ष और तटस्थ भाव रखने वाला चुनाव आयोग अपेक्षित है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हालांकि वर्तमान में जो चयन प्रक्रिया और कानून इसके लिए हैं, वह इस उद्देश्य की पूर्ति करते नहीं दिखते। पहले कानून मंत्रालय सर्च करके एक सूची बनाता है और इसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली चयन समिति के पास सिफारिश के रूप में भेजता है। समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और एक अन्य सदस्य होता है, जिसे प्रधानमंत्री नामांकित करते है।

यह समिति कानून मंत्रालय के द्वारा भेजे नामों या उससे बाहर का भी कोई व्यक्ति चयनित कर सकती है और अनुमोदनार्थ राष्ट्रपति को भेजती है। उनके अनुमोदन के पश्चात विज्ञप्ति प्रकाशित हो जाती है और नियुक्ति हो जाती है। अब इस प्रक्रिया से साफ है कि आयोग सरकार के हाथ की ही कठपुतली होगा। चयन समिति में पीएम और एक अन्य सदस्य पीएम की ही पसंद का होगा, तो नेता प्रतिपक्ष केवल आपत्ति करता रह जाएगा; चलेगी एक नहीं। ऐसे चुनाव आयोग से निष्पक्षता की आशा करना बेकार है। यहां बताते चलें कि इस सारी प्रक्रिया से संबंधित प्रकरण उच्चतम न्यायालय तक गए हैं और गत वर्ष 2 मार्च में इस न्यायालय ने निर्णय किया था कि चयन समिति में मुख्य न्यायमूर्ति, पीएम और नेता प्रतिपक्ष होंगेः लेकिन सरकार ने इसकी अवहेलना करके ऐसी पद्धति को कानूनी शक्ल दे दी, जिससे इस प्रक्रिया में प्रधानमंत्री का वर्चस्व बना रहे। सर्वोच्च न्यायालय में याचिकाएं अब भी चल रही हैं।

सुप्रीमकोर्ट ने एक टिप्पणी फिर की है कि 'जब यहां सुनवाई चल रही थी,तो ये ताजी दो नियुक्तियां कैसे हो गईं'? सरकार से 21 मार्च तक जवाब मांगा गया है। अब देखना है कि सुप्रीम आदेश क्या होते हैं? जनता एक निष्पक्ष चुनाव आयोग गठित किए जाने की दरकार रखती है,जो संप्रति नहीं है।

# वर्षा पोषित जल स्रोतों को बढ़ाना होगा



डॉ.मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

**जमीन के अंदर पानी जाने के मार्ग भी साल दर साल विकास के नाम पर कम होते जा रहे हैं। पक्के भवनों में वाटर रिचार्जिंग सिस्टम भी नहीं लगे हैं।**

जल संकट ने सभी बड़े शहरों की नींद उड़ा दी है। बेंगलुरु के प्रशासन ने इस समस्या से निपटने के लिए आईटी से जुड़ी कंपनियों से अनुरोध किया है कि वे अपने ऐसे कर्मचारियों/अधिकारियों को जो दूसरे प्रदेशों से यहां आकर काम कर रहे हैं, को अपने प्रदेश में जा कर घर से काम करने के लिए अनुरोध करें ताकि यहां की जल खपत को कम किया जा सके। नागरिकों से भी अनुरोध किया जा रहा है कि वे पानी का उपयोग मितव्ययिता से करें तथा अपव्यय बिल्कुल नहीं करें। मसलन एक्वागार्ड आदि से निकले वेस्ट वाटर का उपयोग बर्तन साफ करने में, पेड़ पौधे को जीवित रखने के लिए करें। जल उपयोग को सीमित करने के लिए पानी की आपूर्ति में कटौती की जा रही है।

ग्रीष्म ऋतु में जल संकट की समस्या कोई नई नहीं है और किसी एक शहर तक सीमित भी नहीं है। अपितु अधिकांश छोटे-बड़े शहरों को जिनके पास जनसंख्या अनुपात में वर्षा जल संग्रहण के पर्याप्त संसाधन नहीं हैं,जो भू-जल पर निर्भर हैं को प्रतिवर्ष ग्रीष्म ऋतु में पर्याप्त वर्षा होने तक इस समस्या का सामना कम या ज्यादा सामना करना ही पड़ता है। स्थानीय निकायों द्वारा अपनी जनता को राहत पहुंचाने के लिए टैंकरों द्वारा जल की आपूर्ति कभी सशुल्क तो कभी निशुल्क की जाती है। जनता अपने अन्य खर्च को कम करके किसी भी कीमत पर जल क्रय करने को मजबूर हैं अर्थात 'मरता क्या नहीं करता '।

जल समस्या का जटिल तथा विस्तारित होना बताता है कि निदान के लिए जैसे प्रयास शासन स्तर पर होने चाहिए थे वैसे किए नहीं गए। यद्यपि ग्रीष्म ऋतु में कमोवेश हर सरकारें जल आपूर्ति के लिए चिंतित अवश्य नजर आती हैं, किन्तु वर्षा होते ही प्रयास धीमे हो जाते हैं,या समस्या ही भुला दी जाती है। जनता भी जल आपूर्ति नियमित होने पर स्थाई समाधान हेतु मांग करना बंद कर देती है। वस्तुतः जल संकट के निदान के लिए प्रत्येक सरकारों को अपने शहरों में बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में जल आवश्यकता का अनुमान लगा कर वर्षा जल संग्रहण तथा आपूर्ति के बारे में सोच विचार कर कार्य योजनाएं बनानी चाहिए। उन शहरों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है जो बराहमासी नदी या बड़े बांध या जलाशय के पास नहीं है, जिनकी जनसंख्या अधिक है और भूगर्भीय जल पर अधिक आश्रित हैं।भारत में हो यह रहा है कि जिन शहरों में रोजगार की संभावनाएं अधिक है उन शहरों में तेजी से लोग दूसरे शहरों से आकर अस्थाई तौर पर या स्थाई रूप से बस रहे हैं। अर्थात इन शहरों में जल की मांग निरंतर बढ़ रही है, साथ ही आवास की पूर्ति के लिए तालाबों, झीलों, जलाशयों आदि जल स्रोतों के केचमेंट क्षेत्र अवरुद्ध हो गए हैं, और जनसंख्या के अनुपात में नए जल संग्रहण स्रोतों का निर्माण नहीं हो पा रहा है।

शहरों में जमीन के अंदर पानी जाने के मार्ग भी साल दर साल विकास के नाम पर कम होते जा रहे हैं। पक्के भवनों में वाटर रिचार्जिंग सिस्टम भी नहीं लगे हैं, पुरानी बाबडी,कुओं आदि का रखरखाव भी ठीक से नहीं हो रहा है। परिणाम यह है कि वर्षा का अधिकांश पानी शहरों की जमीन के अंदर जाने की बजाय बहकर अन्यत्र चला जाता है। अतः जल आपूर्ति की समस्या जल प्रबंधन के साथ जनसंख्या प्रबंधन की भी है। इसलिए प्रत्येक शहर को अपने जनसंख्या के अनुपात में जल आडिट नियमित रूप से (निश्चित अंतराल बाद)करते रहना चाहिए अर्थात कितनी जनसंख्या है?,कितनी जनसंख्या हर साल बढ़ रही है?, कितने जल स्रोत है?(तलाब, जलाशय, झील, डेम आदि), उसमें कितना जल संग्रहित किया जा सकता है?,कितने व्यक्तियों के लिए वे जल की आपूर्ति कर सकते हैं?, कितनी क्षमता वाले कितने जल संग्रहण के स्रोतों की वर्तमान और भविष्य में आवश्यकता होगी?। मेरा ऐसा मानना है कि यदि आवश्यकता के अनुकूल शहरों में वर्षा जलसंग्रहालयों को बढ़ाया जाता है, उनका रखरखाव ठीक से रखा जाता है और जनता पानी के अपव्यय को कम करने की आदत बना लेती है तो जल समस्या से निपटना कोई मुश्किल नहीं होगा। इसके साथ ही शासन को हर भवन पर वाटर रिचार्जिंग सिस्टम को लगाना अनिवार्य करना होगा और स्वयं को भी रोड साइट पर, कालोनियों के बगीचों में स्वतः संज्ञान लेते हुए रिचार्ज पिट का निर्माण निश्चित दूरी के अंतराल से करने पर विचार करना चाहिए। ऐसा करके स्थानीय स्तर पर भू में जल के प्रवेश को बढ़ाया जा सकता है। जो निश्चित रूप से भू-जल स्तर को उपर उठाने में मदद करेगा। शासन के प्रयास, जनसंख्या अनुपात में वर्षा जल का संग्रहण और जनता का जल उपयोग के प्रति मितव्ययिता का आचरण ही जल समस्या का समाधान हो सकता है।

## सोशल फोरम

# नीति में बदलाव की जरूरत

**प्रोटेक्टिव रेलिंग और ऊंचे खंबों पर सोडियम वेपर लाइट्स तो बिलकुल ही हटा देनी चाहिएं।**



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

पुरातत्व की श्रेणी में शामिल कोई भी निर्माण तभी तक सौंदर्य से परिपूर्ण लगता है जब तक उसकी काया पर कुदरती प्रभाव की छाया मौजूद रहती है। जैसे ही कंजर्वेशन (संरक्षण) हुआ वह सब गायब हो जाता है। लगता है जैसे किसी बुढ़िया का श्रृंगार किया गया है। मेरे ख्याल से पुरातत्व विभाग को शानदार और ऐतिहासिक महत्व की इमारतों और स्थलों को बचाने की अपनी नीति में बदलाव की जरूरत है। जब हमने ब्रिटिश समय के बहुत से कानूनों को बदल लिया है तब हमें ब्रिटिश लोगों की धरोहरों के प्रति संरक्षण की नीति को बदल देना चाहिए। हमें अब कनिंघम और मार्शल युग के बाद की संरक्षण नीति के बारे में सोचना चाहिए।

प्रकृति के कठोर कार्य की वजह से जैसे कि वर्षा, तापमान, मैकेनिकल स्ट्रेस की वजह से निर्माण सामग्री का विघटन, एक त्यक्त भवन और इसके आसपास के परिवेश का रूपांतरण होने लगता है। तब इसके अवशेष के रूप में 'सुंदर' दिखने वाला स्थल और भवन या एकाधिक भवनों के अलावा इसके आसपास के परिवेश को पर्यटकों की सुविधा के लिए संरक्षण के नाम पर बदल दिया जाता है। ऐसा करने से उस स्थल और भवन में आकृतिमूलक ऐसे परिवर्तन हो जाते हैं जिससे प्राकृतिक सौंदर्य गायब हो जाता है। मुझे नहीं लगता कि हमें उन जगहों पर या इनके आसपास पर्यटकों को लाने की जरूरत है जहां पर खंडहर या ऐतिहासिक महत्व की 'एबंडंड' बिल्डिंग्स मौजूद हैं। पिछले 60 वर्षों में मैं जहां भी गया, पाया कि स्मारक तो क्या, स्थल प्रबंधन भी उस स्थान के कुदरती तौर से विकसित हुए (नैचुरली अक्वायर्ड) सौंदर्य को सुरक्षित रखने की दृष्टि से अपर्याप्त रहे हैं। अधिसंख्य स्थलों की दृश्यावली अरुचिकर कर दी गई है। प्रोटेक्टिव रेलिंग और ऊंचे खंबों पर सोडियम वेपर लाइट्स तो बिलकुल ही हटा देनी चाहिएं। भारत में केंद्रीय और राज्यों के पुरातत्व विभावों में सौंदर्यशास्त्र के बारे में स्टाफ और अधिकारियों को जागरूक करने की बड़ी जरूरत है।

-फेसबुक वॉल से

# चुनाव में आज भी काला धन हावी



डॉ. अजय शुक्ल
वरिष्ठ चिकित्सक, लखनऊ

**उपाय क्या हो। क्या एक साथ चुनाव हों जिससे कुल खर्चा घट जाए या एक रास्ता है कि चुनाव का खर्चा टैक्स से हो, उस स्थिति में आमजन पर बोझ बढ़ेगा। दूसरा की कारपोरेट इसका खर्चा उठाए उसमें किकबैक की अपेक्षा होगी। पर हर कोई, और हर बिज़नेस भी अपने को बढ़ाने के लिए कुछ न कुछ लॉबी करता ही है और लगभग सभी करते हैं चाहे अपना समय देकर आंदोलन का दबाव हो या धनबल का दबाव सभी अपना हित बढ़ाने में ही तो लगते हैं।**

अगर कोचिंग करके एक लाख लोग डॉक्टर बनते हैं तो बिना कोचिंग के कितने बनेंगे। अगर कोचिंग करके 1000 लोग लोक सेवा में चयनित होते हैं तो बिना कोचिंग के कितने होंगे। अगर प्रचार करके 543 सांसद चुने जाते हैं तो बिना प्रचार के कितने चुने जाएंगे। फिर कोचिंग या प्रचार की क्या आवश्यकता । कोचिंग या प्रचार सामर्थ्य जिनके पास है अर्थात जिनके पास धन बल या कोई व्यवस्था है उनके लिए अवसर बढ़ा देती है। और जिनके पास नहीं है उनके लिए अवसर घटा देती है।

कोचिंग के दबाव में बच्चा पढ़-पढ़ के तनाव में है। हर साल और ज्यादा कड़ी मेहनत से पढ़ाई करता है जिससे लाभ मिले, जब कि सीट उतनी ही हैं। उतने ही लोग चुने जाएंगे। नेता के चुनाव लड़ने का भी यही हाल है। मतलब पैसों को प्रचार में पानी की तरह फूंकना।

तो क्या ये बंद हो? आइए सोचते हैं। देश के स्तर पर सोचें तो राज्यसभा के 250 सांसद, उससे दोगुने से ज्यादा लोकसभा सांसद (543), लोकसभा से लगभग आठ गुणा ज़्यादा विधायक (4200 से ज़्यादा) और हर विधायक पर लोकल बॉडी के 800 चुने हुए लोग (कुल तीस लाख से ज्यादा)। इतने लोग चुने जाने हैं, हर पांच साल में। अब लोकतंत्र है। हर सीट पर अगर औसत पांच से दस लोग भी न लड़ें , तो काहे का लोकतंत्र। तो समझिए सारे चुनाव एक साथ नहीं होते। इसलिए पूरे देश की जनता को तीन या अधिक बार सम्मिलित होना है।

पांच वर्षों के इलेक्टोरल बांड के बीस हज़ार करोड़ को माने तो इस आयोजन में प्रति सीट लगभग 60 हजार खर्चा निकलता है। अगर 5-10 लोग हर सीट पर हैं तो प्रति व्यक्ति 5-10 हज़ार चुनावी ख़र्च आएगा। अब आप ही बताओ पांच दस हज़ार में क्या चुनाव होगा। जन्मदिन का सामान्य उत्सव नहीं होता आज इतने में। हर छोटा चुनाव कई लाख का तो विधानसभा कम से कम कुछ करोड़, लोकसभा सीट तो करोड़ों में खर्चा मांगती है। इन बातों से ये तो पता चलता है कि क़ानून कुछ भी हो चुनाव में आज भी काला धन हावी है। इलेक्टोरल बांड चुनावी ख़र्चों का बहुत न्यून प्रतिशत है। उपाय क्या हो। क्या एक साथ चुनाव हों जिससे कुल खर्चा घट जाए या एक रास्ता है कि चुनाव का खर्चा टैक्स से हो, उस स्थिति में आमजन पर बोझ बढ़ेगा। दूसरा की कारपोरेट इसका खर्चा उठाए उसमें किकबैक की अपेक्षा होगी। पर हर कोई, और हर बिज़नेस भी अपने को बढ़ाने के लिए कुछ न कुछ लॉबी करता ही है और लगभग सभी करते हैं चाहे अपना समय देकर आंदोलन का दबाव हो या धनबल का दबाव सभी अपना हित बढ़ाने में ही तो लगते हैं। जिसके पास कुछ नहीं तो दूसरों ने उसका अहित किया इसी इमोशनल शक्तिपात के बल पर जी रहा है। तो उपाय क्या है?

क्या उपाय पारदर्शिता है और कितनी पारदर्शिता? सबको पता है कि अगर सबके बैंक डिटेल, इनकम टैक्स डिटेल, इंटरनेट उपयोग आदि सार्वजनिक कर दें तो सिद्ध भी हो जाएगा कि सभी मनुष्य ही हैं। कभी सही तो कभी गलत। और जिसका कुछ ना मिले उस तक या तो प्रकाश पहुंच ही नहीं पाया या वो भगवान ही होगा। तो हम कितनी पारदर्शिता चाहते हैं ये भी तो तय करें।

आम तौर पर छोटे मकानों में रहकर किंतु बड़े होटलों में आयोजनों का शौक वाले हमारे समाज में, नेता का भोकाल भी हो, नेता का क़फ़ीला भी हो, नेता सबके काम भी करा दे, पर नेता ये सब कैसे करे। नेतागीरी अगर इतनी गतिशील है तो उस गति में ऊर्जा तो खर्च होगी, ऊर्जा देश कैसे देगा और कौन देगा। और नेता अगर सुस्त हो तो नेता लापता है, ये भी तो हम ही कहते हैं। तो उपाय क्या है? और ये समस्या अपने देश की ही नहीं है हर लोकतंत्र की है?

(यः पश्यति स पश्यति )

# चारित्रिक दोष

**हम यही देखते हुए बड़े होते हैं कि बड़ों की गलतियां भी क्षम्य होती हैं। उनकी महानता में उनकी गलत हरकतों से रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ता। हम तो अक्सर अपने गलत कामों में भी ऊपर वाले के सहयोग की प्रार्थना करते हैं।**



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

राजा नंगा हो और फिर भी हमारी पहली पसंद हो, इसका राज कहां छिपा है? ये सवाल मेरे मन मे रह-रह कर उठता है कि आखिर क्या वजह है कि अपराधी चरित्र के लोग, बदमाश, बलात्कारी चुनाव में हमारी पहली पसंद बन जाते हैं। क्यों हमारे लिए ईमानदारी और उज्ज्वल चरित्र कोई मायने नहीं रखते?

इस मानसिकता की जड़ें मुझे संस्कृति से जुड़ी लगती हैं। हमारी पौराणिक कहानियां जिन्हें सुन-सुन कर हम बड़े होते हैं। उनका कहीं गहरा प्रभाव हमारे ऊपर रहता है। हमारी कहानियों के चरित्रों द्वारा की गई हरकतों को कोई भी सामान्य व्यक्ति गलत ठहराएगा। लेकिन महान चरित्रों की महान गलतियों को जस्टिफाई करते हुए उसके पीछे भी महान कारण गिनाए जाते हैं।

हम यही देखते हुए बड़े होते हैं कि बड़ों की गलतियां भी क्षम्य होती हैं। उनकी महानता में उनकी गलत हरकतों से रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ता। हम तो अक्सर अपने गलत कामों में भी ऊपर वाले के सहयोग की प्रार्थना करते हैं। मैंने सुना है कि पुराने समय में चोर जब रात्रि में चोरी करने निकलते थे तो बकायदा अपनी एक आराध्य की पूजा कर निकलते थे।

मैं उन पौराणिक कहानियों का यहां जिक्र नहीं करना चाहता लेकिन शायद ये भी एक कारण है कि बलात्कारी, अपराधी यहां सम्मान पाते हैं। और चरित्रवान हाशिये पर पड़े रहते हैं। हमारे इस चारित्रिक दोष के लिए कौन जिम्मेवार है। आज हमें इससे कोई फर्क नही पड़ता अगर हमारा राजा नंगा भी हो जाए। उसकी नंगई में भी हमें महानता ही नजर आती है।

# डीएम व एसपी ने मतदान स्थल का निरीक्षण कर निकाला फ्लैग मार्च


डीएम निशा अनंत व एसपी अनूप कुमार ने मतदान स्थल का किया निरीक्षण।

**जगदीशपुर, अमेठी**

**अमृत विचार।** आने वाले चुनाव एवं त्यौहारों के दृष्टिगत डीएम व एसपी ने एरिया डोमिनेशन के अन्तर्गत कस्बा जगदीशपुर में फ्लैग मार्च कर लोगों को प्रशासन की मुस्तैदी व लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया तथा मतदान स्थल का निरीक्षण भी किया।

लोकसभा चुनाव तथा त्योहारों को शांत व सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने तथा आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराने हेतु रविवार को डीएम अमेठी निशा अनंत व एसपी अमेठी अनूप कुमार सिंह द्वारा थाना जगदीशपुर पुलिस व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ कस्बा जगदीशपुर में बाजार, भीड़-भाड़ व संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च कर आम जनमानस को शांत व सुरक्षित माहौल में लोकसभा चुनाव व आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने का संदेश दिया गया एवं लोगों को अफवाहों पर ध्यान न देने एवं अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए अपील भी की।

वहीं डीएम निशा अनंत व एसपी द्वारा एएच इंटर कॉलेज जगदीशपुर मतदान केन्द्र का निरीक्षण भी किया गया। वहीं कस्बा के संभ्रांत व्यक्तियों को एस 10 डिजिटल वॉलिंटियर्स से बातचीत कर आचार्य संहिता का पालन करवाने व करने की अपील की गई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी अमेठी, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना दिग्विजय सिंह, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह व अन्य तमाम अधिकारी गण मौजूद रहे।


ट्रामा सेंटर का निरीक्षण करतीं डीएम व एसपी। अमृत विचार

### डीएम व एसपी ने ट्रामा सेंटर जगदीशपुर का किया निरीक्षण

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने रविवार जगदीशपुर में ट्रामा सेंटर का स्थलीय निरीक्षण कर उपलब्ध व्यवस्थाओं को देखा एवं संबंधित एमओआईसी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ट्रामा सेंटर में विभिन्न उपकरणों, ऑपरेशन थिएटर, वार्ड सहित अन्य चीजों का निरीक्षण किया, वार्ड में भर्ती मरीज से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली एवं चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी चिकित्सकों को अस्पताल परिसर में ही रात्रि निवास करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया, पुलिस क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर देखे गए 3563 मरीज

**मुख्यमंत्री आरोग्य मेला**

**अमेठी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिले में कुल 3563 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच हुई। आरोग्य मेले में कुल 124 गोल्डन कार्ड भी बनाये गए हैं। अमेठी जनपद की 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित हुए मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में रविवार को कुल 3563 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाएं भी वितरित की गईं।

सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि जिले में 30 स्वास्थ्य केंद्रों पर जन आरोग्य मेला लगाया गया। इसमें 64 डॉक्टर, 242 पैरास्टॉफ लगाए गए थे। इस दौरान 124 गोल्डेन कार्ड बनाए गए। 23 मरीज रेफर किए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आरोग्य स्वास्थ मेला लगा। इसमें शुगर, उच्च रक्तचाप, कोविड, मलेरिया, पैथालॉजी में जांच की गई। दवा भी वितरण किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य कार्ड का पंजीकरण, वितरण व टीकाकरण किया गया।

इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड भी बनाये गए। सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग से संबंधित सेवाएं जैसे मातृ- शिशु कल्याण, जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण, परिवार नियोजन, संचारी व गैर संचारी रोगों से संबंधित सेवाएं प्रदान करना व उनका प्रचार-प्रसार करना है। हर रविवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन होता है।

### पांचवें चरण में होगा चुनाव, महत्वपूर्ण तिथियां निर्धारित

**अमेठी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सम्पन्न कराने हेतु 37-अमेठी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचन कार्यक्रम नियत किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में पांचवें चरण में चुनाव होगा, निर्वाचन की अधिसूचना एवं नामांकन 26 अप्रैल, नाम निर्देशन हेतु अन्तिम तिथि 3 मई, नाम निर्देशनों की जांच हेतु 4 मई, नाम वापसी हेतु 6 मई, मतदान तिथि 20 मई 2024 एवं मतगणना तिथि 4 जून तथा 6 जून 2024 के पूर्व निर्वाचन पूर्ण कर लिया जायेगा।

## सार-संक्षेप

### दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** रविवार को स्थानीय कोतवाली पुलिस टीम ने सघन चेकिंग अभियान के दौरान दुष्कर्म व पाक्सों एक्ट में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की। मुसाफिरखाना कोतवाली पुलिस के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह की देखरेख में रविवार को स्थानीय कोतवाली पुलिस की टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में सघन तलाशी वाहन चेकिंग अभियान पर थी। इसी बीच सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस के एसआई देवेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गौरीगंज- मुसाफिरखाना मुख्य मार्ग मानशाहपुर तिराहे से सुबह करीब 10 बजे दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट सहित अन्य मामलों के फरार आरोपी हीरालाल पुत्र स्व. राम लौट निवासी ग्राम जेठौना मजरे चटका थाना गौरीगंज को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि फरार आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अमेठी।** थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट में वांछित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को उप निरीक्षक देवीदयाल मौर्या मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान पाक्सो एक्ट व एससीएसटी एक्ट में वांछित आर्यन उर्फ छोटू पुत्र शत्रोहन निवासी ग्राम गोयन थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी उम्र इक्कीस वर्ष को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया है। थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया गया है।

### नाली निर्माण में हो रही थी धांधली, जेई ने तोड़वाया

**जायस, अमेठी।** नगर पालिका क्षेत्र के एक गांव में राज वित्त आयोग से नाली निर्माण में धांधली बरती जा रही थी। शिकायत मिलते ही जेई ने मानक विहीन बन रही नाली निर्माण को तोड़वाकर पुन: मानक के अनुरूप नाली निर्माण कराने के लिए निर्देशित किया। जायस नगर पालिका क्षेत्र के पूरे भैया गांव में राज वित्त आयोग से नाली का निर्माण चल रहा था। नाली निर्माण में जमकर धांधली चल रही थी। नाली निर्माण में पीली ईंट, नाम मात्र मसाला लगाकर निर्माण चल रहा था। रविवार की सुबह सोशल मीडिया पर नाली निर्माण में धांधली की वीडियो वायरल हुई तो जेई अमित पाठक मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता की जांच की। जांच में निर्माण मानक विहीन मिलने पर अब तक हुए निर्माण को तोड़वा दिया। कार्यदाई संस्था को दोबारा मानक के अनुरूप निर्माण कराने का निर्देश दिया।

### काव्य गोष्ठी में बही गीतों, गजलों की बयार

**गौरीगंज अमेठी।** मौत ही तो जिंदगी की आखिरी मंजिल नहीं, एक दुनिया और है ऐ दोस्त इस दुनिया के बाद शेर लिखने वाले गजलकार पं. बुद्धिसेन शर्मा की याद में कल्याणम गेस्ट हाउस में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शायरों व कवियों को सम्मानित किया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में कलाम पेश करते हुए अयाज अहमद अयाज ने पढ़ा कि उनका तीर आजमाना हुआ, दिल हमारा निशाना हुआ। कितने पत्थर मेरी तलाश में हैं, क्या मिला दिल को आईना करके। आयोजक डॉ. केके मिश्र इश्क सुल्तानपुरी ने शेर इससे अच्छे और खिलौने आगे मिलते हैं। ये कहकर वो बच्चों को बहलाया करता है, पढ़कर व्यवस्था पर तंज किया। इसके पूर्व वरिष्ठ कवियों व शायरों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन विमलेंद्र शुक्ला ओशो ने किया। इस अवसर पर अनुभव मिस्र, उमेश नवनीत मिश्र, पप्पू सिंह व बब्लू मिश्र सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

### सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का हुई शुरुआत

**अमेठी।** सेमरौता क्षेत्र के अकबरपुर फर्शी के पूरे बाबू में रविवार से प्रारम्भ हुई सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा से पूर्व श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल से चलकर रामपुर पंवारा स्थित बाबा दत्तेहरेश्वर धाम, सिंहपुर स्थित मां अहोरवा भवानी धाम पहुंची। जहां आचार्य स्वामी लखनानंद द्वारा विधि विधान से पूजन अर्चन कराया गया। कथा यजमान राम सजीवन यादव ने बताया कि निगोंहा लखनऊ से पधारे आचार्य स्वामी लखनानंद श्रद्धालुओं को कथा श्रवण करायेंगे। कथा प्रतिदिन अपरान्ह 2 से 5 बजे तक एवं सायंकालीन बेला में 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक होगी। कलश यात्रा में कथा यजमान राम सजीवन यादव, अकबरपुर फर्शी प्रधान प्रतिनिधि हेमेंद्र प्रताप सिंह, लल्लूज़ बाबू, रजनीश, श्रवण कुमार यादव, नेवल किशोर साहू, अरविंद साहू सहित तमाम महिलाएं शामिल रही।

### शिक्षक नेता के पिता के निधन पर शिक्षकों में शोक की लहर

**अमेठी।** राष्टीय शैक्षिक महासंघ सिंहपुर के अध्यक्ष सत्येन्द्र तिवारी के पिता के निधन पर शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ ही शिक्षकों और क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुये नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। विकास खण्ड सिंहपुर के प्राथमिक विद्यालय टिकरी के प्रधानाध्यापक सत्येन्द्र कुमार तिवारी के पिता जमुना प्रसाद तिवारी का शनिवार की देर शाम आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन की सूचना मिलते ही शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। शिक्षक नेता सत्येन्द्र तिवारी के पिता के निधन पर उनके आवास पर पहुंचकर गौरीगंज के पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मिश्र मटियारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी, राम किशुन कश्यप, विवेक शुक्ला, प्रमोद तिवारी, पंकज शुक्ला, संतोष तिवारी, रियाज अहमद, आलोक शुक्ला, शेखर द्विवेदी सहित अन्य तमाम लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुये नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है।

### तहसीलदार ने गिनाये चुनाव आचार संहिता के नियम


तहसील सभागार में बैठक करते तहसीलदार व मौजूद अन्य।

**मिश्रिख/सीतापुर।** लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद रविवार को तहलीसदार मिश्रिख और नायब तहसीलदार ने सभा कक्ष सभाकर में नेताओं और जनप्रतिनिधियों को आदर्श चुनाव आचार संहिता के विषय में विस्तृत जानकारी दी। तहसीलदार ने बताया कि चुनाव की घोषणा होते ही आचार संहिता लागू हों गईं है और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि सबको आचार संहिता के पाठ पढ़ाते हुए निष्पक्ष चुनाव करना है, इसीलिए सबको इसका पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी जनप्रतिनिधि किसी भी प्रकार का प्रलोभन मतदाताओं को नही दे सकता। यदि कोई भी राजनैतिक दल का व्यक्ति किसी भी प्रकार के कोई भी वस्तु जैसे शराब ,पैसे आदि बाटेगा तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर कई राजनैतिक दलों के व्यक्ति और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### पानी नहीं दे रहे हैंडपंप, ग्रामीणों को हो रही परेशानी


हैंडपंप के पास चैकी न होने से आसपास हुई गंदगी

**मानपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** मानपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिपाह में लगभग चार हजार से ज्यादा लोग निवास कर रहे हैं। जिसमे लगभग 10 से ज्यादा हैंडपैंप लगे हैं, लेकिन उसके बाद भी ग्रामीणों को पानी लेने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चलें कि सिपाह गांव के लोगों का कहना है कि हैंडपैंप लगे पांच साल से ज्यादा दिन हो गए हैं, लेकिन अब ठीक से चल नहीं पा रहे हैं। इस बारे में ग्राम प्रधान को जानकारी दी गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। तब ग्रामीणों ने चंदा एकत्र कर नल की मरम्मत करवाई। वहीं नल की चैकी न होने के कारण जल भराव की समस्या भी बनी रहती है, जिससे बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने नलों को दुरूस्त कराये जाने व चैकी बनवाये जाने की मांग की है।

### सत्यार्थ, अनिल, प्रमोद, शाकिर को मैन ऑफ द मैच

**अमेठी।** डा. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में चल रही अमेठी टीचर्स प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को चार मैच हुए। पहला मैच भेंटुआ, दूसरा मैच बाजार शुक्ल, तीसरा मैच मुसाफिर खाना और चौथा मैच सिंहपुर की टीम ने जीता। अमेठी टीचर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को चार लीग मैच हुए। जिसमें पहला मैच भादर और भेटुआ के बीच में हुआ सत्यार्थ पांडे के शानदार 73 रन के बदौलत भेटुआ ने जीत हासिल किया। दूसरा मैच सिंहपुर और शुकुल बाजार के बीच में हुआ शुकुल बाजार जो की पहली बार टूर्नामेंट में खेल रही है। उसने गत वर्ष की विजेता सिंहपुर को शानदार फील्डिंग और गेंदबाजी की बदौलत हरा दिया। सिंहपुर की तरफ से कप्तान अनिल रजक मैन ऑफ द मैच बने, तीसरा मैच तिलोई और मुसाफिरखाना के बीच में हुआ। विजय शंकर सिंह ने भादर की तरफ से सर्वाधिक चार विकेट लिए आखिरी मैच में शकीर मैन ऑफ द मैच बने। कमेटी अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने बताया कि तीसरे दिन के लीग मैच आगामी 29 मार्च को खेला जाएगा।

## 85 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के मतदाता को मिलेगी बैलेट सुविधा

**अमेठी।** अपर जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा-निर्देशानुसार जनपद के समस्त 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को मतदान हेतु पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है।

जिसके तहत स्वेच्छा से पोस्टल बैलेट के माध्यम से निवास स्थान पर मतदान हेतु निर्धारित फार्म-12डी में आवेदन कर अपने निवास स्थान पर मताधिकार का उपयोग कर सकते है। उन्होंने बताया कि अधिसूचना जारी होने के 5 दिवस के अन्दर सम्बन्धित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर जाकर 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को उपलब्ध कराकर भरा हुआ फार्म-12डी प्राप्त किया जायेगा तथा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के होम पेज पर मेनू के तहत कैंडिडेट नॉमिनेशन और अन्य फार्म के लिंक पर उक्त फार्म उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड कर व भरकर सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय में जमा कराया जा सकता है।

# कौशल से हुनर और हुनर से मिला रोजगार

**संवाददाता, अमेठी**

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन योजना के अंतर्गत जगदीशपुर, शुक्ल बाजार, जामो में कौशल विकाश योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित 96 प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु सीटेड हेड ऑफिस जगदीशपुर औद्योगिक क्षेत्र से स्लीपर बस से गुजरात भेजा गया।

सभी प्रशिणार्थियों द्वारा सेक्टर में सीटेड के प्रशिक्षण केंद्र पर प्रशिक्षण प्राप्त किया गया तथा प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षण प्रदाता सीटेड द्वारा कैंपस प्लेसमेंट करवाया गया। जिसमें उपरोक्त केंद्रों से 96 लाभार्थियों का चयन वेलस्पन लिविंग लिमिटेड कच्छ गुजरात इंडिया प्राइवेट गुजरात में हुआ। जिसमें लाभार्थियों को 15 हजार प्रतिमाह वेतन, खाने व हॉस्टल की सुविधा दी गयी है। उन्होंने बताया कि आगामी 20 मार्च को सभी की ज्वाइनिंग हो जाएगी।

वर्तमान में प्रदेश सरकार की प्रमुख योजना कौशल विकास मिशन योजना के अंतर्गत जनपद में प्रशिक्षण प्रदान कर रही प्रशिक्षण प्रदाता सीटेड द्वारा सभी तहसीलों में प्रशिक्षण केंद्र स्थापित कर बेरोजगार युवक युवतियों को अपैरल, रिटेल, कंप्यूटर व हेल्थ केयर सेक्टर में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिसमें समय-समय पर लाभार्थियों को प्रशिक्षण उपरांत नौकरी दिलाई जाती रही है। बस को भेल के सहायक महाप्रबंधक एस.पी. सिंह, सीटेड के निदेशक व लधु उद्योग भारती के अध्यक्ष ई. संजय सिंह व राजकीय आईटीआई गौरीगंज के प्लेसमेंट अधिकारी अजय सिंह ने हरी झंडी दिखाकर विदा किया। इस अवसर पर सीटेड से राकेश शुक्ल, सुशील सिंह, बीपी सिंह व सभी स्टॉफ मौजूद रहे।

सीटेड निदेशक संजय सिंह द्वारा बताया गया की इसी प्रकार लाभार्थियों को प्रशिक्षत कर समय समय पर नौकरी हेतु भेजा जाता है। अप्रैल माह में एक और बस से 120 लाभार्थियों को गुजरात नौकरी हेतु भेजा जायेगा। कौशल विकाश मिशन योजना के जिला समन्वयक आरके अग्निहोत्री द्वारा द्वारा फ़ोन से वार्ता पर बताया गया की सभी प्रशिक्षण तथा सेवायोजन का कार्य उनकी तथा जिला प्रशाशन की देखरेख में किया जा रहा है तथा समय-समय लाभार्थियों को भेजा जा रहा है। इसी तरह रोजगार हेतु, सभी तहसीलों में प्रशिक्षन केंद्र स्थापित किया गया है। जिसमें जनपद का कोई भी कैंडिडेट निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर जॉब प्राप्त कर सकता है।

# आवास के नाम पर सभासद व लेखपाल में चल रहा गठजोड़

**अमेठी।** नहर पालिका जायस में कांग्रेस पार्टी का चेयरमैन बनते ही सभासद बेलगाम हो गए है। रणनीति तय कर कभी फर्जी लोगों से फोन कराकर डूडा का अधिकारी बन तो कभी लेखपाल से सेटिंग कर सभासद सत्यापन के नाम पर धन उगाही करने में मशगूल रहते हैं। लेनदेन का ऑडियो वायरल होने पर लेखपाल ने सभासद के माध्यम से पैसा वापस कराया। आवास के लिए सत्यापन के नाम पर लेखपाल और सभासद में गठजोड़ चल रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में नगर पालिका जायस में 323 आवास स्वीकृत हुए थे। स्वीकृत हुए आवासों की गहनता से जांच की जाय तो 60 फीसदी आवास अपात्र लोगों को मिला है। अपात्र लोगों को आवास दिलाने में सभासद और लेखपाल के गठजोड़ को अहम माना जा रहा है। वार्ड नम्बर 7 मोलवीखुर्द निवासी अवधेश कुमार ने बताया कि वार्ड के सभासद राम प्रकाश ने लेखपाल से आवास स्वीकृत कराने के नाम पर लेखपाल को पैसा देने की बात कही। आवास स्वीकृत के नाम पर अवधेश कुमार सभासद राम प्रकाश को पांच हजार रुपये देने की बात कही। लेकिन आवास स्वीकृत नहीं हुआ। अवधेश कुमार, लेखपाल और सभासद में लेनदेन का ऑडियो वायरल हुआ। ऑडियो वायरल होने पर सभासद के माध्यम से लेखपाल ने पैसा वापस किया। सभासद राम प्रकाश ने बताया कि सत्यापन के लिए वार्ड में आने पर लेखपाल की मोटर साइकिल में 200-300 रुपये का पेट्रोल डलवाना पड़ता था। सभासद का इससे पहले पिछले वर्ष 25 सितंबर को आवास स्वीकृत कराने के नाम पर डूडा ऑफिस का कर्मचारी बन लाभार्थी से पैसा भिजवाने का ऑडियो वायरल हुआ था। निकाय चुनाव में जब से सत्ता परिवर्तन हुआ है और पालिका की कमान कांग्रेस समर्थित पालिका अध्यक्ष मनीषा चौहान के हांथों गई है। तब से सभासद बेलगाम हो गए हैं। आवास की सुविधा देने के नाम पर लाभार्थियों को अपात्रों को पात्र व पात्रों को अपात्र का खेल खेलकर लाभार्थियों से जमकर वसूली कर रहे है। राजस्व निरीक्षक उग्रसेन सिंह ने बताया कि लेखपाल शोभनाथ मिश्रा अब कानूनगो के पद पर बस्ती जिले में तैनात है। लाभार्थियों से आवास सत्यापन के दौरान पात्रता सूची तैयार करने में पूरी पारदर्शिता बरती जाती है।

**ऑडियो वायरल होने पर सभासद के माध्यम से लेखपाल ने वापस किया पैसा**

### कुंडी से लटककर युवक ने लगाया फंदा, मौत

**हरगांव/सीतापुर, अमृत विचार।** हरगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव में एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते दरवाजे के कुंडी से लटक कर जान दे दी। परिजन युवक को लेकर सीएचसी हरगांव पहुंचे। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम कैमा निवासी संदीप (19) ने दरवाजे की कुंडी से फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। परिजन आनन-फानन मे संदीप को लेकर सीएचसी हरगांव पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक संदीप काफी दिनों से बीमारी से परेशान चल रहा था। हरगांव थाना प्रभारी अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर विधिक कार्यवाई की जाएगी।

## घर के सामने जमीन पर खुले में रखा ट्रांसफार्मर, हादसे की आशंका

**जायस, अमेठी।** जिले में तमाम ऐसे गांव बाजार हैं जहां खुले में ट्रांसफार्मर रखा है। बिजली विभाग के जिम्मेदारों की इस अनदेखी से हमेशा लोगों को हादसे की आशंका बनी रहती है। विभागीय अनदेखी का दंश कोतवाली क्षेत्र जायस के बहादुरपुर चौराहे पर तिलोई रोड़ स्थित एक परिवार झेल रहा है। घर के जमीन पर ही खुले में ट्रांसफार्मर रख दिया गया है। बारिश के मौसम में ट्रांसफार्मर का निचला हिस्सा पानी में डूब जाता है। ऐसे में करंट दौड़ने की आशंका उत्पन्न हो जाती है। शिकायत के बावजूद विभागीय अनदेखी के चलते परिवार में रोष है।

बिजली विभाग के अफसरों की मनमानी का आलम यह है कि नियमों को ताक पर रखकर लोगों को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं।

मजेदार बात तो यह है कि शिकायत के बावजूद इस गंभीर समस्या को अनदेखा किया जाता है। ट्रांसफार्मरों को सुरक्षित करने के लिए विभाग को चबूतरे के साथ चारों तरफ जाली की व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे कोई हादसे का शिकार न हो सके। इसके बावजूद इसे नजर अंदाज किया जाता है। बहादुरपुर में तिलोई रोड़ पर स्थित नरसिंह बहादुर सिंह के घर के सामने ही खुले में ही 400 केवीए ट्रांसफार्मर जमीन पर रखा है। चारों तरफ जाली की घेराबंदी व चबूतरा न होने के कारण करंट फैलने की आशंका बनी रहती है।

## परीक्षा से अधिक मेहनत करने की प्रवृत्ति को मिलता है बढ़ावा



बच्ची को पुरूस्कृत करते हाजी सिराज अहमद। अमृत विचार

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार।** सेठ देवेश्वर दयाल मान्टेसरी स्कूल के हिन्दी मीडियम का परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ मान्यता प्राप्त पत्रकार सिराज अहमद रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ राजनीतिज्ञ व विद्यालय प्रबंधक महेश चंद्र मेहरोत्रा बबुआ ने की। संचालन शिक्षक शैलेन्द्र बाजपेयी ने किया। मंच पर डॉ सविता मिश्रा, सहप्रबंधक आनन्द कुमार खत्री उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के पूजन व सेठ देवेश्वर दयाल तथा विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष सिद्धार्थ मेहरोत्रा के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। प्रधानाचार्य विवेक सिन्हा ने विद्यालय की आख्या प्रस्तुत की। टॉपर छात्रों में प्री प्राइमरी में नर्सरी की आलिया, प्राइमरी में कक्षा 4 की असरा बानो व जूनियर में कक्षा 6 की जैनब फातिमा रहीं। कक्षाओं में प्रथम स्थान पाने वाले छात्रों में केजी के अब्दुल समद, कक्षा 1 की अल्फा, कक्षा 2 की नबीला, कक्षा 3 की कासिफ हुसैन व रिया रस्तोगी, कक्षा 5 के अफ्फान रही। कक्षा 7 की पलक कश्यप, कक्षा 8 के रौनक रहे। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सिराज अहमद ने कहा कि परीक्षा पूरे वर्ष की प्राप्त शिक्षा का मूल्यांकन है। परीक्षा धैर्य का गुण पैदा करती है, जिससे सफलता व असफलता को शिरोधार्य करने की एवं और अधिक मेहनत करने की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलता है।

## समय से पानी मिल जाने से बेहतर होता है फसलों का उत्पादन

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** स्थानीय विकासखंड की ग्राम पंचायत रावल अदेसर व ग्राम पंचायत बहेरवा में शनिवार को सहायक अभियंता लघु सिंचाई विभाग संदीप कुमार ने मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना अंतर्गत उथले नलकूप/पंपसेट/गूल होज आदि योजना से लाभान्वित कृषकों का सत्यापन व कार्य का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कृषकों को विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

कृषकों को जागरूक करते हुए कहा कि पहले आपकी फसलें दूसरे कृषकों के भरोसे होती थीं। जिस कारण सिंचाई के अभाव में फसल खराब हो जाती थी किन्तु लघु सिंचाई विभाग से अनुदान अंतर्गत प्राप्त बोरिंग व इंजन से अब फसलों को समय से पानी मिल जाता है, जिससे अब फसल की पैदावार में वृद्धि होने के साथ-साथ किसानों की आर्थिक दशा मे सुधार हो रहा है। इस मौके पर नवीन कुमार अवर अभियंता लघु सिंचाई, ब्रहम प्रकाश, राजेश वर्मा, गायत्री कुशवाहा बोरिंग टेक्निशियन सहित विभागीय योजनाओं से लाभान्वित कृषक बोहरीलाल, विश्राम, रामनरेश, बुद्धा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### परिक्रमा मेले में आये श्रद्धालु की तबियत बिगड़ने से मौत

**कुतुबनगर/सीतापुर, अमृत विचार।** पिसावां थाना इलाके के कुतुबनगर चैकी क्षेत्र के अंतर्गत चैरासी कोसीय परिक्रमा के छठे पड़ाव देवगवां में रविवार सुबह बिहार से आए परिक्रमार्थी की अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने शव को एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी मिश्रिख पहुचाया। जानकारी के अनुसार, बिहार राज्य के बैकुंठपुर सीतामढ़ी के कटूर गांव निवासी सुरेश (76) पुत्र हरिनंदन राय अपने घर से परिक्रमा मेले में शामिल होने के लिए आए थे। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग परिक्रमार्थी ने शनिवार रात्रि में भोजन किया, उसके बाद मध्यरात्रि तक अखंड पाठ का जाप किया।

# जायस कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक

**जायस, अमेठी**


जायस कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक में मौजूद गणमान्य व पुलिसकर्मी।

**अमृत विचार।** होली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को जायस कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें एसडीएम आशीष सिंह ने नगर व क्षेत्र के गणमान्य लोगों से त्योहार पर शांति और भाईचारा बनाए रखने की बात कही।

रविवार को कोतवाली परिसर में हुई पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम आशीष सिंह ने नगर व ग्रामीण के गणमान्य लोगों से होली का त्योहार शांति के साथ मनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि होली के त्योहार पर जिले में शांति व्यवस्था कायम रखना जितनी पुलिस की जिम्मेदारी है उतनी ही जनता की भी है। इसलिए जनता पुलिस का सहयोग कर त्योहार पर माहौल बिगाड़ने वाले किसी भी अराजक तत्व की सूचना तत्काल पुलिस को दें। ताकि त्योहार पर शांति और सद्भाव कायम रहे। सीओ डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस कर्मी जनता से सीधा संवाद स्थापित करें।

थाने में शिकायत लेकर आने वाले फरियादियों की बात को गंभीरता से सुनकर समय से निस्तारण करें। पुलिसकर्मी जनता से मैत्रीपूर्ण व्यवहार करें। ताकि जनता बिना डर और हिचक के बात उन्हें बता सके। बैठक में कोतवाल रवि सिंह समेत नगर के गणमान्य, भाजपा नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश कुमार सिंह, प्रदीप उर्फ मुन्ना सिंह, अधिवक्ता इशरत हुसैन सहित तमाम लोग मौजूद थे।





## चुनाव कमाल का...

- भारत के निर्वाचन आयोग की स्थापना संविधान के अनुच्छेद-324 के तहत 25 जनवरी, 1950 को की गई थी। सुकुमार सेन को देश का पहला मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया गया था। अनुच्छेद-324 निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची के रख-रखाव और स्वतंत्र व निष्पक्ष रूप से चुनाव के संचालन की शक्तियां देता है।

**80** लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश में

**10.46** लाख कुल नए मतदाता उत्तर प्रदेश में

**01** लाख 75 हजार बूथ



**15** करोड़ 04 लाख 67 हजार 489 कुल मतदाता

**2.5** करोड़ कल लाभार्थी

## चुनावी तीर



चुनाव आयोग की वेबसाइट पर चुनावी बॉण्ड का जो डाटा सार्वजनिक किया गया है उससे साफ हो गया है कि मोदी चुनावी बॉण्ड के नाम पर दुनिया का सबसे बड़ा रैकेट चला रहे हैं।

**राहुल गांधी,** कांग्रेस सांसद



इलेक्ट्रोरल बॉन्ड का भ्रष्टाचार अगर दुनिया के किसी देश में होता तो सरकार चली जाती। इससे बड़ा भ्रष्टाचार दुनिया की किसी देश में नहीं हुआ है।

**रामगोपाल यादव,** प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव, सपा



राहुल गांधी एक ऐसे कप्तान हैं, जो नहीं जानते कि क्या करना है और कब करना है। जब उन्हें चुनाव की तैयारी करनी चाहिए, तब वह यात्रा पर निकल जाते हैं, और जब उन्हें यात्रा पर निकलना चाहिये, तब वह विदेश चले जाते हैं। फिर हार के बाद वह ईवीएम को लेकर शोर मचाएंगे।

**शिवराज सिंह चौहान,** पूर्व मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश

# उन्नाव सीट पर साक्षी बन सकते हैं जीत की हैट्रिक लगाने वाले दूसरे भाजपा नेता

● मनोज त्रिपाठी कानपुर

**अमृत विचार:** उन्नाव लोकसभा सीट एक बार फिर जीत का हैट्रिक बनाने की राह पर है। इस बार यह मौका निवर्तमान भाजपा सांसद साक्षी महाराज के पास है। हालांकि उनसे पहले भाजपा के ही देवीबख्श सिंह वर्ष 1991, 96 व 98 में लगातार तीन बार लोकसभा का चुनाव जीतकर हैट्रिक का रिकार्ड बना चुके हैं।

वर्ष 2008 में हुए परिसीमन के बाद इतिहास बदल गया। छह विधानसभा सीटों भगवंत नगर, शफीपुर, पुरवा, मोहन, बांगरमऊ और उन्नाव सदर को मिलाकर नए लोकसभा क्षेत्र उन्नाव के रूप में गठन किया गया था। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में यहां 23 लाख 34 हजार से अधिक मतदाता वोट डालेंगे। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 12,39,723 तथा महिला मतदाता 10,94,371 है। विधानसभावार सबसे ज्यादा मतदाता उन्नाव सदर में 424285, इसके बाद पुरवा में 424228, भगवंत नगर में 420369, मोहान में 360927, बांगरमऊ में 360576 तथा सफीपुर में 353812 मतदाता हैं। जातीय आधार पर इस लोकसभा क्षेत्र मेंनौ लाख से अधिक पिछड़ी जाति तथा सात लाख से ज्यादा दलित मतदाता हैं। सवर्ण मतदाता लगभग साढ़े चार लाख और मुस्लिम मतदाता करीब दो लाख हैं।

उन्नाव लोकसभा सीट पर बिना कोई जोखिम उठाए भाजपा ने अक्सर अपने बयानों के कारण चर्चा में रहने वाले पिछड़ी जाति का प्रतिनिधित्व करने वाले साक्षी महाराज को तीसरी बार मैदान में उतारा है। क्षेत्र में आधे से ज्यादा मतदाता युवा हैं। लेकिन उनके सामने भाजपा से 69 वर्षीय सांसद सच्चिदानंद साक्षी महाराज हैं तो इंडिया गठबंधन से सपा ने वर्ष 2009 में कांग्रेस के टिकट पर सांसद चुनी जा चुकीं 65 साल की अन्नू टंडन को टिकट दिया है। बसपा से वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडेय चुनाव लड़ेंगे। वह भाजपा से भी टिकट मांग रहे थे। अन्नू टंडन वर्ष 2009, 2014 और 2019 में कांग्रेस से यहां चुनाव लड़ चुकी हैं। वह चौथी बार मैदान में हैं। पिछले दो बार से लगातार हार रही हैं। सिर्फ एक बार साल 2009 के लोकसभा चुनाव में जीत मिली थी। वर्ष 2014 और 2019 में भाजपा के साक्षी महाराज के सामने वह जमानत भी नहीं बचा सकी थीं। अन्नू टंडन ने 2020 में कांग्रेस को छोड़कर सपा का दामन थाम लिया था।

उधर, भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज तीसरी बार सांसद बने तो वह जीत की हैट्रिक लगाएंगे। उन्नाव सीट से ऐसा करने वाले वह दूसरे नेता होंगे। उनसे पहले भाजपा के ही देवीबख्श सिंह इस सीट से लगातार तीन बार सांसद रह चुके हैं। उन्होंने 1991, 1996 और 1998 के चुनाव में लगातार जीत हासिल की थी। सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज ने वर्ष 2014 में सपा के प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ला 'अन्ना' को 310173 वोटों के अंतर से हराया था, जबकि 2019 में साक्षी महाराज ने अरुण शंकर शुक्ला के खिलाफ ही 400,956 वोटों से जीत हासिल की थी। साक्षी महाराज उन्नाव से पहले 1991 में मथुरा से, 1996 और 1998 में फर्रुखाबाद से भी लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं। इसके अलावा 2000 से लेकर 2006 तक वह राज्यसभा के सदस्य रहे थे। उनके पास की डिग्री है। वह अनेक शैक्षणिक संस्थान और आश्रम चलाते हैं। 2019 के चुनाव में साक्षी महाराज ने 400956 लाख वोटों से प्रदेश में चौथी सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी। साक्षी महाराज को कुल 703507 मत मिले थे, जबकि सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ला 302551 मत हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे थे।



### धर्म, साहित्य और आजादी के नायकों की धरती

गंगा के किनारे स्थित उन्नाव का इतिहास काफी प्राचीन है। रामायण और महाभारत में इस धरती का उल्लेख मिलता है। इसे साहित्यकारों और क्रांतिकारियों की भूमि माना जाता है। यहां महर्षि वाल्मीकि, गया प्रसाद शुक्ला सनेही, पं. प्रताप नारायण मिश्र, महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', सुमित्रा कुमारी चौहान, भगवती चरण वर्मा, प्रताप नारायण मिश्र और शिव मंगल सिंह 'सुमन' जैसे महान साहित्यकार हुए तो मौलाना हसरत मोहानी और शहीद चंद्रशेखर आजाद जैसे आजादी के दीवानों ने भी जन्म लिया और जिले को कर्म भूमि बनाया।

**चार चुनावों में किस दल को कितने वोट (प्रतिशत में)**

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 विस | 51 | 36.4 | 8.9 | 1.1 |
| 2019 लोस | 57.4 | 24.7 | --- | 15.1 |
| 2017 विस | 43.5 | 19.0 | 24.9 | 6.4 |
| 2014 लोस | 43.2 | 17.4 | 16.7 | 16.4 |

### हाईवे और एक्सप्रेस वे का जाल फिर भी पिछड़े जिले में

उन्नाव ज़िला मुख्यालय लखनऊ से लगभग 60 किलोमीटर और कानपुर से 18 किलोमीटर दूर है। यह शहर चर्म उत्पादों, मच्छरदानी, जरदोजी और रासायनिक उद्योगों के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन विकास की दृष्टि से पिछड़ा जिला है। कानपुर-लखनऊ हाईवे, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस रोड, गंगा एक्सप्रेस-वे, कानपुर-लखनऊ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे से जुड़ने के बावजूद जिले के तमाम गांव अभी सड़क से नहीं जुड़े हैं। पानी में फ्लोराइड के साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं भी नहीं हैं। हाईवे और एक्सप्रेस-वे के बाद भी ट्रामा सेंटर नहीं है। शुक्लागंज कानपुर से जुड़ा है, पर सीवर लाइन नहीं है।

**09** लाख से ज्यादा पिछड़ी जाति के मतदाता लिखते हैं प्रत्याशियों की जीत-हार की पटकथा

**1991** 96 व 98 में लगातार तीन बार जीत का रिकार्ड बना चुके हैं भाजपा के देवीबख्श सिंह, 2019 के चुनाव में साक्षी महाराज ने दर्ज की थी चौथी सबसे बड़ी जीत


**23** लाख से ज्यादा मतदाता इस बार, पिछली बार देश में चौथा सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र था

**2014 का चुनाव परिणाम**

| पार्टी | प्रत्याशी | मत |
|---|---|---|
| भाजपा | साक्षी महाराज | 5,18,834 |
| सपा | अरुण शंकर शुक्ल | 2,08,661 |
| बसपा | ब्रजेश पाठक | 2,00,176 |
| कांग्रेस | अन्नू टंडन | 1,97,098 |

**2019 का चुनाव परिणाम**

| पार्टी | प्रत्याशी | मत |
|---|---|---|
| भाजपा | साक्षी महाराज | 7,03,507 |
| सपा | अरुण शंकर शुक्ला | 3,02,551 |
| कांग्रेस | अन्नू टंडन | 1,85,634 |




# अनुच्छेद 370 निरस्त के बाद जम्मू में पहला लोस चुनाव

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर अपने विभाजन के बाद से पहले बड़े चुनावी मुकाबले का गवाह बनेगा। वर्ष 2019 के आम चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर का विभाजन कर इसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया था। जम्मू-कश्मीर में लोकसभा की पांच सीट हैं, जिसमें से तीन से नेशनल कॉन्फ्रेंस, जबकि दो सीट से भाजपा के सांसद हैं। जून 2018 में पीडीपी-भाजपा सरकार के पतन के बाद से जम्मू-कश्मीर केंद्र के शासन के अधीन है। जम्मू-कश्मीर में आखिरी विधानसभा चुनाव 2014 में हुआ था।

5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के तहत मई 2022 में परिसीमन की प्रक्रिया पूरी हुई थी। परिसीमन में 90 विधानसभा और पांच संसदीय क्षेत्रों की सीमाओं को संशोधित किया गया था। लोकसभा चुनाव के कुल सात चरणों में से पहले पांच चरण में जम्मू-कश्मीर में मतदान होगा। उधमपुर में 19 अप्रैल, जम्मू में 26 अप्रैल, अनंतनाग-राजौरी में सात मई, श्रीनगर में 13 मई और बारामूला में 20 मई को मतदान होगा।

### यहां होगा कड़ा मुकाबला

**उधमपुर :** केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह यहां भाजपा उम्मीदवार के रूप में जीत की हैट्रिक बनाना चाहेंगे। पेशे से चिकित्सक सिंह ने 2019 में पूर्व महाराजा हरि सिंह के पोते और कांग्रेस के उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को 3,53,272 मतों के भारी अंतर से हराकर उधमपुर लोकसभा सीट बरकरार रखी थी।

**श्रीनगर :** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला 2017 में हुए उपचुनाव में जीत हासिल कर इस सीट से सांसद बने थे, तब से वह यहां से सांसद हैं। इस सीट से पीडीपी सांसद तारिक हमीद कर्रा इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हो गए थे, जिसके बाद उपचुनाव हुआ था।

**अनंतनाग-राजौरी :** इस संसदीय क्षेत्र में दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग, शोपियां और कुलगाम जिलों व जम्मू क्षेत्र के सीमावर्ती जिलों राजौरी और पुंछ के अधिकांश हिस्से आते हैं। भाजपा जम्मू-कश्मीर में लोकसभा सीटों की अपनी संख्या में सुधार करना चाहती है, इसलिए इस सीट पर उसका खासा ध्यान है। परिसीमन आयोग ने इस सीट का बड़े पैमाने पर पुनर्निर्धारण किया है।

# कांग्रेस ईवीएम के नहीं बल्कि उनमें हो रहे हेरफेर के खिलाफ

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को कहा कि वह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के नहीं बल्कि उनमें हेरफेर के खिलाफ है। पार्टी ने मतदान प्रणाली की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए वीवीपैट पर्चियों की 100 प्रतिशत गिनती की मांग की।



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने स्पष्ट किया कि पार्टी मतपत्रों के फिर से इस्तेमाल की मांग नहीं कर रही है, बल्कि 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट' (वीवीपैट) पर्चियों की 100 प्रतिशत गिनती चाहती है ताकि मतदाताओं का विश्वास बहाल हो सके। रमेश ने कहा, 19 दिसंबर 2023 को आयोजित 'इंडिया' गठबंधन की बैठक के दौरान, सभी दलों ने यह कहा कि हम ईवीएम के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि इसमें हेरफेर के खिलाफ हैं। हम मतपत्रों पर वापस जाने के लिए नहीं कह रहे हैं, हम सिर्फ वीवीपैट की 100 प्रतिशत गिनती और मिलान का अनुरोध करते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी दल 100 प्रतिशत वीवीपैट की गिनती को लेकर अपनी बात रखने के लिए निर्वाचन आयोग से समय मांग रहे हैं, लेकिन आयोग उन्हें समय नहीं दे रहा है। कांग्रेस नेता ने निर्वाचन आयोग की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा, हम निर्वाचन आयोग के सामने अपने दावों के समर्थन में अपने दस्तावेज पेश करेंगे और अपनी मांग रखेंगे। हम स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव चाहते हैं। आयोग क्यों डर रहा है, और वह इस संबंध में हमसे मुलाकात भी नहीं कर रहा है।

# संभल में यादवों के सिर सजता था जीत का सेहरा

● भीष्म सिंह देवल, संभल

**अमृत विचार:** संभल लोकसभा सीट यादव बिरादरी का मजबूत गढ़ माना जाता था कि यहां जीत दर्ज कराने वाली पार्टी कोई भी हो लेकिन विजेता उम्मीदवार यादव ही होता था। 1977 में सीट सृजन से 2009 में परिसीमन बदलने तक संभल सीट पर जीत दर्ज कराने वाले सभी उम्मीदवार यादव जाति के ही थे। मुलायम सिंह यादव, रामगोपाल यादव और डीपी यादव संभल से चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे। 2009 में नए परिसीमन के बाद यादव मतों की संख्या घटी तो बाजी पलट गई और मुलायम परिवार ने संभल से किनारा कर लिया। वहीं यहां जीत का सेहरा गैर यादवों के सिर सजने लगा।

संभल लोकसभा सीट 1977 में वजूद में आई। तब इस लोकसभा क्षेत्र में संभल, बहजोई, गंगेश्वरी के साथ ही उस समय जनपद बदायूं का हिस्सा रही गुन्नौर व बिसौली विधानसभा सीटें शामिल थीं। गुन्नौर व बिसौली में यादव मतदाताओं की संख्या 65 प्रतिशत से ज्यादा मानी जाती थी तो बहजोई में भी यादव मतों का बाहुल्य था। 1977 के चुनाव में संभल लोकसभा सीट पर भारतीय लोकदल की प्रत्याशी शांति देवी यादव ने जीत दर्ज कराई थी। 1980 के लोकसभा चुनाव में इंडियन नेशनल कांग्रेस इंदिरा के टिकट पर चुनाव लड़े बिजेंद्र पाल सिंह यादव संभल के सांसद चुने गये। 1984 में इंडियन नेशनल कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर एक बार फिर से शांति देवी यादव संभल की सांसद बनीं तो 1989 और 1991 में जनता दल के श्रीपाल सिंह यादव को संभल की जनता ने अपना सांसद चुना। डीपी यादव की निगाह संभल पर पड़ी तो धनारी में फार्म हाउस बनाकर वह संभल लोकसभा की राजनीति में सक्रिय हो गये। 1991 में डीपी यादव जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े तो हार गए, लेकिन 1996 में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर संसद पहुंच गए। 1998 में मुलायम ने संभल से कभी न टूटने वाला रिश्ता जोड़ने का एलान करते हुए संभल सीट से चुनाव लड़ा रिकॉर्ड वोट से जीत दर्ज की। 1999 में मुलायम ने संभल से दोबारा जीत दर्ज की तो 2004 में रामगोपाल यादव संभल से चुनाव लड़कर संसद पहुंचे।

### 2009 के बाद मुलायम परिवार ने संभल से मुंह मोड़ा

मुलायम सिंह यादव के संभल से नाता जोड़ने की वजह यह थी कि उस समय संभल सीट उनके लिए प्रदेश की सबसे सुरक्षित सीट थी। यहां उनके लिए केवल जीत नहीं बल्कि भारी मतों से जीत दिलाने वाले समीकरण थे। 2009 में नये परिसीमन में पहला चुनाव हुआ तो उम्मीद यह थी कि रामगोपाल यादव चुनाव मैदान में उतरेंगे मगर उन्होंने संभल से किनारा कर लिया। तब से अब तक मुलायम परिवार का कोई सदस्य संभल सीट पर चुनाव लड़ने के लिए नहीं आया।

### नए स्वरूप के बाद सपा, बसपा और भाजपा के गैर यादव प्रत्याशी जीत

संभल लोकसभा सीट पर परिसीमन के बाद 2009 में हुए चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत दर्ज की। समाजवादी पार्टी के इकबाल महमूद दूसरे नंबर पर रहे थे। वहीं 2014 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सतपाल सैनी संभल से चुनाव लड़कर सांसद निर्वाचित हुए। 2019 में सपा, बसपा गठबंधन के हालात में चुनाव हुआ तो एक बार फिर से सपा के टिकट पर चुनाव लड़े डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क को जीत मिली।

### नये परिसीमन में घटी यादव मतों की संख्या तो पलट गई बाजी

2004 के लोकसभा चुनाव के बाद संभल लोकसभा सीट का परिसीमन बदला तो यादव बाहुल्य गुन्नौर व बिसौली विधानसभा सीट संभल से हटाकर बदायूं लोकसभा सीट में जोड़ दी गईं। इसके साथ ही बहजोई व गंगेश्वरी विधानसभा सीट खत्म कर दी गईं। असमोली के नाम से नई विधानसभा सीट का सृजन हुआ तो संभल, असमोली व चंदौसी के साथ ही मुरादाबाद जनपद की बिलारी व कुंदरकी विधानसभा सीटें संभल लोकसभा सीट का हिस्सा बन गईं। नये स्वरूप में संभल सीट यादव बाहुल्य नहीं रही तो बाजी पलट गई। नये परिसीमन में गैर यादव संभल सीट पर जीत दर्ज कराने लगे।




**1977** में सीट सृजन के बाद से 2009 में परिसीमन बदलने तक यादव उम्मीदवारों ने दर्ज कराई जीत

**1998** व 1999 में मुलायम सिंह यादव संभल से चुनाव लड़कर बने सांसद

**2004** में रामगोपाल यादव संभल लोकसभा सीट से चुनाव जीते

**2009** में परिसीमन बदला तो यादव परिवार का संभल से हो गया मोह भंग

**मुरली मनोहर जोशी लोकदल से जीते, जनता पार्टी व भाजपा से हारे, भाजपा के बची सिंह रावत ने लगातार सर्वाधिक चार जीत हासिल कर रिकॉर्ड कायम किया, कांग्रेस के हरीश रावत तीन बार जीते तो चार बार हारे**

# अल्मोड़ा से सियायत के शीर्ष तक पहुंचे कई कद्दावर

● बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों में अल्मोड़ा का राजनीतिक इतिहास काफी रोचक रहा है। आजादी की लड़ाई लड़े स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों समेत देश की राजनीति में शीर्ष तक पहुंचे कई कद्दावर नेताओं के भविष्य की नींव इसी लोकसभा सीट से पड़ी। 1952 के चुनावों के बाद हुए लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद यह संसदीय सीट स्वतंत्र रूप से अस्तित्व में आई। जिसके बाद से यहां लगातार कांग्रेस और भाजपा के बीच ही टक्कर देखने को मिली है।

आजादी के बाद देश में पहली बार 1952 में हुए लोकसभा चुनावों की बात करें तो इस उस समय अल्मोड़ा लोकसभा सीट दो भागों में बंटी हुई थी। पहली नार्थ ईस्ट और साउथ वेस्ट। पहले चुनावों में इन दोनों सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवारों ने विजय हासिल की। नार्थ ईस्ट से देवी दत्त और साउथ वेस्ट से सीडी पांडे विजयी हुए। 1957 में कांग्रेस उम्मीदवार हरगोविंद पंत यहां से सांसद चुने गए। जबकि 1962 के चुनाव में कांग्रेस ने एक नए उम्मीदवार जंग बहादुर को यहां से मैदान में उतारा। यह चुनाव वह जीते और उन्होंने 1967 के चुनावों में भी दोबारा इस सीट पर जीत हासिल की।

1971 में कांग्रेस ने फिर से एक नए उम्मीदवार नरेंद्र सिंह को मैदान में उतारा और उन्होंने भी यहां बाजी मार ली। लंबे समय से अल्मोड़ा सीट पर राज कर रही कांग्रेस को 1977 के चुनावों में पहली बार यहां से हार का सामना करना पड़ा। जब लोकदल के चर्चित नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने कांग्रेस के नरेंद्र सिंह को करीब 77,476 मतों से परास्त कर दिया। 1980 के चुनाव में कांग्रेस ने युवा और उभरते नेता हरीश रावत को यहां से उम्मीदवार बनाया। हरीश रावत ने इस बार जनता पार्टी के मुरली मनोहर जोशी को करारी मात दी।1984 में हरीश रावत के सामने फिर से मुरली मनोहर जोशी भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर मैदान में उतरे। इस चुनाव में भी कांग्रेस के हरीश रावत ने उन्हें परास्त कर दिया। 1989 में हुए चुनाव में हरीश रावत ने जीत की हैट्रिक बनाते हुए निर्दलीय उम्मीदवार काशी सिंह को हरा दिया। इस तरह हरीश रावत लगातार तीन बार सांसद रहे। लेकिन कांग्रेस पार्टी के लिए जीत का यह सिलसिला लगातार कायम नहीं रख सकी।

### 1991 के बाद भाजपा ने जमाया कब्जा, सिर्फ एक बार जीती कांग्रेस

वर्ष 1991 में भाजपा ने इस सीट पर जीवन शर्मा को मैदान में उतारा। जिन्होंने कांग्रेस के हरीश रावत के तिलिस्म को तोड़ते हुए इस सीट पर जीत हासिल की। इसके बाद भाजपा के बची सिंह रावत ने 1996, 1998 व 1999 के चुनाव लगातार जीतकर हैट्रिक बनाई। इन तीनों ही चुनाव में बची सिंह रावत ने कांग्रेस के दिग्गज हरीश रावत को पटखनी दी। 2004 में बची सिंह रावत का मुकाबला हरीश रावत की पत्नी रेणुका रावत से हुआ। इस चुनाव में भी बची सिंह रावत को जीत मिली और उन्होंने सर्वाधिक चार बार जीतने का रिकॉर्ड बनाया। लगातार शिकस्त का सामना कर रही कांग्रेस ने वर्ष 2009 में प्रदीप टम्टा को मैदान में उतारा और उन्होंने जीत हासिल की। उन्होंने भाजपा के अजय टम्टा को परास्त किया। 2014 में 16 वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में मुकाबला फिर से कांग्रेस के प्रदीप टम्टा और भाजपा के अजय टम्टा के बीच हुआ। इसमें भाजपा के अजय टम्टा ने बाजी मार ली और पार्टी को जीत दिला दी। 2019 में भी भाजपा के अजय टम्टा ही इस सीट से सांसद चुने गए। अब 2024 के चुनाव में बीजेपी के अजय टम्टा और कांग्रेस के प्रदीप टम्टा फिर आमने सामने हैं। इन चुनावों में अब कौन सी पार्टी इस ऐतिहासिक सीट पर कब्जा जमाएगी। यह तो भविष्य ही तय करेगा।




**अल्मोड़ा सीट पर कब कौन रहे सांसद**

| वर्ष | पार्टी | सांसद |
|---|---|---|
| 1957 | कांग्रेस | जंग बहादुर |
| 1960 | कांग्रेस | हरगोविंद पंत |
| 1962-67 | कांग्रेस | जंग बहादुर |
| 1971 | कांग्रेस | नरेंद्र सिंह |
| 1977 | लोक दल | मुरली मनोहर जोशी |
| 1980-84 व 89 | कांग्रेस | हरीश रावत |
| 1991 | भाजपा | जीवन शर्मा |
| 1996-98,99 व 2004 | भाजपा | बच्ची सिंह रावत |
| 2009 | कांग्रेस | प्रदीप टम्टा |
| 2014 व 19 | भाजपा | अजय टम्टा |

### लोकसभा में हैं 14 विधानसभाएं

अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चौदह विधानसभाएं धारचूला, डीडीहाट, पिथौरागढ़, गंगोलीहाट, लोहाघाट, चंपावत, द्वाराहाट, सल्ट, रानीखेत, सोमेश्वर, अल्मोड़ा, जागेश्वर, कपकोट व बागेश्वर आती हैं। जिनमें से नौ सीटों पर भाजपा और पांच सीटों पर कांग्रेस पार्टी के विधायक हैं।


# कांग्रेस का एजेंडा गठबंधन सहयोगियों का इस्तेमाल करो और फेंक दो : मोदी

## प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले की चुनावी सभा में विपक्षी दल पर किया हमला

अमरावती (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) क्षेत्रीय आकांक्षाओं को साथ लेकर देश की प्रगति के लिए काम कर रहा है तथा चुनाव के बाद तीसरे कार्यकाल के दौरान देश कई और बड़े फैसले लेगा। मोदी ने पलनाडु जिले के बोप्पुडी गांव में राजग की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजग का लक्ष्य 'विकसित भारत', 'विकसित आंध्र प्रदेश' बनाना है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्ष के दौरान देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी के दायरे से बाहर निकाला गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधा।

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पार्टी का एजेंडा अपने गठबंधन सहयोगियों का 'इस्तेमाल करो और फेंक दो' है। मोदी ने कहा-कल लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की गई। पूरा देश कहता है कि चार जून (मतगणना के दिन) को (राजग की कुल सीटें) 400 पार हो जाएंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजग का लक्ष्य 'विकसित भारत' और 'विकसित आंध्र प्रदेश' का निर्माण है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में 'डबल इंजन' वाली राजग सरकार राज्य का त्वरित विकास सुनिश्चित करेगी। मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया में राजग नीत सरकार के विकास कार्यों की चर्चा हो रही है। मोदी ने कहा-एनडीए की ताकत बढ़ रही है, चंद्रबाबू नायडू और पवन दोनों कल्याण लंबे समय से यहां के लोगों के अधिकारों का समर्थन कर रहे हैं। हमारी सरकार आंध्र प्रदेश के विकास के लिए दिन-रात आपके लिए काम कर रहे हैं।



आंध्र प्रदेश में बैठक के दौरान टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू और जनसेना प्रमुख पवन कल्याण के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। ● एजेंसी

### न्यायालय से नागरिकता संशोधन नियमों पर रोक लगाने का अनुरोध

**नई दिल्ली।** केरल ने नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए उच्चतम न्यायालय में एक नई याचिका दायर की है और दलील दी कि ये नियम भेदभावपूर्व, मनमाने और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं। केंद्र ने संसद द्वारा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 को पारित करने के करीब चार साल बाद गत 11 मार्च को कानून के नियमों की अधिसूचना जारी करने के साथ इसके कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त कर दिया था। इसके तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारत की नागरिकता दी जाएगी। केरल सरकार ने सीएए नियमों को 'असंवैधानिक' करार दिया है।




लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद रविवार को भोपाल में सेना और पुलिस के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। ● एजेंसी

### एक नजर

#### तरनतारन में ड्रोन से गिराई गई छह सौ ग्राम हेरोइन बरामद

**जालंधर।** पंजाब के ज़िला तरनतारन में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराई गई छह सौ ग्राम हेरोइन बरामद की है और इस खेप को लेने के लिए आए एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, बीएसएफके सैनिकों ने सफलतापूर्वक एक पैकेट बरामद किया जिसमें 610 ग्राम हेरोइन थी।

#### मणिपुर में हथियार जमा कराने का निर्देश

**इंफाल।** निर्वाचन आयोग के लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने के बाद मणिपुर में जिलाधिकारियों ने एक आदेश जारी कर लाइसेंसी हथियार रखने वाले लोगों को नजदीकी पुलिस थानों में अपने हथियार जमा कराने का आदेश दिया है ताकि चुनावों के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो। थौबल के जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि थौबल जिले के सभी लाइसेंस धारक 18वें आम चुनाव के शांतिपूर्ण आयोजन और कानून व व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने लाइसेंसी हथियार तथा कारतूस 23 मार्च से पहले नजदीकी पुलिस थानों में जमा कराएं।

## छात्रावास में नमाज अदा करने को लेकर विदेशी छात्रों से मारपीट

अहमदाबाद (गुजरात),एजेंसी

- गुजरात विश्वविद्यालय में लोगों के एक समूह ने किया हमला
- श्रीलंका-ताजिकिस्तान के एक एक छात्र अस्पताल में भर्ती

अहमदाबाद में लोगों के एक समूह ने गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास की इमारत में नमाज अदा करने पर विभिन्न देशों के छात्रों से कथित तौर पर मारपीट की, जिनमें से दो को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार रात को हुई इस घटना के बाद श्रीलंका और ताजिकिस्तान के एक-एक छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, घटना शनिवार रात ए-ब्लॉक हॉस्टल में हुई और कथित हमलावरों में से एक की पहचान अभी हो पाई है।

पुलिस आयुक्त जी.एस. मलिक ने बताया कि 20 से 25 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और घटना की जांच के लिए सुरक्षाकर्मियों के नौ दल गठित किए गए हैं। मलिक ने कहा कि गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें मामले में सख्त व न्यायिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मलिक ने बताया कि घटना की सूचना शनिवार रात करीब 10 बजकर 50 मिनट पर मिली जब करीब 20-25 लोग गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास में घुस गए और उन्होंने अफगानिस्तान, उज्बेकिस्तान तथा अन्य देशों के छात्रों के छात्रावास में नमाज अदा करने पर आपत्ति जताई। उन्होंने बताया कि गुजरात विश्वविद्यालय में अफगानिस्तान, ताजिकिस्तान, श्रीलंका और अफ्रीकी देशों के छात्रों समेत करीब 300 अंतर्राष्ट्रीय छात्र पंजीकृत हैं। करीब 75 अंतर्राष्ट्रीय छात्र विश्वविद्यालय के ए-ब्लॉक छात्रावास में रहते हैं जहां यह घटना हुई। मलिक ने बताया-करीब 20-25 लोग छात्रावास के परिसर में घुसे और उन्होंने नमाज पढ़ने पर आपत्ति जताते हुए उनसे मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए कहा। उनकी इस मुद्दे पर बहस हुई और उन्होंने उनसे मारपीट की तथा पथराव किया।

#### छात्रों के साथ हुई झड़प मामले में दो गिरफ्तार

गुजरात के अहमदाबाद में गुजरात यूनिवर्सिटी के छात्रावास में नमाज पढ़ने पर विदेशी छात्रों के साथ कथित तौर पर हुई मारपीट मामले में क्राइम ब्रांच अहमदाबाद ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि इस मामले में अहमदाबाद निवासी हितेशभाई रा. मेवाडा और भरतभाई दा. पटेल को गिरफ्तार भी किया गया है।

## राजस्थान में 72,500 रुपये के नकली नोट के साथ 3 गिरफ्तार

जालौर, एजेंसी

राजस्थान में जालौर जिले की थाना बागरा एवं बालोतरा जिले की थाना सिणधरी में पुलिस ने 72,500 रुपये के नकली नोट के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञान चंद यादव ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों के पास से 500-500 रुपये के कुल 145 जाली नोट बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपी सरूपा राम जाट, खेताराम जाट एवं राउराम जाट थाना सिणधरी जिला बालोतरा क्षेत्र के रहने वाले हैं।

उन्होंने बताया कि थाना बागरा इलाके में नकली नोट के संबंध में सूचना मिलने पर नाकाबंदी में बाकरा गांव के पास बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्ति सरूपा राम एवं खेताराम को रोका गया था। दोनों की तलाशी ली गई तो उनके पास 500-500 के कुल 41 जाली नोट कुल रकम 20 हजार 500 रुपये मिले। इस पर दोनों को गिरफ्तार कर बाइक जब्त की गई। पूछताछ में इन्होंने जाली मुद्रा की प्राप्ति सिणधरी निवासी राउराम जाट से होना बताया है।

### राजस्थान के बूंदी में नहर में डूबने से दो लड़कों की मौत

**कोटा।** राजस्थान के बूंदी जिले में रविवार को दो लड़कों की एक नहर में डूबने से मौत हो गई, जबकि दो अन्य को बचा लिया गया। पुलिस के मुताबिक यह घटना केशोरायपाटन पुलिस थाना क्षेत्र के सेन्था गांव में सुबह चार लड़के नहर के किनारे सेल्फी ले रहे थे और उनमें से एक लड़का आदित्य (14) नहर में फिसल गया। पुलिस ने बताया कि अपने दोस्त को डूबते और गहरे पानी में बहता देख तीनों दोस्त भी उसे बचाने के लिए नहर में कूद पड़े लेकिन वे भी डूबने लगे। उनकी चीखें सुनकर एक राहगीर वहां पहुंचा और उनमें से दो को बचा लिया गया जिनकी पहचान यथार्थ (14) और सिद्धांत (13) के रूप में हुई। जबकि आदित्य (14) और पीयूष (16) गहरे पानी में बह गए।

## संदेशखालि में शाहजहां के अवैध कब्जे वाली भूमि के उपयोग पर राय देने को समिति गठित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने संदेशखालि में शाहजहां द्वारा कथित तौर पर ग्रामीणों की अवैध रूप से कब्जाई गई और मछली फार्म में तब्दील कर दी गई जमीनों का अध्ययन करने और उनके उपयोग के तरीके सुझाने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की है। राजभवन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस विषय के विशेषज्ञों ने बताया है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से निलंबित नेता शाहजहां शेख द्वारा कथित तौर पर छीनी गई और अब मूल मालिकों को लौटाई गई कृषि भूमि की ऊपरी मिट्टी मछली पालन के लिए खारे पानी की निकासी के कारण अनुपयुक्त हो गई है।

## भाजपा में संविधान को बदलने का साहस नहीं

मुंबई, एजेंसी

### न्याय संकल्प पदयात्रा


- राहुल गांधी बोले-सच्चाई और देश की जनता उनके साथ है



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ''शोर बहुत मचाती'' है लेकिन उसमें संविधान को ''बदलने'' का साहस नहीं है। राहुल ने यह भी कहा कि सच्चाई और देश की जनता उनके साथ है।

भाजपा सांसद अनंतकुमार हेगड़े ने हाल में कहा था कि उनकी पार्टी को संविधान में संशोधन करने के लिए और ''कांग्रेस द्वारा इसमें जोड़ी गईं अनावश्यक चीजों को हटाने के लिए'' संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। इसके बाद भाजपा ने हेगड़े की टिप्पणियों से पैदा हुए विवाद को शांत करने की कवायद में इसे उनका ''निजी विचार'' बताया और उनसे स्पष्टीकरण मांगा था। राहुल गांधी मुंबई में महात्मा गांधी के आवास मणि भवन से अगस्त क्रांति मैदान तक 'न्याय संकल्प पदयात्रा' करने के बाद यहां एक सभा को संबोधित कर रहे थे। अगस्त क्रांति मैदान में ही ब्रिटिश राज से आजादी के लिए भारत के संघर्ष के दौरान 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हुआ था। उन्होंने कहा-भाजपा बहुत शोर मचाती है लेकिन उसमें संविधान को बदलने का साहस नहीं है। सच्चाई और लोगों का समर्थन हमारे साथ है। वायनाड से लोकसभा सदस्य राहुल ने कहा कि मौजूदा लड़ाई केवल भाजपा और कांग्रेस के बीच नहीं बल्कि दो ''अभिव्यक्तियों'' के बीच है।

### पश्चिम बंगाल में 7 चरणों में चुनाव से साबित होता है निर्वाचन आयोग सरकार का हिस्साः कपिल सिब्बल



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में सात चरणों में लोकसभा चुनाव होने से यह बात साबित होती है कि निर्वाचन आयोग "सरकार का एक अंग" है। सिब्बल ने हाल ही में दो निर्वाचन आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियुक्ति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उन्हें इस तथ्य के बावजूद नियुक्त किया गया कि संविधान पीठ के फैसले में कहा गया है कि भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को भी उस समिति का सदस्य होना चाहिए जो नियुक्तियों के नामों की सिफारिश करती है। उन्होंने बताया, "जहां तक सात चरणों (देश में लोकसभा चुनाव) का सवाल है, इसकी उम्मीद थी।" सिब्बल ने आरोप लगाया, "वास्तव में जिस तरह से उन्होंने इन दोनों निर्वाचन आयुक्तों को इस तथ्य के बावजूद नियुक्त किया कि संविधान पीठ के फैसले में कहा गया है कि सीजेआई को भी समिति का सदस्य होना चाहिए।

# कारोबार/कृषि

### एक नजर

#### अडाणी समूह 2024 25 में 14 अरब डॉलर निवेश करेगा

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह ने एक अप्रैल से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष में बंदरगाह, ऊर्जा, हवाई अड्डा, जिंस, सीमेंट और मीडिया क्षेत्र तक फैले अपने कारोबार में 1.2 लाख करोड़ रुपये (लगभग 14 अरब अमेरिकी डॉलर) से अधिक का निवेश करने की योजना बनाई है। सूत्रों ने कहा कि समूह ने अगले 7-10 वर्षों में कारोबार बढ़ाने के लिए अपने निवेश पूर्वानुमान को 100 अरब डॉलर से बढ़ाकर दोगुना कर दिया है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित पूंजीगत व्यय इससे पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 40 प्रतिशत अधिक है। विश्लेषकों के अनुसार 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष 2023-24 में पूंजीगत व्यय लगभग 10 अरब डॉलर का पूंजीगत व्यय होने का अनुमान है।

#### केरोसिन की खपत 26 प्रतिशत घट गई

**नई दिल्ली।** देश में केरोसिन या मिट्टी के तेल की खपत में 2013-14 और 2022-23 के बीच साल-दर-साल आधार पर 26 की भारी गिरावट आई है। इसका मुख्य कारण सरकार की स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहन देने की नीतियां हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों 'ऊर्जा सांख्यिकी भारत 2024' में कहा गया है, ''हाल के समय की ऊर्जा नीतियों का प्रभाव देश में ईंधन के रूप में केरोसिन की खपत पर स्पष्ट दिखता है।'' आंकड़ों से पता चलता है कि केरोसिन की खपत में 2013-14 से 2022-23 तक सालाना आधार (सीएजीआर) पर 25.78 प्रतिशत की की गिरावट आई है। इसमें लगातार गिरावट देखने को मिली है।

## आंध्र प्रदेश और केरल में सबसे महंगा पेट्रोल

### उद्योग के आंकड़ों के मुताबिक भाजपा शासित मध्य प्रदेश और बिहार भी पीछे नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल में पेट्रोल और डीजल सबसे महंगा है। वहीं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दिल्ली और पूर्वोत्तर जैसे छोटे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में वाहन ईंधन के दाम सबसे कम हैं। उद्योग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। स्थानीय बिक्री कर या मूल्य वर्धित कर (वैट) की दरों में अंतर की वजह से विभिन्न राज्यों में वाहन ईंधन कीमतों में भिन्नता होती है।

सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों पेट्रोलियम कंपनियों...इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने पिछले सप्ताह पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। इससे पहले करीब दो साल से वाहन ईंधन कीमतों में संशोधन नहीं हुआ था। इस कटौती से लोगों को कुछ राहत मिली लेकिन ऊंचे मूल्य वर्धित कर की वजह से कई राज्यों में अब भी वाहन ईंधन 100 रुपये प्रति लीटर से अधिक है। वाई एस जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआरसीपी सरकार के शासन वाले आंध्र प्रदेश में पेट्रोल सबसे महंगा 109.87 रुपये प्रति लीटर है। इसके बाद लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) शासित केरल का नंबर आता है। वहां एक लीटर पेट्रोल 107.54 रुपये में बिक रहा है। कांग्रेस शासित तेलंगाना में पेट्रोल की कीमत 107.39 रुपये प्रति लीटर है। बीजेपी शासित राज्य भी पीछे नहीं हैं- भोपाल में पेट्रोल की कीमत 106.45 रुपये प्रति लीटर, पटना में 105.16 रुपये (जेडी-यू के साथ गठबंधन में बीजेपी), जयपुर में 104.86 रुपये और मुंबई में 104.19 रुपये प्रति लीटर है। ममता बनर्जी के तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शासित पश्चिम बंगाल में पेट्रोल की कीमत 103.93 रुपये प्रति लीटर है।

#### अंडमान और निकोबार द्वीप में डीजल सबसे सस्ता




डीजल कीमतों की बात की जाए, तो आंध्र प्रदेश के अमरावती में यह ईंधन 97.6 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। इसके बाद केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में यह 96.41 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में 95.63 रुपये और रायपुर में 93.31 रुपये प्रति लीटर है। भाजपा शासित महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और बिहार में डीजल का दाम 92 से 93 रुपये प्रति लीटर है। ओडिशा और झारखंड में भी डीजल का दाम इतना ही है। अंडमान और निकोबार द्वीप में डीजल सबसे सस्ता है जहां यह लगभग 78 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। महानगरों में दिल्ली में वैट सबसे कम है। दिल्ली में डीजल 87.66 रुपये प्रति लीटर है, जबकि गोवा में इसकी कीमत 87.76 रुपये प्रति लीटर है। ईंधन कीमतों में कटौती पर गोल्डमैन सैक्श ने कहा कि तीनों पेट्रोलियम कंपनियों विपणन कंपनियों का शुद्ध विपणन मार्जिन 1.7-2.7 रुपये प्रति लीटर से घटकर 80-90 पैसे प्रति लीटर रह जाएगा।

### अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात बढ़कर 3.53 अरब अमेरिकी डॉलर हुआ

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान अमेरिका को भारत का स्मार्टफोन निर्यात बढ़कर 3.53 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 99.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर था।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान स्मार्टफोन के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 7.76 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में दो प्रतिशत थी। एक अधिकारी ने कहा कि स्मार्टफोन विनिर्माण में वृद्धि से निर्यात को बढ़ावा मिला। इसके साथ ही भारत, अमेरिका का तीसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन निर्यातक बन गया है। पहले स्थान पर चीन और दूसरे स्थान पर वियतनाम हैं।

## खाताधारकों के हितों की रक्षा करें बैंक : विवेक जोशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- डीएफएस सचिव ने कहा शिकायतों के चलते दिए निर्देश



सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से बीमा उत्पादों की गलत बिक्री रोकने और खाताधारकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने यह बात कही।

उन्होंने बताया कि वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि बैंक और जीवन बीमा कंपनियां ग्राहकों से पॉलिसी खरीदने के लिए धोखाधड़ी वाले और अनैतिक तरीके अपना रही हैं। जोशी ने कहा कि ऐसे में बैंकों को इस मामले पर संवेदनशील बनाया गया है। उन्होंने कहा, ''बैंकों से खाताधारकों के हितों को सबसे अधिक महत्व देने को कहा गया है।'' ऐसे उदाहरण हैं, जहां दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में 75 वर्ष से अधिक आयु के ग्राहकों को जीवन बीमा पॉलिसी बेची गईं। आमतौर पर, बैंक अपनी सहायक बीमा कंपनियों के उत्पादों को बेचने की कोशिश करते हैं। अगर ग्राहक इसका विरोध करते हैं, तो शाखा अधिकारी कहते हैं कि उनपर ऊपर से दबाव है। जब ग्राहक किसी प्रकार का ऋण लेने या सावधि जमा में निवेश करने जाते हैं, तो उन्हें बीमा उत्पाद बेचने की कोशिश की जाती है।

### स्विट्जरलैंड की कई कंपनियां भारत में निवेश की इच्छुक

**नई दिल्ली।** चॉकलेट बनाने वाली कंपनी बैरी कैलेबाउट समूह और प्रौद्योगिकी कंपनी बुहलर सहित स्विट्जरलैंड की कई कंपनियां भारत में निवेश करने की इच्छुक हैं। स्विट्जरलैंड की आर्थिक मामलों की मंत्री हेलेन बडलिगर ने यह बात कही। बडलिगर ने कहा कि एचईएसएस ग्रीन मोबिलिटी का इरादा 2025 तक भारत में लगभग 3,000 इलेक्ट्रिक बसों का विनिर्माण करने का है। उन्होंने साक्षात्कार में बताया कि चॉकलेट निर्माता बैरी कैलेबाउट ग्रुप 2024 तक भारत में अपनी तीसरी विनिर्माण इकाई चालू करने के लिए तैयार है।

## बारिश से फसल नुकसान की बीमा कंपनियों ने नहीं दी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 10 दिन के अंदर देनी थी रिपोर्ट मांगे और 10 दिन

**अमृत विचारः** पिछले सप्ताह बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों की रिपोर्ट बीमा कंपनियों ने नहीं दी है। कंपनियों ने सर्वे तो किया लेकिन, नुकसान का आकलन और क्षतिपूर्ति तय नहीं की है। कृषि विभाग सख्त हुआ तो 10 दिन का समय मांगा है।

2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से रबी की खड़ी व कटी फसलों को नुकसान हुआ था। अधिकांश क्षेत्रों में फसलें जलमग्न होने के साथ तेज हवा से खेतों पर बिछ गई थीं। इस दौरान आठ हजार से ज्यादा किसानों ने क्षतिपूर्ति के लिए व्यक्तिगत दावा किया था। इस पर गंभीरता दिखाते हुए कृषि विभाग ने बीमा कंपनियों से 10 दिन में सर्वे कर नुकसान के आकलन की रिपोर्ट मांगी थी। जो कंपनियों ने नहीं दी है। आशंका है कि क्षतिपूर्ति से बचने के लिए दावे ज्यादातर निरस्त किए हैं। क्योंकि व्यक्तिगत दावा में एक माह के अंदर जितना नुकसान उतना क्लेम देय होता है। वहीं उपनिदेशक उमा शंकर सिंह ने बताया कि कंपनियों के अनुरोध पर रिपोर्ट देने के लिए 10 दिन का समय दिया है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर बढ़कर 636.1 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढोतरी होने से 08 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर बढ़कर लगातार तीसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 636.1 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर लगातार दूसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 625.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी किए गए साप्ताहिक आंकड़े से यह खुलासा हुआ है।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.23 लाख करोड़ रुपये घट गया

नई दिल्ली, एजेंसी

- रिलायंस व एलआईसी को उठाना पड़ा सबसे ज्यादा नुकसान



सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2,23,660 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को उठाना पड़ा।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,475.96 अंक या 1.99 प्रतिशत नीचे आया। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, इन्फोसिस और आईटीसी की बाजार हैसियत बढ़ गई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 81,763.35 करोड़ रुपये घटकर 19,19,595.15 करोड़ रुपये पर आ गया। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज ही रही। एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 63,629.48 करोड़ रुपये घटकर 5,84,967.41 करोड़ रुपये और एसबीआई का 50,111.7 करोड़ घटकर 6,53,281.59 करोड़ रुपये रह गया है।

# पापा का सपना बना अराइजीत की प्रेरणा

नई दिल्ली, एजेंसी

दादा ने हॉकी खेली, पिता और उनके तीनों भाइयों ने भी हॉकी खेली, लेकिन कोई भारतीय टीम में जगह नहीं बना सका और अब इस खानदान में हॉकी खेलने वाले अकेले खिलाड़ी अराइजीत सिंह हुंडल ओलंपिक के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह बनाकर अधूरा सपना पूरा करना चाहते हैं।



अराइजीत ने कहा कि अगर मैं ओलंपिक टीम में जगह बना पाता हूं तो हमारे घर पर त्योहार जैसा माहौल होगा। सबके चेहरे पर ऐसी खुशी होगी जो मैंने भी कभी नहीं देखी होगी । मैं भी वैसी खुशी देखना चाहता हूं और अपनी ओर से जान लड़ा दूंगा। ओलंपिक तैयारियों के सिलसिले में आस्ट्रेलिया दौरे से पहले भुवनेश्वर में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में शामिल ड्रैग फ्लिकर और स्ट्राइकर हुंडल ने इस साल दक्षिण अफ्रीका दौरे पर सीनियर टीम में पदार्पण किया। हुंडल ने दिसंबर में कुआलालम्पुर में खेले गए जूनियर विश्व कप में कोरिया के खिलाफ एक हैट्रिक समेत भारत के लिए सर्वाधिक चार गोल किये थे। उन्होंने कहा कि पूरे परिवार का सपना है कि मैं ओलंपिक खेलूं।

## नीदरलैंड के पोल को भारत ने किया गोलकीपिंग कोच नियुक्त



**नई दिल्ली।** भारत ने पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुष हॉकी टीम की तैयारियों के लिए नीदरलैंड के गोलकीपिंग विशेषज्ञ डेनिस वान डी पोल को फिर से सहयोगी स्टाफ में शामिल किया है। वान डी पोल इससे पहले भी भारतीय टीम के साथ काम कर चुके हैं। वह पहली बार 2019 में भारतीय टीम से जुड़े थे। भारतीय टीम अभी भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग ले रही है। पोल शिविर से जुड़कर तीनों गोलकीपर पीआर श्रीजेश, कृष्ण पाठक और सूरज करकेरा के साथ काम करेंगे। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन की देखरेख में 10 दिवसीय विशेष गोलकीपिंग शिविर ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम के रवाना होने से एक सप्ताह पहले 26 मार्च को समाप्त होगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण चरण है।

# अश्विन ने चुनौतियों को प्रगति पर अंकुश नहीं लगाने दिया: कुंबले

चेन्नई, एजेंसी



रविचंद्रन अश्विन के 500 अंतर्राष्ट्रीय विकेट चटकाने से खुश महान स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा कि एक दशक में इस ऑफ स्पिनर के सामने कई चुनौतियां आई, लेकिन वह लगातार सीखने के जज्बे और इच्छाशक्ति से इससे पार पाने में सफल रहे। अश्विन के नाम टेस्ट में 516 विकेट है और वह भारत के लिए कुंबले (619) के बाद दूसरे सबसे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

भारत के पूर्व लेग स्पिनर कुंबले इससे बिल्कुल भी आश्चर्यचकित नहीं थे। कुंबले ने अश्विन को 100 टेस्ट और 500 विकेट पूरे करने पर तमिलनाडु क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में कहा कि अश्विन के सामने कई चुनौतियां आई हैं। उन्होंने किसी भी चुनौती को अपनी प्रगति में रोड़ा बनने का मौका नहीं दिया। वह एक दशक से अधिक समय से देश के लिए एक असाधारण मैच विजेता रहा है, और उसने जो निरंतरता दिखाई है, वह शानदार है। इस तरह की सफलता के लिए अपने उद्देश्य के प्रति पूर्ण समर्पण की आवश्यकता है। कुंबले ने कहा कि अश्विन भारतीय प्रशंसकों द्वारा उनसे की गई उम्मीदों से निपटने में सक्षम हैं। कुंबले ने कहा कि जब मैं भारतीय टीम का कोच था तब हमने एक साल तक एक साथ काम किया था। वह पूरी तैयारी के साथ मैदान पर उतरते है। जिन खिलाड़ियों के खिलाफ उनका मुकाबला था उनके बारे में वह पूरी जानकारी रखते थे।

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि अश्विन ने देश में स्पिन गेंदबाजी का स्वरूप बदल दिया। मैं उस विरासत के बारे में सोच रहा हूं जो अश्विन जैसा खिलाड़ी खत्म होने के बाद छोड़ेगा। अभी उसे अपने करियर में लंबा सफर तय करना है। द्रविड़ ने कहा कि स्पिन गेंदबाजी के बारे में सोचते ही, उन्होंने स्पिन गेंदबाजी के बारे में हमारी समझ और ज्ञान को आगे बढ़ाया है, जो एक महान विरासत है। उन्होंने स्पिन गेंदबाजी की कला और विज्ञान को बहुत बेहतर बनाया है।

## रविचंद्रन अश्विन बहुत ही शानदार क्रिकेटर हैं : गावस्कर



**चेन्नई।** सुनील गावस्कर और के श्रीकांत ने रविचंद्रन अश्विन को बहुत शानदार क्रिकेटर करार करते हुए कहा कि अपने आत्मविश्वास और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन के समर्थन की बदौलत यह गेंदबाज सफलता हासिल करने में सफल रहा। श्रीकांत ने कहा कि अगर अश्विन ने 100 टेस्ट खेले और 500 विकेट लिए हैं तो इसके लिए एक ही व्यक्ति जिम्मेदार हैं और वो एन श्रीनिवासन हैं। उन्होंने कहा कि यह अश्विन के लिए शानदार उपलब्धि है। उनकी सफलता का मुख्य कारण उनका खुद पर भरोसा है। गावस्कर ने कहा कि मैं अश्विन को 100 टेस्ट और 500 विकेट लेने की उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं। उनका खेल के सभी प्रारूपों में करियर शानदार रहा है, विशेषकर टेस्ट में। उन्होंने कहा कि हमें नहीं पता कि वह कब संन्यास लेंगे लेकिन वह बेहद शानदार क्रिकेटर रहे हैं। अश्विन ने आईपीएल करियर की शुरुआत 2008 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ की। वह 2015 तक इसी फ्रेंचाइजी के साथ रहे और दो खिताब जीते। सीएसके का मालिकाना हक इंडिया सीमेंट्स का है और श्रीनिवासन कंपनी के प्रबंध निदेशक हैं।

## खेल डायरी

### अमेलिया-सोफी इंग्लैंड के खिलाफ शुरू के मैच नहीं खेलेंगी



**वेलिंग्टन, एजेंसी।** अमेलिया केर और सोफी डिवाइन इंग्लैंड के खिलाफ 19 मार्च से डुनेडिन में शुरू हो रही पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड की महिला टीम का हिस्सा नहीं होंगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा भारत में चल रहे डब्ल्यूपीएल में आरसीबी के लिए खेल रही केर शुरुआती टी-20 मैच में हिस्सा लेने के लिए समय पर न्यूजीलैंड नहीं लौट पाएंगी। वहीं सोफी डिवाइन आरसीबी के लिए नियमित स्टार्टर रहीं हैं। एनजेडसी ने 22 मार्च को नेल्सन में होने वाले दूसरे टी-20 के लिए केर की उपलब्धता की पुष्टि की है। उनको उम्मीद है कि डिवाइन रविवार को अपनी जोड़ीदार के साथ टीम के साथ उपलब्ध रहेंगी।

### ओलंपिक के चयन ट्रायल में दीपिका शीर्ष पर

**सोनीपत, एजेंसी।** दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी ने रविवार को आगामी विश्व कप और पेरिस ओलंपिक के लिए हुए चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल किया। तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने फरवरी में बगदाद एशिया कप में दो स्वर्ण पदक जीतकर वापसी की। वह दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद पिछले साल खेल से बाहर रहीं। दीपिका ने भजन कौर, अंकिता भक्त और कोमलिका बारी के साथ चार सदस्यीय टीम में जगह बनाई। भारत को ओलंपिक के लिए महिला वर्ग में कोटा हासिल करना बाकी है। वहीं अंताल्या में 18-23 जून तक होने वाला विश्व कप का तीसरा चरण अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट होगा। भारत के लिए अब तक एकमात्र पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले धीरज बोम्मदेवरा पुरुष रिकर्व वर्ग में शीर्ष पर रहे।

### दीक्षा ने गोल्फ क्लासिक के कट में बनाई जगह

**लॉन्गवुड (फ्लोरिडा), एजेंसी।** भारत की दीक्षा डागर ने दूसरे दौर में छह बर्डी और इतनी ही संख्या में बोगी लगाकर इवन पार 71 का कार्ड खेला, जिससे वह आईओए गोल्फ क्लासिक के कट में जगह बनाने में सफल रहीं। दीक्षा ने एप्सन टूर की इस प्रतियोगिता के पहले दौर में तीन ओवर 74 का कार्ड खेला था। दूसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर तीन ओवर पर है। टूर्नामेंट में कट भी तीन ओवर पर गया। लेडीज यूरोपियन टूर की दो प्रतियोगिताओं में शीर्ष 10 में जगह बनाकर यहां पहुंची दीक्षा अगले सप्ताह भी एप्सन टूर में भाग लेगी। इसके बाद वह लेडीज यूरोपियन टूर में लौट जाएगी। गोल्फ क्लासिक में दूसरे दौर के बाद लिंडसे मैक्कर्डी एक शॉट से आगे थीं। लिंडसे ने 65 का कार्ड खेला, जबकि डेवी वेबर (66) दूसरे और चीनी ताइपे की विवियन होउ (63) तीसरे स्थान पर हैं।

### सिन्नर को हराकर अल्कराज इंडियन वेल्स के फाइनल में



**इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया), एजेंसी।** कार्लोस अल्कराज़ ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके यानिक सिन्नर के 19 मैच से चल रहे विजय अभियान पर रोक लगाई तथा बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। अल्कराज ने बारिश से प्रभावित इस मैच में सिन्नर को 1-6, 6-3, 6-2 से हराया। अल्कराज की इंडियन वेल्स में यह लगातार 11वीं जीत है, जिससे उन्होंने विश्व रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान फिर से हासिल कर लिया है। फाइनल में अल्कराज का मुकाबला रूस के दानिल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव ने भी दूसरे सेमीफाइनल में पहला सेट गंवाने के बाद अच्छी वापसी करके टॉमी पॉल को 1-6, 7-6, 6-2 से पराजित किया। अल्कराज के खिलाफ सिन्नर जब पहले सेट में 2-1 से आगे चल रहे थे तब बारिश से खेल रोकना पड़ा। तीन घंटे से भी अधिक समय तक खेल नहीं हो पाया। इस बीच महिला युगल के फाइनल में ताइवान की सीह सु-वेई और बेल्जियम की एलीस मर्टेंस ने ऑस्ट्रेलिया की स्टॉर्म हंटर और चेक गणराज्य की कटेरीना सिनियाकोवा को 6-3, 6-4 से हराकर खिताब जीता।

# आईपीएल के लिए लौटे विराट आरसीबी से जुड़ने की तैयारी

## कोहली ने बेटे के जन्म के लिए भारत और इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला से हटने का किया था फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी



स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपने बेटे अकाय के जन्म के बाद रविवार को भारत लौट आए और आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए अपनी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के ट्रेनिंग शिविर में जुड़ने के लिए तैयार हैं।

कोहली ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला लेते हुए भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला से हटने का फैसला किया था। बाद में बताया गया कि यह ब्रेक इसलिए लिया ताकि ब्रिटेन में अपने बेटे के जन्म के समय अपनी पत्नी के साथ वह रह सके। आईपीएल प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने ट्वीट किया कि विराट कोहली लौट आए हैं। रेड किंग भारत में 22 मार्च को सीएसके के खिलाफ अपना अभियान शुरू करने के लिए तैयार हैं। इसमें लिखा था, किंग के लिए चीयर करने और 'किंगली बीट्स' पर थिरकने के लिए तैयार हो जाइये क्योंकि स्टार स्पोर्ट्स का नया एंथम 'कोहली कॉलिंग' सभी मंच पर रिलीज हो गया है। आईपीएल में कोहली के संबंध में सभी चीजों के लिए स्टार स्पोर्ट्स पर ट्यून करें। कोहली रविवार को मुंबई पहुंचे और उनके जल्द ही टीम के ट्रेनिंग शिविर से जुड़ने की उम्मीद है। आरसीबी अभी तक आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई है। कोहली ने पिछले आईपीएल सत्र में 639 रन बनाए थे।

### आईपीएल से पहले केकेआर से जुड़े श्रेयस अय्यर



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर आईपीएल सत्र से पहले टीम के अभ्यास शिविर से जुड़ गए हैं। पीठ से जुड़ी परेशानियों के कारण अय्यर के टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में खेलना संदिग्ध लग रहा था। केकेआर ने अय्यर के शहर में पहुंचने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर जारी की हैं। यह बल्लेबाज पीठ के ऑपरेशन से पिछले साल आईपीएल में नहीं खेल पाया था। उन्होंने सितंबर में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की थी, लेकिन पीठ दर्द उन्हें परेशान करता रहा। वह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच में खेले थे, लेकिन इसके बाद उनकी पीठ में दर्द होने लगा था। उन्हें बाकी बचे तीन मैच के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया था। अय्यर मुंबई से रणजी के क्वार्टर फाइनल में नहीं खेल पाए थे लेकिन सेमीफाइनल और फाइनल में वह टीम का हिस्सा थे। विदर्भ के खिलाफ फाइनल में वह पीठ दर्द से परेशान रहे। इस कारण वह मैच के अंतिम दो दिन मैदान पर नहीं उतरे।

### चोटिल मदुशंका के शुरुआती सत्र में खेलने की संभावना कम



**ढाका।** श्रीलंकाई गेंदबाज दिलशान मदुशंका बांग्लादेश के खिलाफ चल रही वन डे सीरीज में चोटिल होने के बाद बाहर हो गए और उनके आईपीएल के शुरुआत सत्र में खेलने की संभावना कम है। श्रीलंका क्रिकेट ने रविवार सुबह कहा कि एमआरआई स्कैन में पुष्टि हुई है कि मदुशंका के बाए पैर में हैमस्ट्रिंग की चोट है और वह रिहैब के लिए घर लौटेंगे। श्रीलंका टीम के मैनेजर महिंदा हलनगोड़ा ने कहा कि हमें उनकी चोट के बारे में रविवार सुबह रिपोर्ट मिली है। यह नई चोट है। हमें नहीं पता कि इससे उबरने में उन्हें कितना समय लगेगा। वह चिकित्सक दल की निगरानी में उच्च प्रदर्शन सेंटर में रिहैब करेंगे। वह वन डे से तो बाहर हो गए हैं।

# डब्ल्यूपीएल का नया चैंपियन बना बेंगलुरु

नई दिल्ली, एजेंसी




श्रेयंका पाटिल, सोफी मोलिन्यू और सोभना आशा की घातक गेंदबाजी के बाद एलिस पेरी के नाबाद 35 और सोफी डिवाइन के 32 रन की पारी के दम पर आरसीबी ने रविवार को खेले गए डब्ल्यूपीएल के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा किया।

114 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी पहले विकेट के लिए 49 रन जोड़े। पहले विकेट के रूप में सोफी डिवाइन को शिखा पांडे ने पगबाधा किया। सोफी ने 27 गेंदों में 32 रन बनाए। दूसरे विकेट के रूप में कप्तान स्मृति मंधाना 31 रन बनाकर आउट हुई। एलिस पेरी ने 37 गेंदों में नाबाद 35 रनों की धैर्यपूर्ण पारी खेली और ऋचा घोष 17 रन पर नाबाद रहीं। बेंगलुरु ने 19.3 ओवर में 115 रन बनाकर 8 विकेट से मैच जीत लिया। दिल्ली की शिखा पांडे और मिन्नू मनी ने एक-एक विकेट लिए। इससे पहले दिल्ली ने बेंगलुरु को 114 रन का लक्ष्य दिया था। अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीता और बल्लेबाजी करने उतरी कप्तान मेग लानिंग और शेफाली वर्मा की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़े। आठवें ओवर में सोफी मोलिन्यू ने वेयरहम के हाथों शेफीली वर्मा कैच आउट कराया। शेफाली ने 27 गेंदों में 44 रन रन बनाए। अगले ओवर में श्रेयंका पाटिल ने कप्तान मेग लानिंग को 23 रन पर पगबाधा किया। इसके बाद दिल्ली का कोई भी बल्लेबाज बेंगलुरु की फिरकी का सामना नहीं कर सका। मैरिजेन कप्प 8 रन, जेस जॉनसन 3 रन, राधा यादव 12 रन, मिन्नू मनी 5 रन और अरुंधति रेड्डी 10 रन बनाकर आउट हुई। जेमिमा रॉड्रिग्स, ऐलिस कैप्सी और तानिया भाटिया खाता भी नहीं खोल पाईं। शिखा पांडे 5 रन पर नाबाद रही। बेंगलुरु की श्रेयंका पाटिल ने 4, सोफी मोलिन्यू ने 3 और सोभना आशा ने दो विकेट लिए।

# गुलवीर ने 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एथलीट गुलवीर सिंह ने कैलिफोर्निया के सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में द टेन प्रतियोगिता में पुरुषों की 10000 मीटर दौड़ में 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए अपनी हीट में दूसरा स्थान पाया।

इस खिलाड़ी ने स्पर्धा में 27 मिनट, 41.81 सेकेंड का समय लेकर सुरेंद्र सिंह के 2008 में बनाए 28 मिनट, 2.89 सेकेंड के रिकॉर्ड को तोड़ा। गुलवीर का यह प्रयास ओलंपिक क्वालिफिकेशन के लिए पर्याप्त नहीं था। ओलंपिक खेलों का क्वालिफिकेशन समय 27 मिनट है और इस तरह से यह भारतीय एथलीट 41 सेकेंड के अंतर से इसे हासिल करने से चूक गया। इस स्पर्धा में भाग ले रहे भारतीय खिलाड़ी कार्तिक कुमार 28 मिनट, 01.90 सेकेंड का समय लेकर नौवें स्थान पर रहे। उनका समय भी सुरेंद्र सिंह के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर है। भारतीय एथलीट अविनाश साबले अपनी दौड़ पूरी नहीं कर पाए। वह 15वें लैप में 6000 मीटर की दूरी पूरी करने के बाद हट गए थे। महिलाओं की 10000 मीटर दौड़ में भारत की पारूल चौधरी 32 मिनट, 0 2.08 सेकेंड का समय लेकर 20वें स्थान पर रही।

# मैनचेस्टर सिटी छठी बार सेमीफाइनल में



एफए कप

**लंदन, एजेंसी।** मैनचेस्टर सिटी ने बर्नार्डो सिल्वा के पहले हाफ में किए गए दो गोल की मदद से न्यूकासल को 2-0 से हराकर एफए कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैनचेस्टर सिटी ने इस तरह से एफए कप के 153 साल के इतिहास में लगातार छठी बार सेमीफाइनल में पहुंचकर अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की। इस बीच दूसरी श्रेणी की टीम कोवेंट्री ने स्टॉपेज टाइम में दो गोल करके वॉल्वरहैम्प्टन को 3-2 से हराकर 1987 के बाद पहली बार इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। कोवेंट्री ने तब खिताब जीता था। एलिस सिम्स ने 10 मिनट के अतिरिक्त समय में पहला गोल करके कोवेंट्री को बराबरी दिलाई जबकि अमेरिका के स्ट्राइकर हाजी राइट ने उसकी तरफ से विजयी गोल दागा।




# बॉलीवुड हलचल

## मनोरंजन के साथ लोगों को प्रेरित भी करती है जहांकिला: कपिल



**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी कपिल देव का कहना है कि फिल्म जहांकिला मनोरंजन के साथ ही लोगों को प्रेरित भी करती है। पंजाब के गांवों की पृष्ठभूमि पर आधारित बलिदान, प्रेम, दोस्ती और देशभक्ति की एक दिलचस्प कहानी जहांकिला के प्रीव्यू के अवसर पर क्रिकेट के दिग्गज कपिल देव, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और इरफान पठान मौजूद थे। इस अवसर पर कपिल देव ने कहा, मैं 'जहांकिला' के पीछे प्रतिभाशाली युवा टीम का समर्थन करने के लिए बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। कहानी कहने के प्रति उनका समर्पण और पंजाब की वीरतापूर्ण भावना का उनका चित्रण वास्तव में मेरे साथ जुड़ा हुआ है। मेरा मानना है कि यह फिल्म न केवल मनोरंजन करती है बल्कि प्रेरित भी करती है, और मुझे इस तरह के सार्थक प्रोजेक्ट को अपना समर्थन देने पर गर्व है। विक्की कदम द्वारा निर्देशित फिल्म जहांकिला एक साधारण पृष्ठभूमि के युवक शिंदा की यात्रा का वर्णन करती है, जो पारिवारिक बलिदानों से प्रेरित होकर पुलिस बल में शामिल होता है।

## करीना, कृति और तब्बू की 'क्रू' जर्नी शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म क्रू के ट्रेलर में तब्बू, करीना कपूर और कृति सैनन के साथ दिलजीत दोसांझ की झलक देखने को मिली है। ट्रेलर के शुरुआत में एक ऑफिसर कहती हैं 'सोना कहां है?' बस इस डायलॉग के बाद से करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन की एक उथल-पुथल वाली जर्नी की शुरुआत हो जाती है इसमें कोहिनूर नाम की एक एयरलाइन कंपनी है, जिसके इर्द-गिर्द फिल्म क्रू की कहानी घूमती रहती है। फिल्म क्रू को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



### चिंटू की फिल्म शूरवीर के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेता प्रदीप पांडेय चिंटू की फिल्म 'शूरवीर' के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू हो गई है जो लखनऊ में हो रही है। फिल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू एक योद्धा का किरदार निभाने रहे हैं, जिसने जिन्दगी हर उतार-चढ़ाव के बेहद संजीदगी से जिया है और हर मुश्किलों का सामना किया है। इस किरदार को निभाने के लिए चिंटू ने अपनी फिटनेस को काफी इम्प्रूव किया है और शूरवीर के जैसा दिखने के लिए मेहनत की है। शिवराम फिल्म एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म 'शूरवीर' के निर्माता शिवराम हैं , वहीं लेखक एवं निर्देशक आर . के . शुक्ला हैं। सह निर्माता राकेश देवा पांडेय हैं। कार्यकारी निर्माता शेखर यादव है। छायांकन विजय आर . पांडेय व संगीत मधुकर आनंद और सावन कुमार ने तैयार किया है। कोरियोग्राफर कानू मुखर्जी और मनोज गुप्ता हैं। एक्शन मास्टर हीरा यादव और मल्लेश हैं।

## नवरत्न और अंजली का गीत होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़ू रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** नवरत्न पांडेय और अंजली पांडेय का होली गीत होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़ू रिलीज हो गया है। होली गीत 'होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर है। इस गाने को नवरत्न पांडेय ने गाया है। गाने के वीडियो में नवरत्न पांडेय और अंजली पांडेय नजर आ रही है। गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि नवरत्न पांडेय हाथ मे रंग अबीर लिए अपनी प्रेमिका अंजली का इंतजार कर रहे हैं। अंजली जैसे ही उनके पास पहुंचती है तो नवरत्न पांडेय काफी खुश हो जाते हैं, लेकिन उनका दिल तब टूट जाता है जब उनकी प्रेमिका अंजली पांडेय उन्हें अपनी शादी कार्ड देती है। किसी दूसरे से अपनी प्रेमिका की शादी होने की बात जानकर नवरत्न बहुत दु:खी हो जाते हैं और उनका सारा अरमान चूर चूर हो जाता है। नवरत्न अपनी प्रेमिका अंजली से कहते हैं कि 'असहु फीका फीका लागे असो के ई होलिया ये जान... तू जात तारू चढ़िके डोलिया ये जान, दे दा एगो जहर के गोलिया ये जान...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीतकार विकाश यादव हैं। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# मालदीव की निगरानी से बाहरी पक्ष न हों चिंतित

माले, एजेंसी

● हिंद महासागर में पहली बार सुरक्षा के लिए तैनात किए ड्रोन



राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा है कि मालदीव के क्षेत्र की निगरानी से किसी भी बाहरी पक्ष को चिंता नहीं होनी चाहिए, जिसमें हिंद महासागर द्वीप समूह राष्ट्र की सुरक्षा के लिए ड्रोन की पहली तैनाती भी शामिल है। दरअसल, उन्होंने विशाल समुद्री क्षेत्र की निगरानी के लिए अपने रक्षा बलों को बढ़ावा देने के उपायों की घोषणा की है।

राष्ट्रपति कार्यालय की एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) एयर कोर और मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) को लॉन्च करने के लिए एक समारोह में बोलते हुए मुइज्जू की नवीनतम टिप्पणियां आईं। मुइज्जू ने समारोह में मालदीव की सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने के लिए नई पहल की घोषणा की। चीन समर्थक मालदीव के नेता की टिप्पणी मुइज्जू द्वारा भारत विरोधी बयानबाजी तेज करने के बाद भारत द्वारा उपहार में दिए गए हेलीकॉप्टर का संचालन करने वाले भारतीय सैन्य कर्मियों के पहले बैच के द्वीप राष्ट्र छोड़ने के कुछ दिनों बाद आई है।

मुइज्जू ने कहा कि देश अपने अधिकार क्षेत्र की निगरानी करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि मालदीव कोई छोटा देश नहीं है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह द्वीप राष्ट्र नौ लाख वर्ग किलोमीटर तक फैला है और अपने अधिकार क्षेत्र की निगरानी करने में सक्षम है। उन्होंने किसी भी देश का नाम लिए बिना कहा, "मालदीव एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र है और मालदीव के अधिकार क्षेत्र की निगरानी से किसी बाहरी पक्ष को चिंता नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि इससे मालदीव के सभी देशों के साथ घनिष्ठ संबंधों में बाधा नहीं आएगी। मुइज्जू ने कहा कि उनकी सरकार तटरक्षक बल की क्षमता को दोगुना करेगी। इसके अलावा, एयर कॉर्प्स बेड़े का विस्तार करेगी और भूमि आधारित वाहनों और प्लेटफार्मों को बढ़ाएगी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल पद संभालने के बाद मुइज्जू ने भारत से द्वीप राष्ट्र से लगभग 90 सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने के लिए कहा था।

## दवाओं की ऑनलाइन बिक्री की नीति बनाने को केंद्र ने मांगा समय

**नई दिल्ली।** दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर नीति बनाने को लेकर केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट से और समय मांगा है।

केंद्र ने कहा- मुद्दा जटिल है और दवाओं की बिक्री के तरीके में किसी भी संशोधन के दूरगामी परिणाम होंगे। बता दें, हाईकोर्ट ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को नीति तैयार करने के लिए चार महीने का और समय दिया है। मसौदा नियमों को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने स्पष्ट किया कि यदि सुनवाई की अगली तारीख से पहले मसौदा नीति तैयार नहीं होती है, तो अदालत के पास मामले को आगे बढ़ाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं होगा।

# इस समय फ्लैक्सी-कैप फंड या हाइब्रिड फंड में से क्या बेहतर

*इस समय स्मॉल और मिड कैप शेयरों का वैल्युएशन काफी हाई है। ऐसे में निवेश एक्सपर्ट इनसे जुड़े म्यूचुअल फंड्स में भी निवेश से बचने की सलाह दे रहे हैं। मौजूदा परिस्थितियों में हाइब्रिड फंड और फ्लेक्सी-कैप फंड निवेश का बेहतर विकल्प हो सकते हैं।*

### इन बातों का रखें ध्यान

निवेश से पहले विभिन्न मार्केट साइकिल में फंड के प्रदर्शन का आकलन करें। फंड मैनेजर का ट्रैक रिकॉर्ड भी देखना चाहिए कि उसने कितनी सफलतापूर्वक किसी साइकिल का सामना किया है और बेंचमार्क या अन्य फंड के मुकाबले कितना रिटर्न दिया है। निवेशकों को फ्लेक्सी-कैप स्कीम के निवेश उद्देश्य को समझना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि यह उनके निवेश लक्ष्यों के अनुरूप हो।



### क्या है हाइब्रिड या फ्लेक्सी-कैप फंड

हाइब्रिड फंड ग्रोथ और इनकम के बीच संतुलन हासिल करने के लिए इक्विटी और डेट जैसी एसेट क्लास के मिश्रण में निवेश करते हैं। ऐसे फंडों का आम तौर पर इक्विटी में लार्ज-कैप का तरफ झुकाव होता है। इससे बेहतर रिटर्न देने की उनकी क्षमता सीमित हो जाती है। मौजूदा मार्केट कंडीशन में फ्लेक्सी-कैप फंड लॉन्ग टर्म लक्ष्य रखने वाले निवेशकों के लिए बेहतर विकल्प हैं जो इक्विटी मार्केट के उतार-चढ़ाव को सहन कर सकते हैं। चूंकि फंड मैनेजर बिना किसी प्रतिबंध के लार्ज, मिड और स्मॉल कैप शेयरों में निवेश करते हैं, ऐसे फंड लंबी अवधि में हाई रिटर्न देते हैं और मुख्य एलोकेशन के लिए आदर्श हैं।

### कौन निवेश कर सकता हैं

इक्विटी एसेट क्लास के लिए, रिस्क प्रोफाइल अधिक होता है। यदि आपके पास बाजार के उतार-चढ़ाव के दौरान होने वाले नुकसान को सहन करने की क्षमता है, चाहे आप फ्रेशर हों या वरिष्ठ नागरिक हों, तो आप निवेश कर सकते हैं। अगर आपका लक्ष्य लंबी अवधि के लिए पूंजी बचाना है, तो इस तरह के फंड में आपके लिए एसेट एलोकेशन नहीं हो सकता है। इसलिए यह उन लोगों के लिए एक अच्छी श्रेणी है जो उच्च जोखिम वाले हैं। बाजार में उतार-चढ़ाव हो सकता है जैसा कि हमने दो वर्षों में देखा है, जहां निवेशकों के सब कुछ खोने की संभावना होती है।

## एक नजर

### आज से 10 दिवसीय युद्धाभ्यास शुरू करेंगे भारत-सेशेल्स

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना हिंद महासागर में चीन की बढ़ती आक्रमकता के खिलाफ चिंताओं की साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए सेशेल्स के एक सैन्य अड्डे में द्वीपीय राष्ट्र के सैनिकों के साथ 10 दिवसीय व्यापक युद्धाभ्यास करेगी। भारतीय सेना ने रविवार को कहा कि यह अभ्यास दोनों सेनाओं के बीच कौशल, अनुभव और अनुरूप अभ्यासों के आदान-प्रदान के अलावा द्विपक्षीय सैन्य संबंधों का निर्माण भी करेगा और उन्हें प्रोत्साहन देगा। सेशेल्स हिंद महासागर क्षेत्र में लगभग 115 द्वीपों का एक रणनीतिक रूप से स्थित द्वीपसमूह है और भारत देश के साथ रक्षा सहयोग को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

### गोवा में ट्रक घाटी में गिरा, एक की मौत, पांच बच्चों समेत 13 जख्मी

**पणजी।** दक्षिण गोवा जिले में एक ट्रक घाटी में गिर गया। घटनामें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच बच्चों समेत 13 लोग जख्मी हुए हैं। वहां से गुजर रहे मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी पीड़ितों की मदद की। सावंत और समाज कल्याण मंत्री सुभाष पी. देसाई चुनाव प्रचार के बाद इसी मार्ग से गुजर रहे थे और उन्होंने अपनी कारों से उतरकर पीड़ितों की मदद की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चालक का ट्रक से नियंत्रण खो गया और वह घाटी जा गिरा। घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 13 अन्य गंभीर रूप से जख्मी है। घायलों को गोवा मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है।

### अमेरिका-ब्रिटेन ने यमन के बंदरगाह पर किए हवाई हमले

**सना।** यमन के बंदरगाह शहर होदेइदाह पर अमेरिका और ब्रिटेन ने शनिवार देर रात चार हवाई हमले किए। हूती नियंत्रित मीडिया ने बताया है कि, हमलों में शहर के दक्षिणी जिले दुरयहीमी को निशाना बनाया गया। हमलों में हताहत और क्षति की कोई सूचना नहीं है। बता दें, अमेरिका-ब्रिटेन इससे पहले भी कई बार कार्रवाई कर चुका है। हूति विद्रोही लाल सागर में लगातार मालवाहक जहाजों पर हमला कर कर रहे हैं। भारतीय नौसेना भी नजर रखे हुए है, कई हमलों को विफल भी किया है। अमेरिका और ब्रिटेन ने जनवरी के मध्य से यमन में हूती ठिकानों के खिलाफ जवाबी हवाई और मिसाइल हमले किए हैं।

### अफगानिस्तान: बस और तेल टैंकर के बीच टक्कर, 21 की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के हेरात-कंधार राजमार्ग पर रविवार सुबह बस और तेल टैंकर के बीच जोरदार टक्कर हुई, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 38 से अधिक लोग घायल हैं। हादसे घायल लोगों में से 11 की हालत गंभीर बताई जा रही है। हेलमंद प्रांत के सूचना और संस्कृति निदेशालय ने कहा कि यह घटना रविवार सुबह हेलमंद प्रांत के ग्रिश्क जिले के यखचल में हुई। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, यह दुर्घटना एक बस के मोटरसाइकिल से टकराने और फिर तेल से भरे टैंकर से टक्कर के कारण हुई, जिसके बाद दोनों वाहनों में आग लग गई।

# पुतिन का पांचवीं बार राष्ट्रपति बनना तय, युद्ध के बीच संपन्न हुआ मतदान

## तीन नेताओं ने दी राष्ट्रपति को चुनौती, यूक्रेन युद्ध समेत कई मुद्दों के समर्थक

मॉस्को, एजेंसी

रूस में शुक्रवार से शुरू हुए राष्ट्रपति चुनाव रविवार को थम गया। पहली बार रूस में राष्ट्रपति के लिए 3 दिनों तक मतदान हुआ है। साथ ही, यह पहला राष्ट्रपति चुनाव है, जिसमें डिजिटल वोटिंग हुई है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद हो रहे पहले राष्ट्रपति चुनाव में मौजूदा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का पांचवीं बार राष्ट्रपति बनना तय हो गया है, क्योंकि उनके सामने उतरे तीनों प्रत्याशी उन्हीं के समर्थक हैं। वे यूक्रेन युद्ध सहित सभी मुद्दों पर पुतिन के साथ हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति पुतिन 6 साल तक यानी 2030 राष्ट्रपति के पद पर रहेंगे। पुतिन और उनके विरोधी दोनों के लिए यह चुनाव रेफरेंडम (जनमत संग्रह) जैसा है। लेकिन, यह विपक्ष रहित चुनाव है, क्योंकि पुतिन या यूक्रेन युद्ध का विरोध करने वाले किसी प्रत्याशी को चुनाव ही नहीं लड़ने दिया गया। पिछले 20 साल में पुतिन का विरोध करने वाले 16 नेताओं की हत्या हो चुकी है। दो बड़े विपक्षी नेताओं इल्या याशिन 8 साल और व्लादिमीर काजा मुर्जा को 25 साल की जेल की सजा हुई है। कई विरोधियों को रूस से भागना पड़ा है। 2018 के चुनाव के बाद रूस में विपक्ष का दमन जारी है। 2018 में पुतिन के खिलाफ एलेक्सी नवेलनी ने चुनाव लड़ने की कोशिश की थी लेकिन उनका दावा खारिज कर दिया गया। 16 फरवरी को आर्कटिक जेल में उनकी मौत हो गई। करीब सवा लाख रूसियों को राजनीतिक दमन का सामना करना पड़ा है।

### पुतिन के सामने पहले चुनाव में 14 प्रत्याशी थे



रूस में राष्ट्रपति की रेस में पुतिन सहित 4 प्रत्याशी हैं। अन्य तीनों प्रत्याशी पुतिन समर्थक हैं और यूक्रेन मुद्दे पर भी पुतिन के साथ हैं। वर्ष 2000 में जब पुतिन ने पहला चुनाव लड़ा, तो सामने 14 प्रत्याशी थे। अब पुतिन की ताकत बढ़ने के साथ-साथ प्रत्याशियों की संख्या 3 पर आ गई। बता दें, पुतिन रूसी खुफिया एजेंसी केजीबी के पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। 1999 में रूस के पूर्व राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने पुतिन को कार्यकारी राष्ट्रपति बनाया था। एक सर्वे के मुताबिक, पुतिन को 75 फीसदी वोट मिल सकते हैं। बता दें, पुतिन रिकॉर्ड जीत चाहते हैं ताकि कह सके कि यूक्रेन पर पूरा रूस उनके साथ है। विश्लेषकों का कहना है कि पुतिन चाहते हैं कि 70 फीसदी वोटिंग हो और 80 फीसदी वोटों के साथ उनकी रिकॉर्ड जीत हो। पहले चरण में किसी प्रत्याशी को 50 फीसदी वोट न मिले, तो दूसरे चरण की वोटिंग का नियम है।

### बड़े पदों पर आसीन नेताओं ने दी पुतिन को चुनौती

लियोनिड स्लट्स्की रूस की प्रमुख राजनीतिक पार्टी लिबल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ रूस यानी एलडीपीआर के शीर्ष नेता हैं। वह साल 2022 से पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं और स्टेट ड्यूमा कमेटी के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के चेयरमैन हैं। दूसरे व्लादिस्लाव दावनकोव रूस की न्यू पीपल पार्टी के नेता हैं और रूस की स्टेट ड्यूमा में साल 2021 से उपाध्यक्ष हैं। वहीं रूसी कम्युनिस्ट नेता निकोलाई खारितोनोव भी स्टेट ड्यूमा के सदस्य हैं और 1994 से ड्यूमा का हिस्सा हैं। निकोलाई आर्कटिक क्षेत्र के विकास के लिए बनी समिति के अध्यक्ष हैं।

## जनादेश चुराने वालों के खिलाफ हो देशद्रोह की कार्रवाई



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने फरवरी में हुए आम चुनाव में कथित तौर पर जनादेश चुराने वाले अधिकारियों के खिलाफ देशद्रोह की कार्यवाही शुरू करने की मांग की है।

खान की यह टिप्पणी तब आई जब उन्होंने शनिवार को अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के बाद पत्रकारों से बात की। इस मामले में इमरान के अलावा उनकी पत्नी बुशरा बीबी, सहयोगी फराह गोगी और दिग्गज कारोबारी मलिक रियाज भी शामिल है। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लगे थे। इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित 90 से अधिक स्वतंत्र उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली में अधिकतम सीट जीती थीं, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री नवाज के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन और भुट्टो के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने चुनाव के बाद समझौता किया और देश में गठबंधन की सरकार बनाई।

# सीएए का विरोध करने वालों को भारतीय इतिहास की समझ नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

● जयशंकर ने अमेरिका समेत पश्चिमी देशों की आलोचना पर की टिप्पणी



अमेरिका और दुनिया के अन्य हिस्सों से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) की आलोचना करने वालों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि इसे विभाजन के संदर्भ में रखना महत्वपूर्ण है। साथ ही रेखांकित किया कि ऐसे 'कई उदाहरण' हैं जिनमें कई देशों के पास फास्ट-ट्रैक नागरिकता है।

शनिवार देर रात कार्यक्रम में जयशंकर ने अमेरिकी धरती पर एक खालिस्तानी अलगाववादी को मारने की साजिश रचने के आरोपों का सामना कर रहे एक भारतीय नागरिक और एक दिन पहले अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी की टिप्पणियों पर सवालों के जवाब दिए। जयशंकर ने कहा 'आप भारत और कनाडा का कई उदाहरण दे रहे है, अमेरिकी राजनीति ने हिंसक चरमपंथी विचारों और गतिविधियों को उस तरह की जगह नहीं दी है जो कनाडा ने दी है। इसलिए, मुझे नहीं लगता कि इन्हें एक साथ रखना अमेरिका के लिए उचित है। जयशंकर ने कहा कि मैं दोनों के बीच अंतर करूंगा। जयशंकर ने वाशिंगटन और दुनिया के अन्य हिस्सों से सीएए को लेकर हो रही आलोचनाओं का भी जवाब दिया। दरअसल, अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि वह भारत में सीएए की अधिसूचना को लेकर चिंतित है और इसके कार्यान्वयन पर करीब से नजर रख रहा है। इस पर जयशंकर ने जवाब दिया कि 'मैं उनके लोकतंत्र या उनके सिद्धांतों की खामियों पर सवाल नहीं उठा रहा हूं।

मैं हमारे इतिहास के बारे में उनकी समझ पर सवाल उठा रहा हूं। यदि आप दुनिया के कई हिस्सों से टिप्पणियां सुनते हैं, तो ऐसा लगता है जैसे भारत का विभाजन कभी नहीं हुआ था, कोई परिणामी समस्याएं नहीं थीं जिन्हें सीएए को संबोधित करना चाहिए।

## ब्रिटेन में भाजपा के समर्थन में कार रैली का आयोजन

**लंदन।** ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूके ने लंदन में एक कार रैली का आयोजन किया। कार रैली का आयोजन भारत में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को समर्थन देने के लिए किया गया है।

हैरो सांसद और पद्मश्री विजेता बॉब ब्लैकमैन ने कहा-भारतीय चुनाव दुनिया में लोकतंत्र की सबसे बड़ी कवायद है। भारत में जब से भाजपा ने सत्ता संभाली है, तब में भारत और ब्रिटेन के बीच दोस्ती और मजबूत हुई है। भाजपा सरकार के कारण भारत एक बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में सामने है। हम यूके और भारत के बीच एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं।

### यातायात ठप...



**शिमला:** हिमाचल प्रदेश में हाल के दिनों में हुई बर्फबारी और बारिश के कारण पांच राष्ट्रीय राजमार्गों सहित कुल 259 सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गई हैं। स्थानीय मौसम कार्यालय ने राज्य को प्रभावित करने वाले नए पश्चिमी विक्षोभ की चेतावनी जारी की है। पश्चिमी विक्षोभ के आज से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की आशंका है, जबकि ऐसा ही एक और विक्षोभ बुधवार की रात से इस क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है।

# पुणे: एनआईए की कार्रवाई, आतंकियों से जुड़ी संपत्तियों को किया कुर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

● आईएसआईएस मॉड्यूल मामला: संपत्तियों का आतंकी मकसद के लिए किया जा रहा था इस्तेमाल

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पुणे में आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में बड़ी कार्रवाई की है। एनआईए ने पुणे में आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में 11 आतंकियों की चार अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। एनआईए ने रविवार को कहा कि कोंढवा पुणे (महाराष्ट्र) में कुर्क की गई संपत्तियां तीन भगोड़ों सहित 11 आतंकियों से जुड़ी हुई हैं। एनआईए ने बताया कि इन संपत्तियों का इस्तेमाल आतंकवादी मकसद के लिए किया जा रहा था।

यह कार्रवाई देश में वैश्विक आतंकवादी संगठनों के नेटवर्क को खत्म करने के लिए की गई है। इन चारों संपत्तियों का इस्तेमाल आईईडी बनाने, इसके प्रशिक्षण और आतंकवादी कृत्यों की योजना बनाने के लिए किया जा रहा था। बता दें कि एनआईए इस मामले में पहले ही सभी 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 25 के तहत कुर्क की गई संपत्तियां आवासीय घर और फ्लैट हैं। ये संपत्तियां आरोपी मोहम्मद इमरान खान, मोहम्मद यूनुस साकी, मोहम्मद शाहनवाज आलम, मोहम्मद रिजवान अली, कादिर दस्तगीर पठान, सिमाब काजी, जुल्फिकार अली बड़ौदावाला, अब्दुल्ला फैयाज शेख, तल्हा लियाकत खान, शमिल नाचन और आकिफ नाचन के नाम पर थी। यह मामला महाराष्ट्र, गुजरात और भारत के अन्य हिस्सों में विभिन्न स्थानों पर आईईडी फैब्रिकेशन ट्रेनिंग वर्कशॉप के माध्यम से आतंकवादी फैलाने की साजिश से जुड़ा है।

## श्रीलंकाई नौसेना ने 21 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने अपने देश की समुद्री सीमा में मछली पकड़ रहे 21 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया। मछुआरों को शनिवार को जाफना के पास से गिरफ्तार करने के बाद कांकेसनथुरै बंदरगाह ले जाया गया। नौसेना ने उनकी दो नौका भी जब्त कर ली है।

इससे पहले श्रीलंकाई नौसेना ने शुक्रवार को 15 भारतीय मछुआरों को उत्तरी जाफना प्रायद्वीप में कारैनगर तट के पास हिरासत में लिया था। इस वर्ष अभी तक लगभग 146 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार किए जा चुके हैं। 2023 में श्रीलंकाई नौसेना ने 240 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और उनकी 35 नौका जब्त कर ली।

# अगर मैं राष्ट्रपति पद के लिए नहीं चुना गया तो होगा खून-खराबा

वाशिंगटन, एजेंसी

● अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव: ट्रंप ने रैली में दी खुली चेतावनी



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगर इस साल के आखिर में होने वाले चुनावों में वह नहीं चुने जाते हैं तो देश में 'खून-खराबा' होगा। एक रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, 'अगर अब मैं चुना नहीं जाता तो यहां खूनखराबा होगा। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप के इस बयान का क्या आशय है।

दरअसल, जिस समय उन्होंने यह चेतावनी दी उस समय वह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति वाहन उद्योग के बारे में शिकायत कर रहे थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर वह फिर से चुने जाते हैं तो चीन अमेरिका में आयातित किसी भी वाहन को बेचने में सक्षम नहीं होगा। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए नवंबर में चुनाव होने हैं।

### खून-खराबा वाले बयान पर भड़की बाइडन की पार्टी

डोनाल्ड ट्रंप के खून-खराबा वाले बयान पर अब राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रचार अभियान के प्रवक्ता ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि ट्रंप छह जनवरी की घटना फिर दोहराना चाहते हैं। साल 2021 में जब डोनाल्ड ट्रंप चुनाव में हार गए थे, तब लोगों की भीड़ छह जनवरी 2021 में कैपिटल हिल (अमेरिकी संसद परिसर) में जबरन घुस आई थी। इस पूरी घटना में कम से कम 100 पुलिस कर्मी घायल हुए थे। साथ ही दंगे के दौरान और दंगे के बाद कम से कम नौ लोगों की मौत हुई थी।

शोध | अमेरिका के ड्यूक विवि ने किया अध्ययन, पड़ोस का माहौल ठीक नहीं है तो डिमेंशिया बढ़ने की आशंका

# पड़ोसी की वजह से दिमाग उम्र से 3 साल हो जाता है बूढ़ा

वाशिंगटन, एजेंसी

आपकी जिंदगी पर दोस्तों और पड़ोसियों का गहरा असर होता है। यही नहीं आप जिस जगह रहते हैं, वहां के हालात से तय होता है कि आपकी याद्दाश्त कैसी होगी। अमेरिका के ड्यूक विश्वविद्यालय में हुई शोध के मुताबिक, अगर आपके पड़ोसी अच्छे नहीं हैं तो आपका दिमाग 3 साल जल्दी बूढ़ा हो जाएगा।

यह शोध करने वाले ड्यूक विश्वविद्यालय के शोधकर्ता कहते हैं- अगर पड़ोस का माहौल ठीक नहीं है तो डिमेंशिया-सिजोफ्रेनिया जैसी चीजों को भूलने की बीमारी होने की आशंका 43 फीसदी तक बढ़ जाती है। दरअसल 45 साल की उम्र से ही उनका दिमाग पड़ोस के खराब माहौल के दबाव को झेलने की क्षमता खोने लगता है। ऐसे इलाकों में रहने वाले लोगों के दिमाग में नर्व पूरी सूचना नहीं पहुंचा पाता।

क्लिनिकल न्यूरोसाइकोलॉजिस्ट डॉक्टर आरोन रियूबेन कहते हैं- डिमेंशिया से बचने की तैयारी डायग्नोज होने से 20 साल पहले करने की जरूरत है। इसकी वजह यह है कि डिमेंशिया की शुरुआत तभी हो चुकी होती है। डायग्नोज बाद में होता है।

पिछड़े इलाकों में सबसे ज्यादा मरीज होते हैं। रोजाना कुछ देर की एक्सरसाइज से आप बॉडी के साथ माइंड को भी फिट एंड फाइन रख सकते हैं। एक्सरसाइज से ब्रेन में हैप्पी हॉर्मोन्स रिलीज होते हैं, जो आपको स्ट्रेस फ्री रखने में मदद करते हैं। इससे अल्जाइमर, डिमेंशिया का खतरा काफी हद तक कम होता है। ये इसलिए जरूरी है क्योंकि इससे मोटापा, हार्ट प्रॉब्लम्स और कैंसर की खतरा बढ़ जाता है और ये दिमाग और तंत्रिका तंत्र को भी प्रभावित करते हैं। जिससे बढ़ती उम्र के साथ डिमेंशिया हो सकता है। गौरतलब है कि, इस सर्वे को करने वाले क्लिनिकल न्यूरोसाइकोलॉजिस्ट डॉक्टर आरोन रियूबन कहते हैं- अगर पड़ोस का माहौल खराब है, तो सिजोफ्रेनिया-डिमेंशिया जैसी बीमारियों के होने की संभावना 43% तक बढ़ जाती है। ऐसा टॉक्सिक एन्वॉयरमेंट 45 साल की उम्र से ही आपके दिमाग को प्रभावित करने लगता है।

### दैनिक जीवन में करें ये जरूरी बदलाव

लगातार बढ़ता वजन और मोटापा ब्लड प्रेशर से लेकर टाइप-2 डायबिटीज का खतरा बढ़ा सकता है। ये दोनों ही डिमेंशिया से कनेक्टेड हैं, तो इससे बचे रहने के लिए बैलेंस डाइट लेना जरूरी है। डाइट में ताजे फल, सब्जियों, मेवों, बीज, दालें और साबुत अनाज को खासतौर से शामिल करें। इसके साथ ही जंक, प्रोसेस्ड और डिब्बाबंद फूड आइटम्स अवॉयड करें।



# ब्रिटेन में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या दोगुनी

लंदन, एजेंसी

● ब्रिटिश सरकार की रिपोर्ट में खुलासा, फरवरी तक दो हजार घुसपैठ की कर चुके हैं कोशिश

ब्रिटेन में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या दोगुनी हो गई है। ब्रिटिश सरकार की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में शरण मंगाने वाले भारतीयों की संख्या 5 हजार से ज्यादा हो गई है, जो 2022 में 2,612 थी। इसी तरह ब्रिटेन में इंग्लिश चैनल को पार कर अवैध रूप से प्रवेश करने वाले भारतीयों की संख्या भी एक साल के दौरान बढ़ गई।

2022 में 748 भारतीयों ने जान जोखिम में डालकर इंग्लिश चैनल को पार करने का खतरा उठाया था, जबकि 2023 में से संख्या 1192 हो गई। मालूम हो, 2023 में अमेरिका में अवैध रूप से घुसने वाले भारतीयों की संख्या भी रिकॉर्ड एक लाख को पार कर गई, जबकि 2022 में 65 हजार भारतीय ही अवैध रूप से अमेरिका में घुसे थे। ब्रिटेन में 2023 में अवैध रूप से घुसने वाले 1192 भारतीयों में से 60 फीसदी युवा हैं। ये 18-29 की आयु वर्ग के हैं। ये डावर, प्लेमाउथ से घुसने की कोशिश करते हैं। सबसे ज्यादा 5 हजार अफगान लोगों ने घुसपैठ की।

इस साल फरवरी तक कई देशों के लगभग दो हजार लोग घुसपैठ की कोशिश कर चुके हैं। 2023 में ब्रिटेन में शरण मांगने वाले 5 हजार से ज्यादा भारतीयों में से 140 की अर्जियों पर ही प्रारंभिक चरण पर विचार किया गया। ब्रिटेन में शरण मांगने के लिए 5 साल में तीन बार अर्जियां लगाई जा सकती हैं।